e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 345
बुधवार
20.12.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
निर्णय लेने से पहले सोचो, समझो और सवाल करो, लेकिन एक बार फैसला ले लिया, तो फिर हर हाल में उस पर डटे रहो।

ताजा खबरों के लिए देखें

## सुरक्षा में सेंध मामले पर संसद में जोरदार हंगामा, झारखंड विधानसभा में भी रोजगार के मुद्दे पर हुआ भारी शोरगुल

# अब तक 141 सांसद निलंबित

**नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला, कांग्रेस नेता शशि थरूर और कार्ति चिदंबरम, एनसीपी की सुप्रिया सुले और समाजवादी पार्टी की डिंपल यादव उन सांसदों में शामिल हैं,**

**49** और सांसदों को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही में बाधा डालने के चलते निलंबित कर दिया

सांसदों की निलंबन के मामले में अब तक की सबसे अधिक है संख्या

**141** सांसदों की कुल संख्या हो गई निलंबित होने वालों में

एजेंसी

**नई दिल्ली** : विपक्षी सांसदों के निलंबन की कड़ी में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही में बाधा डालने के चलते 49 और सांसदों को निलंबित कर दिया.इससे इस सत्र में निलंबित सांसदों की कुल संख्या 141 हो गई, जो निलंबन के मामले में अब तक की सबसे अधिक संख्या है.

नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला, कांग्रेस नेता शशि थरूर और कार्ति चिदंबरम, एनसीपी की सुप्रिया सुले और समाजवादी पार्टी की डिंपल यादव उन सांसदों में शामिल हैं, जिन्हें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कार्यवाही बाधित करने के लिए निलंबित कर दिया. पिछले हफ्ते लोकसभा में बड़े पैमाने पर सुरक्षा में चूक को लेकर विपक्षी सांसद संसद के दोनों सदनों में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. वे मांग कर रहे हैं कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सुरक्षा विफलता पर संसद को संबोधित करें.लोकसभा अध्यक्ष ने कहा है कि सदन में सुरक्षा संबंधी कोई भी घटना सचिवालय के दायरे में आती है और वह केंद्र को हस्तक्षेप नहीं करने देंगे.

### बेदाग होने की कोशिश में है भाजपा : जयराम रमेश

कांग्रेस नेता जयराम नरेश ने सांसदों को संसद से निलंबित किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, लोकसभा से कम से कम 50 और भारतीय सांसदों को निलंबित कर दिया गया। पूर्ण सफाया किया जा रहा है ताकि कठोर विधेयकों को बिना किसी सार्थक बहस के पारित किया जा सके। ताकि 13 दिसंबर को लोकसभा में दो घुसपैठियों के प्रवेश की सुविधा प्रदान करने वाले बीजेपी सांसद बेदाग हो जाएं। नई संसद नमोक्रेसी को उसके सभी अत्याचारों में दर्शाती है। अखिलेश यादव ने कहा,यह सरकार सही बात सुनना नहीं चाहती है. भाजपा से यह पूछना चाहिए कि वे लोकतंत्र का मंदिर बोलते हैं. ये किस मूंह से इसे लोकतंत्र का मंदिर कहते हैं, जब ये विपक्ष को बाहर कर रहे हैं.

### दुखी करने वाला है विपक्ष का व्यवहार : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली:** संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा से सांसदों के निलंबन के बाद भाजपा के संसदीय दल की मंगलवार को बैठक हुई। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने सांसदों को संबोधित किया। उन्होंने संसद की सुरक्षा में सेंध की घटना पर विपक्षी पार्टियों को घेरते हुए कहा, कुछ पार्टियां संसद में हुई घुसपैठ का समर्थन कर रही थीं। यह सेंध लगने जितनी ही खतरनाक बात है। पीएम ने कहा कि जो भी लोग लोकतंत्र पर भरोसा करते हैं, उन्हें इस सुरक्षा में सेंध की साझा तौर पर आलोचना करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि विपक्ष की आलोचना का जवाब मर्यादा में दें. विपक्ष का व्यवहार दुखी करने वाला है.



## भाजपा के 3 विधायक निलंबित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : मंगलवार को झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन सदन की कार्यवाही शुरू होते ही हंगामे की वजह से 12=30 बजे तक स्थगित कर दी गई थी। स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही दोबारा से शुरू होते ही नौकरी के मुद्दे को लेकर विपक्ष के दो विधायक विधानसभा वेल मे आकर नारेबाजी करने लगे। इससे नाराज होकर वेल में नारेबाजी कर रहे तीन विधायकों को विधानसभा स्पीकर रबिन्द्र नाथ महतो ने निलंबित कर दिया। निलंबित होने वाले विधायकों में भानुप्रताप शाही, बिरंची नारायण और जय प्रकाश भाई पटेल का नाम शामिल है। विधायकों के निलंबन के बाद भाजपा के विधायक नारे लगाने लगे और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के प्रतिमा के पास आकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी के नेतृत्व में सदन का बहिष्कार करते हुए सभी बाहर चले गए। बार-बार आग्रह के बावजूद हंगामा नहीं थमता देख स्पीकर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि कल से देख रहे हैं। आप लोग बार बार वेल में आ जा रहे हैं। ये क्या तरीका है। मार्शल को निर्देशित करते हुए स्पीकर रबिन्द्रनाथ महतो ने कहा कि बाहर निकालिए। इन्हें हर बात पर वेल में आ जाना है। जिसके बाद मार्शल द्वारा विरंची नारायण,भानुप्रताप शाही को मार्शल द्वारा बाहर कर दिया गया। विधायकों के निलंबन के बाद नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि थोड़ी देर पहले ही प्रदीप यादव सरकार और आसन को लोकतांत्रिक बता रहे थे और अब पारा शिक्षक, पंचायत स्वयंसेवकों और संविदाकर्मियों की बात करने पर निलंबन किया जा रहा है।



**विधानसभा में 8111.77 करोड़ का अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित:** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को ध्वनिमत से 8111.77 करोड़ का द्वितीय अनुपूरक बजट पारित हो गया। हालांकि, इस दौरान भाजपा विधायक सदन में अनुपस्थित थे। अनुपूरक बजट की जरूरतों को वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने सदन में रखा। उन्होंने कहा कि लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए इसकी अनिवार्यता है। अभी झारखंड उन राज्यों में है जिसने राजकोषीय घाटा कम करने में सफलता हासिल की है। सरकार हर बेघर को आवास देने को अबुआ आवास स्कीम लेकर आयी है। बच्चियों के लिए सावित्री बाई फुले योजना उपयोगी साबित हो रही है। महिलाओं, लड़कियों की सामाजिक स्थिति से भी किसी समाज की पहचान होती है। रामेश्वर उरांव ने सदन को आश्वस्त करते कहा कि द्वितीय अनुपूरक बजट से राज्य की वित्तीय स्थिति पर कोई प्रतिकूल असर नहीं पड़ेगा।

## क्विक न्यूज

### चीन में भूकंप से 111 लोगों की मौत

**बीजिंग** : चीन का सरकारी मीडिया शिन्हुआ ने बताया कि सोमवार देर शाम देश के गांसु प्रांत में आए 6.2 तीव्रता के भूकंप के बाद भारी तबाही हुई. कम से कम 111 लोगों की मौत हो गई जबकि 200 से अधिक लोग घायल हो गए हैं. स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, भूकंप उत्तर पश्चिमी चीन के गांसु प्रांत के जिशिशान काउंटी में आया. अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप लिनक्सिया चेंगगुआनजेन, गांसु से 37 किमी और लान्झू, गांसु से लगभग 100 किमी दूर आया. भूकंप की गहराई 10 किमी बताई गई. नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में रिक्टर स्केल पर 4.7 तीव्रता का एक और भूकंप चीन के शिनजियांग में आया. अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है.

### कांग्रेस ने बनाई नेशनल अलायंस कमेटी

**नई दिल्ली** : इंडिया गठबंधन की बैठक से ठीक पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जु खरगे ने राष्ट्रीय गठबंधन समिति गठित की है. इसमें पांच वरिष्ठ नेताओं को शामिल किया गया है. इस कमेटी में राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल, सलमान खुर्शीद, मुकुल वासनिक और मोहन प्रकाश को शामिल किया गया है. मुकुल वासनिक को कमेटी का संयोजक बनाया गया है.

### 5 बार पलटते हुए तालाब में जा गिरी कार, 2 की मौत

**लखनऊ** : उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में लखनऊ-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर कस्बा रानी बाजार के निकट एक कार अनियंत्रित होकर तालाब में गिर गई, जिससे मां-बेटे की मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश नारायण ने बताया कि रामनगर थानाक्षेत्र के चंदनापुर गांव के निवासी पप्पू अपने परिवार के साथ रानी बाजार से एक गृह प्रवेश कार्यक्रम से वापस लौट रहे थे। रानी बाजार के निकट गन्ने से लदे एक ट्रक से बचाने के प्रयास में उनकी गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर झिर्री तालाब में जा गिरी। गाड़ी में एक ही परिवार के आठ लोग सवार थे।

### सीबीआई ने घूसखोरी के मामलें में डाक विभाग के एक कर्मी को किया गिरफ्तार

**मेदिनीनगर** : सीबीआई ने डाकघर अधीक्षक कार्यालय डालटनगंज में कार्यरत एक डाक सहायक को शिकायतकर्ता से 15,000 की रिश्वत मांगने एवं स्वीकार करने पर गिरफ्तार किया। एक शिकायत के आधार पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया। यह आरोप है कि ग्रामीण डाक सेवा के तहत शाखा पोस्ट मास्टर के पद हेतु सत्यापन फॉर्म भरने एवं ज्वाइनिंग लेटर जारी करने के लिए आरोपी रिश्वत की मांग कर रहा था। सीबीआई ने जाल बिछाया एवं आरोपी को शिकायतकर्ता से 15,000 रिश्वत की मांग करने एवं स्वीकार करने के दौरान रंगे हाथों पकड़ा।

### मिचेल स्टार्क को 24.75 करोड़ रुपये में कोलकाता नाइट राइडर्स ने खरीदा

**दुबई** : आईपीएल 2024 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी दुबई में हुई। इस नीलामी में सभी 10 टीमों के पास कुल 262.95 करोड़ रुपये थे और इस पर्स से अधिकतम 77 खिलाड़ी खरीदे जा सकते थे। अब तक मिचेल स्टार्क सबसे महंगे खिलाड़ी रहे हैं। उन्हें 24.75 करोड़ रुपये में कोलकाता नाइट राइडर्स ने खरीदा। वहीं, पैट कमिंस को 20.50 करोड़ में सनराइजर्स हैदराबाद ने खरीदा।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 22° |
| न्युनतम | 10° |

**सीएम ने गुमला में किया 467 करोड़ रुपए की योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास**

# हर हाल में जरूरतमंदों को देंगे आवास : हेमंत




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : राज्यवासियों को सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिए,यहां के लोगों को प्रखण्ड कार्यालय और जिला मुख्यालय नहीं बुलाएगी बल्कि आपकी सरकार खुद आपके द्वार आकर आपकी समस्याओं का समाधान करेगी। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए हमारी सरकार तीसरी बार चरण का आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन गांव और पंचायत में कर रही है। ये बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहीं। मुख्यमंत्री गुमला के कसीरा पंचायत में आयोजित आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा इस तरह के उत्सव और त्यौहार रूपी शिविर का आयोजन होता रहेगा। गांव को मजबूत किए बिना राज्य को सशक्त नहीं कर सकते। यही वजह है कि आपकी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देगी। इसके लिए हम सब को अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने पात्र वंचित गरीबों के आवास को स्वीकृति नहीं दी। परंतु आपकी सरकार राज्य के जरूरतमंद आठ लाख लोगों को आवास उपलब्ध कराएगी। हर गरीब का अपना आवास होगा। सरकार ने अबुआ आवास योजना के तहत 8 लाख गरीबों का अपना घर होने के सपने को पूरा करेगी।

**छात्र-छात्राओं और युवाओं को बेहतर शिक्षा हो रहा उपलब्ध:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में छात्र-छात्राओं और युवाओं को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। बेटियों की पढ़ाई नहीं छूटे, इसके लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत आर्थिक सहयोग किया जा रहा है।

**पूर्वजों की लड़ाई व्यर्थ नहीं जाने दें:** मुख्यमंत्री ने हड़िया, शराब निर्माण और बिक्री कार्य से जुड़ी महिलाओं से आग्रह करते हुए कहा कि ऐसे कार्य से जुड़ी महिलाएं अपने सर पर योजना की गठरी रखे। सरकार फूलो झानो आशीर्वाद योजना के तहत 50 हजार रुपए इस कार्य से जुड़ी महिलाओं को उपलब्ध करा रही है ताकि ये भी सम्मानजनक आजीविका से जुड़ सकें।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति:** इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बादल पत्रलेख, गुमला विधायक भूषण तिर्की, सिसई विधायक जिगा सुसारण होरो, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, पुलिस उप महानिरीक्षक,उपायुक्त गुमला,आरक्षी अधीक्षक गुमला, जिला के पदाधिकारीगण एवं हजारों की संख्या में ग्रामीण और लाभुक उपस्थित थे।

## पुलिस मुठभेड़ में शामिल जेजेएमपी उग्रवादी एके 47 के साथ गिरफ्तार

कमलेश सिन्हा @ प्रभात मंत्र

**गढ़वा** : रंका थाना क्षेत्र के ढेंगुरा के निकट सुअरमरवा जंगल में रविवार कीटी रात पुलिस के साथ मुठभेड़ में शामिल रहे जेजेएमपी के नक्सली शिवपूजन मुंडा उर्फ शिवपूजन भुइंहर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

वह रमकंडा थाना क्षेत्र के होमियां गांव का रहनेवाला है। उसकी निशानदेही पर एके 47 रायफल, चार मैगजीन समेत कई सामान बरामद किया गया है। उक्त जानकारी पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार लकड़ा ने गढ़वा पुलिस केंद्र के रक्षित कार्यालय में मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। मौके पर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय भी उपस्थित थे। पुलिस महानिरीक्षक श्री लकड़ा ने कहा कि विगत दो माह से नक्सली संगठन जेजेएमपी के टुनेश उरांव का दस्ता रमकंडा, रंका, चिनियां व भंडरिया थाना क्षेत्र में सक्रिय होकर विकास कार्यों में लेवी वसूलने के लिए संवेदकों व आम जनता को आतंकित कर रहा था। नक्सली दस्ता द्वारा रंका थाना क्षेत्र के खुथवा मोड़ में एलएनटी कंपनी के पानी टंकी निर्माण कार्य में लेवी वसूलने के लिए 15 दिसंबर की रात में सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट किया था। इसे लेकर रंका थाना में मामला दर्ज किया गया है।

जबकि 17 दिसंबर को पुलिस ने ढेंगुरा के सुअरमरवा जंगल में टुनेश उरांव के दस्ता के साथ लेवी वसूलने के लिए विध्वंसक कार्रवाई की योजना बनाने की सूचना मिली थी। तब रंका, रमकंडा एवं चिनियां थाना पुलिस ने छापेमारी अभियान शुरु किया। इस दौरान सुअरमरवा जंगल के समीप टुनेश उरांव के दस्ता व पुलिस में मुठभेड़ हुई थी। इसमें रंका के थाना प्रभारी घायल हुए हैं।

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद
अब हृदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है
78083 68888 www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130



## संक्षिप्त खबरें

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का दिखने लगा असर

**मेदिनीनगर :** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के सभी पंचयातों,नगर पंचायत व नगर निगम क्षेत्र में शिविर लगाकर विभिन्न योजनाओं से जुड़े लोगों के आवेदन लिए जा रहे हैं.वहीं कई लोगों का शिविर में ही ऑन स्पॉट पेंशन सहित कई कार्य निपटाये जा रहें है. किसी का आधार तो किसी को कंबल वितरण किया जा रहा है जिसे देख कर ये कहा जा सकता है कि लोगों का काम उनके घर पर ही किया जा रहा है.मंगलवार को छतरपुर नगर पंचायत के वार्ड 14 में शिविर का आयोजन किया गया था.इसी शिविर में वकील राम अपनी पत्नी चांदो देवी संग वृद्धा पेंशन का फॉर्म प्रस्तुत करते हुए कहा कि आज से पहिले न जाने कय बार कहां-कहां दौड़ के फॉर्मवा भर ली लेकिन कहीनो पैसा नहीं आइल.इहो शिविर के बड़ी हाला सुनके इहाँ भी आवेदन देली इहे सोचकर कि ई घर भीर फॉर्म देवेला बा.बड़ी खुशी होईल कि हमीन दुनों बेकत के एक साथे शिविरवा में बइठल-बइठल सीधे पेंशन के कागज मिल गइल यह बहुत खुशी की बात है।

# रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय में किया गया विदाई समारोह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर विभाग के द्वीतिय वर्ष के छात्र छात्राओं के द्वारा विदाई सामारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर नृत्य, संगीत, गायन, जैसे कार्यक्रमों ने एक सुखद परिवेश का निर्माण किया। इस अवसर पर मिस्टर फेयरवेल कुंजन और, मिस फेयरवेल नीतू चौबे के रूप में चुना गया। सामारोह का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डा.ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। विश्वविद्यालय के कुलपति डा.कल्याण कुमार ने कुलाधिपति का स्वागत शॉल ओढ़ाकर किया। कार्यक्रम का संचालन छात्र सागर और डा राजदुलारी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पीजी समन्वयक एवं डीन डा अशोक कुमार का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डा.देवाशीष मंडल ने अपना अमुल्त सहयोग एवं सुझाव छात्र छात्राओं के बीच रखा। आरसीआईटी के प्राचार्य डा.आरके सिन्हा, डीन विज्ञान डा आरके तिवारी, एसोसिएट डीन डा अरिंदम घोष, डा.हरिभूषण, कॉमर्स डीन डा0 रवीन्द्र, केसरी, प्राचार्य डा.अरविंद त्रिपाठी, डा.जनक नंदिनी, डा.स्वाति,डा. रणविजय, प्रोफेसर अजीत महतो, प्रोफेसर अमृता, प्रोफेसर शांति एक्का, प्रो पंकज, प्रो.शालिनी, प्रो विपुल का कृष कार्यक्रम में अमूल्य योगदान रहा। कार्यक्रम में उपस्थित सागर, स्वीधी, संतोष, उर्मिला, निक, अनूप, नीतू, शिल्पा, विश्वविद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रखंड में सुखलदारी जल प्रपात पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है



**बैजनाथ राम@प्रभात मंत्र**

**धुरकी :** प्रखंड मुख्यालय के करीब सात किलो मीटर दूर स्थित दक्षिण दिसा की ओर झारखंड और छत्तीसगढ़ के सीमा पर अवस्थित सुखलदरी जल प्रपात में नए वर्ष में पिकनिक मनाने पर्यटक पहुंचते है जहां पिकनिक मनाने के साथ साथ शुद्ध पर्यावरण तथा मनोरम दृश्य देखने को मिलता है, यह स्थल पर चार राज्यों तक का पर्यटक पहुंच कर पिकनिक के साथ साथ मनोरम दृश्य देखते है तथा सेल्फी तस्वीर लेकर भरपूर आनंद उठाते है विदित हो की सुखलदरी जल प्रपात में करीब 100 फिट ऊपर से नीचे स्थित झरना गिरती है तब वहा का दृश्य देखते ही बनता है सुखलदरी जल प्रपात के पास आस पास काफी क्षेत्र में फैले पत्थर और नदी के रेत को देखते ही पर्यटकों का पिकनिक मनाने के लिए काफी उपयुक्त लगता है नदी के किनारे पत्थर और बालू की रेत से तथा चारो ओर से घिरे पर्यावरण से खूबसूरती बढ़ा देती है सुखलदरी जलप्रपात की सबसे बड़ी खासियत यह है कि करीब 100 फीट ऊपर से झरना की पानी जब नीचे गिरती है तो बिल्कुल सफेद फुहेरा झाझ बनकर ऊपर उड़ती है यहां पिकनिक मनाने के लिए पर्यटक दिसंबर माह से ही आना जाना प्रारंभ हो जाती है हालाकि सैलानियों सालो भर सुखलदरी जल प्रपात मनोरम स्थल पर आनंद लेने पहुंचते है और इस जगह पर पहुंचकर पर्यटक मोबाइल कैमरा में अपनी तस्वीर कैद करने में मशहूर नजर आते है ,सुखलदरी जल प्रपात में मकर संक्रांति के अवसर पर मेला का भी आयोजन किया जाता है जहां पचास हजार से अधिक की संख्या में भीड़ उमड़ती है।

# वार्ड सदस्यों के दूसरे बैच का प्रशिक्षण सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायती राज अधिनियम के तहत पंचायत चुनाव 2022 के संपन्न होने के पश्चात वार्ड सदस्यों के दूसरे बैच का तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण मंगलवार को सम्पन्न हो गया। दूसरे बैच में नरही, कुशदण्ड, चितविश्राम व हुलहुला खुर्द पंचायत के वार्ड सदस्य शामिल हुये। प्रशिक्षण में सभी वार्ड सदस्यों को पंचायती राज अधिनियम के तहत त्रिस्तरीय ग्राम पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला परिषद के गठन एवं उसके कार्य प्रणाली, ग्राम सभा, स्थायी समितियां आदि की जानकारी विस्तृत रूप से दिया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा बताया गया कि प्रशासन की सबसे छोटी इकाई ग्राम पंचायत होता है। ग्राम पंचायत के अंतर्गत ग्राम सभा में वार्ड सदस्य की भूमिका सबसे बड़ी होती है. सभी वार्ड सदस्यों को ग्राम पंचायत के कार्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी होना चाहिये। इसके साथ ही वार्ड सदस्यों को ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण में वार्ड सदस्यों की भूमिका से संबंधित जानकारी दिया गया। संविधान के 73 वें संशोधन के तहत त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था का गठन की जानकारी भी दिया गया.सभी वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षक दिलीप तिवारी तथा दुर्गेश कुमार ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में शारदा पासवान, किशोर कुमार, सलीम अंसारी, फुलझरी देवी, मंजू देवी, लालती देवी, बसंत प्रसाद, मुन्ना मेहता, कविता देवी, छाया सिंह, तेतरी देवी, लालजी राम, शीला देवी, शर्मा राम, मो0इस्लाम, मीना देवी, प्रेमा देवी, सोनी देवी, सरिता देवी, जुरेदा प्रवीण सहित सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

# भूमि का नामांतरण व ऑनलाइन त्रुटि में सुधार की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** नगर पंचायत हुसैनाबाद में शहरी क्षेत्र में लगान रसीद न कटना एवं ग्रामीग क्षेत्र में अंचल कार्यालय हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मदगंज द्वारा रिमोटेशन (नामांतरण) एवं ग्रामीण क्षेत्र का त्रुटिपूर्ण ऑनलाइन पंजी टू को दुरुस्त कर लगान रसीद नहीं कटने से आम लोग परेशान हैं। लोगों ने संबंधित मंत्री समेत उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा है। वहीं किसान मोर्चा अध्यक्ष घुरा प्रसाद पाल ने कहा कि वर्षो से नगर पंचायतं हुसैनाबाद में रसीद नहीं काटा जा रहा है। तथा ग्रामीण क्षेत्र की भूमि का मोटेशन व रिमोटेशन नहीं हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्र की भूमि का राजस्व रसीद कटवाने के लिए राजस्व कर्मचारियों को चढ़ावा चढ़ाना पद रहा है। इससे एक तरफ आम लोग परेशान हैं, वहीं सरकार को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। जिले में बैठे अधिकारियों पर शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं होती है। ग्रामीण क्षेत्रों के रजिस्टर टू का ऑनलाइन इंट्री पूरी तरह त्रुटिपूर्ण है। इसकी वजह गांव में आय दिन मार पीट की घटनाएं हो रही है। भूमि के नामांतरण के लिए लोग सालों से अंचल कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। हलकों के राजस्व कर्मचारियों का मनमाना रवैया इतना बढ़ गया है की बिना सेवा सत्कार वह बात भी नहीं करना चाहते। वर्तमान में हुसैनाबाद अंचलाधिकारी कहते है कि बण्डा पर्चा लेकर आओ तब रिमोटेशन करेगें। आम जनता को बेवजह परेशान किया जा रहा है।

# बुथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने पर ध्यान दे कार्यकर्ता : संजय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड के संत जेवियर स्कूल के प्रांगण में भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनिल प्रजापति के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का संचालन प्रयाग राम कर रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पिपरा मंडल अध्यक्ष संजय मेहता ने कहा कि हम सभी को बुथ स्तर पर कार्यो में तेजी लानी होगी। आगामी चुनाव में अब कुछ ही महीने बचे हैं। सभी कार्यकर्ताओं को केंद्र सरकार की योजना एवं नीतियों के बारे में घर घर जाकर लोगों की बताने की जरूरत है। तीन राज्यों में जो चुनाव का परिणाम मिला है उसमें सबसे ज्यादा युवा एवं महिला वर्ग का साथ मिला है। हम सभी को भी इन दो वर्गों पर विशेष ध्यान देना है। मौके पर महिला मोर्चा अध्यक्ष संजू सिंह महामंत्री संजय सिंह पंचायत प्रभारी सत्येंद्र दुबे उपाध्यक्ष ललन पासवान अनीता देवी प्रमिला देवी राजन सोनी संतोष गुप्ता अभय कुमार मंजू देवी गुड्डु प्रजापति विजय सोनी अनीस सोनी अमरजीत कुमार सहित अन्य भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खरौंधी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा) :** प्रखंड के खरौंधी पंचायत में मंगलवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत के मुखिया मंजू देवी, बीडीओ रविन्द्र कुमार, प्रमुख आभा रानी बीस सूत्री अध्यक्ष राजेश रजक विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास व अन्य प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर विभिन्न विभागों के कई आवेदन ग्रामीणों ने दिया। जिसमें पेंशन, राशन, लेबर कार्ड आदि आवेदनो का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार ने लोगों से अपील किया कि अधिक से अधिक विभिन्न विभागों में आवेदन दें। सरकार का यह कार्यक्रम आम ग्रामीणों के लिए है। वही मुखिया मंजू देवी ने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सीओ सुनील कुमार, बीपीओ कमलेश कुमार, पंचायत सचिव कपिल देव सिंह, उमेश कुमार, नाजीर संजय सक्सेना, अनुज शुक्ला, मोजिब खान, उदय अलबेला सहित सभी विभाग के कर्मी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# विधायकों के तर्ज पर पंचायत जनप्रतिनिधियों को भी मिले सारी सुविधा : अशोक चौधरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** समाजसेवी सह गायक अशोक कुमार चौधरी गांव लंगरकोट निवास ने प्रेस के माध्यम से कहा है कि विधायकों के तर्ज पर झारखंड के पंचायत जनप्रतिनिधियों का वेतन भता तथा अन्य सुविधा लागू होना चाहिए। क्योंकि यह लोग भी जनता के चुने हुए प्रतिनिधि हैं जो आर्थिक स्थिति से काफी कमजोर है, केवल झारखंड प्रदेश में विधायक तथा मंत्रियों को वेतन बढ़ाने से इस राज्य का कल्याण होने वाला नहीं है राज्य के गरीब मजदूर परिवारों के मिलने वाले हर सुविधाओं में भी बढ़ोतरी होना चाहिए वृद्धावस्था, विधवा, विकलांगता, तथा अन्य पेंशनो को बढ़ाकर 5000 किया जाना चाहिए ताकि महंगाई के समय में ज़रूरतें पूरा हो सके। आगे अशोक ने कहा कि गरीबों के मिलने वाला सभी आवास निर्माण के लिए आवंटित राशि 10 लाख होना चाहिए तभी जाकर हम दो हमारे दो का रहने के लिए चार बैडरूम हॉल किचन लैट्रिन बाथरूम पानी का व्यवस्था हो सकेगा। अशोक ने कहा कि झारखंड प्रदेश के गरीब बच्चों को सही शिक्षा के लिए आवासीय शिक्षा नीति लागू होना चाहिए सरकार तो कपड़ा किताब साइकिल छात्रवृत्ति जूता तथा अन्य सुविधा दे ही रही है लेकिन शिक्षा मैं सुधार नहीं दिख रहा है पढाई के लिए माहौल की जरूरत होती है जो गरीब बच्चों को नहीं मिल पा रहा है आगे अशोक ने कहा कि जनप्रतिनिधियों तथा सरकारी नौकरियों में कार्यरत एवं गरीब मजदूर किसान के बच्चों को सामान्य विद्यालयों में पढ़ने के लिए बाध्यता लागू होनी चाहिए तभी जाकर शिक्षा में सुधार किया जा सकता है।

## सामुदायिक पुलिसिंग के तहत बिरहोर परिवारों के बीच किया गया कंबल वितरण



**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत जपुआ टोला में निवास करने वाले आदिम जनजाति के लोगों के बीच सामुदायिक पुलिसिंग के तहत थाना प्रभारी गुलाम सरवर के अध्यक्षता में लगभग 15 से 20 कंबल का वितरण मंगलवार को किया गया। जहां एस आई रामदेव वर्मा हिमांशु शेखर जायरा बाखला के साथ सशस्त्र पुलिस जवान सम्मिलित थे।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम मे करकट्टा पंचयात रहा अव्वल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार (पलामू) :** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अतर्गत करकट्टा पंचयात में विराट शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायतधीन हजारों की संख्या में उपस्थित होकर विभिन्न लाभकारी योजना के लिए अपना पंजीकरण करवाएं।मौके पर बेकाबू भीड़ उमड़ी थी। पर ग्रामीणों ने शांतिपूर्ण तरीका से पंक्तिबद्ध कतार मे योजनाओं के लिए ऑनलाइन करवाये रहे थे।कल्याण मंच की परंपरा भी भव्य तरीका से निभाई गई।मंचासीन अतिथियों ने दीप प्रजावलित एवं फीता काटकर कार्यक्रम को आगाज दिया गया। पंचायत के मुखिया श्रीमती मंजू देवी व समाज सेवी सह मुखिया प्रतिनिधि रामबली पासवान ने मुख्य अतिथि और मंचासीन अथितियों और अधिकारियों व कर्मी की स्मृति चिन्हन और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मंचासीन अथितियों और अधिकारियों ने संयुक्त रूप से परिसम्पतियों का लाभुकों के बीच वितरण किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि मनोज भुइयाँ, बीपीओ दीपक कुमार, पूर्व जीप सदस्य श्री सीता राम पासवान, पंचायत के मुखिया श्रीमती मंजू देवी, बीस सूत्रीय अध्यक्ष उदय पासवान, उपाध्यक्ष अनवर हुसैन, पंचायत समिति सुनीता, देवी, बीस सूत्रीय सदस्य नितीश कुमार -गजेंद्र शर्मा, जनेश्वर राम सहित सभी कर्मी मौजूद थे।

# पिपरा में सरकारी योजनाओं में अवैध उगाही के खिलाफ उग्र हुए लोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सरैया के दर्जनों लोगों ने प्रखंड कार्यालय पहुंचकर सरैया पंचायत के पंचायत सचिव नंदलाल गुप्ता के खिलाफ हंगामा किया। उन लोगो साथ सरैया मुखिया पति विकास तिवारी पंचायत समिति सदस्य दिनेश पासवान पिपरा प्रमुख विक्रांत सिंह यादव भी मौजूद थे। लोगों ने पंचायत सचिव पर अबुआ आवास योजना वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन योजना में पैसा उगाही करने का आरोप लगाया है। योग्य लाभुकों का आवास काटा जा रहा है अयोग्य लाभुको का आवास पैसा लेकर करने की बात की जा रही है। वहीं मुखिया पति विकास तिवारी ने कहा कि आवास जांच के लिए चार सदस्यो के टीम का गठन किया गया है लेकिन पंचायत सचिव कहते हैं कि मैं जो कहूंगा वही होगा। लोगों ने लिखित आवेदन देकर इस कार्य से उनको मुक्त करने का गुहार प्रखंड विकास पदाधिकारी से लगाया है अगर उनकी मांग पूरी नहीं की जाती है तो पंचायत के लोग उग्र आंदोलन करने को बाधित हो जाएंगे। वहीं प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव ने कहा आवास के नाम पर किसी को भी रुपया देने की जरूरत नहीं है। जो भी आपसे पैसे मांगता है उसकी शिकायत करें। वही पंचायत सचिव नंदलाल गुप्ता से उनके ऊपर लग रहे आरोपों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सारा आरोप निराधार है मैं जांच के लिए तैयार हूं मेरे ऊपर गलत तरीके से कार्य करने का दबाव बनाया जा रहा है जिसे मैं स्वीकार नहीं कर रहा हूं। वहीं पूरे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम अवधि के दौरान पूरे प्रखंड क्षेत्र में यह चर्चा जोरो पर थी कि अबुआ आवास के आवेदन भरवाने के नाम पर 200 से 500 रुपए की रकम भोले भाले गरीब लोगों से लिया गया है।

## गव्य विकास सह पशुपालन विभाग गढ़वा के द्वारा केतार में एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड के केतार पंचयात सचिवालय के सभागार कक्ष में मंगलवार को गव्य विकास सह पशुपालन विभाग का एक दिवसीय प्रशिक्षण पशुपालक एवं मुखिया प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में किया गया।इस प्रशिक्षण में जिला गव्य विकास सह पशुपालन पदाधिकारी डॉ0 विद्या सागर सिंह ने प्रशिक्षण ले रहे लोगों से कहा कि गव्य विकास सह पशुपालन विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओ को बिस्तृत से समझाया एवं बताया। कहा कि आजकल जानवरो में अनेक प्रकार की वायरस बीमारी हो जा रही है जिनके लक्षण एवं उपचार को बारीकी से पशुपालकों को बताया गया। मौके पर प्रभारी प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी डॉ0 सत्यनारायण सिंह ने पशुपालकों को पशुपालक किट का वितरण किया। साथ ही कहा कि पिछले दिनों केतार प्रखण्ड में लंपी स्किन बीमारी तेजी से फैली थी जिनका बिभाग के द्वारा शिविर लगाकर पशुपालकों को जागरूक करते हुए दावा का वितरण किया गया था जिससे पशुपालकों को काफी लाभदायक हुआ। इस मौके पर राजकिशोर सिंह, कमता प्रसाद, सुरेंद्र पटेल, अमृत कुमार, बबिता देवी, शिला देवी, अंकित कुमार, वीगन साह, रमेश दुबे, साकिर अंसारी, दिलीप कुमार, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# सैकड़ो पंजीकृत किसानों के बीच फसल विस्तार योजना के तहत बीज हुआ वितरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को झारखंड सरकार के फसल विस्तार योजना के तहत पचाडुमर पंचायत के पंजीकृत सैकड़ो किसानों के बीच प्रमुख चंद्रावती देवी,बीडीओ नंदजी राम,जीप सदस्य ज्वाला प्रसाद एवं बीटीएम राकेश कुमार के उपस्थिति में गेंहू बीज का वितरण किया गया। इस दौरान बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि उक्त गेंहू का बीज रवि फसल के लिए पंजीकृत किसानों के बीच मोबाइल ओटीपी के माध्यम से वितरित किया जा रहा है। उन्होंने ने कहा कि प्रति एकड़ किसान को 40 किलोग्राम के हिसाब से बीज वितरण किया जाना था परंतु आम आवाम एवं जनप्रतिनिधियों के सहमति के कारण 20 किलोग्राम के हिसाब से बीज का वितरण किया जा रहा है जो राष्ट्रीय बीज निगम से प्रमाणित है। बीटीएम राकेश कुमार ने कहा कि यह प्रमाणित बीज लगातार तीन वर्षो तक लगाया जा सकता है और कम समय में अधिक उपज देने वाला यह बीज है। इस दौरान किसान परीखा साह, रघुनाथ बैठा, सुशील पाल, कैलाश बैठा, विजय बैठा, चिंता देवी, विमलेश कुमार साह, विनोद साह, ओम प्रकाश साह, राकेश कुमार सिंह, रामेश्वर सिंह, यमुना बैठा, अमित चंद्रवंशी, धर्मजीत राम सहित सैकड़ो किसान मौजूद थे।

## 25 दिव्यांगों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र का किया गया वितरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल मुख्यालय स्थित ट्रॉमा सेंटर में मंगलवार को 25 दिव्यांगों के बीच दिव्यांगता प्रमाणपत्र का वितरण किया गया। ट्रॉमा सेंटर में दिव्यांगों के दिव्यांगता प्रमाणपत्र बनाने के लिये शिविर का आयोजन किया गया था.शिविर का शुभारंभ जिप सदस्य रानी बाला, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ गोकुल प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, विभूति भूषण चौबे ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में जिला से आये नेत्र विशेषज्ञ डॉ संजय कुमार व हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ एस के रमण ने दिव्यांगों के दिव्यांगता की जांच किया। 11 नेत्र रोग से ग्रसित तथा 14 हड्डी रोग से ग्रसित दिव्यांगों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र दिया गया। शेष 31 लोगों को अगले दिन सदर अस्पताल ओपीडी में जांच के लिये बुलाया गया है। मौके पर जिला से आये सहायक दिनेश उरांव, विपेश राज तामांग, कार्यालय सहायक राजेश कुमार सिन्हा, करुणा कुमारी, शैलेन्द्र कुमार, एमपीडब्ल्यू अशफाक अहमद, एमटीएस विजय पाठक, संजय कुमार यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

# पशुधन योजना में लाभुक चयन को लेकर जिला पशुपालन पदाधिकारी पहुंचे केतार

### पूर्व का सूची में हेरा फेरी कर व्हाइटनर लगाने का हुआ खुलासा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री पशुधन योजना में लाभुक चयन को लेकर पूर्व में हेरा फेरी कर व्हाइटनर लगाने का मामला हाल ही में केतार प्रखंड में सामने आया था। जिसको लेकर जिला पशुपालन पदाधिकारी विद्यासागर सिंह मंगलवार को केतार पहुंचे और नियम संगत जांच की जिसमें हेरा फेरी कर व्हाइटनर लगाने का खुलासा हुआ। जिसके आधार पर पूर्व के सूची को निरस्त करते हुए पुण~ क्रियानयन समिति के अध्यक्ष प्रमुख चंद्रावती देवी जिप सदस्य ज्वाला प्रसाद के उपस्थिति में योग्य लाभुकों का चयन किया। ज्ञात हो की हाल ही में मुख्यमंत्री पशुधन योजना में योग्यता रखने वाले लाभुकों का चयन ब्लॉक प्रमुख चंद्रावती देवी के अध्यक्षता में प्रखंड किर्यान्यवन समिति के द्वारा किया गया था। परंतु उक्त प्रमुख ने पशुधन योजना में लाभुक चयन में बड़े पैमाने पर हेरा फेरी करने का मामला से जिला पशुपालन पदाधिकारी को अवगत कराया था साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि केतार प्रभारी पशु चिकित्सक एवं उनके सहकर्मी के द्वारा अनियमितता बरतते हुए मनमानी तरीके से किर्यान्यवन समिति के द्वारा योग्य लाभुकों का चयन किए हुए के नाम के ऊपर व्हाइटनर लगाकर रिश्वत के दम पर लाभुक चयन किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### फ्रेंड्स ऑफ विकर्स सोसाइटी ने बच्चों के बीच बांटे स्वेटर

**रांची।** फ्रेंड्स ऑफ विकर्स सोसाइटी के द्वारा जरूरतमंद छात्राओं के दरमियान स्वेटर वितरित किया गया। शर्दियों के मौसम में बच्चे स्कूल यूनिफार्म के तौर सवेटर नहीं रहने के कारण स्कूल से गैरहाजिर रहते है। जिससे ड्रॉप आउट का खतरा बना रहता है। इन्ही बातों को ध्यान में रखते हुए फ्रेंड्स ऑफ विकर्स सोसाइटी, रांची के स्कूल और मदरसा जाने वाले जरूरतमंद बच्चों के बीच स्वेटर तफसीम करती है। इसी सिलसिले में कुरैशी अकैडमी , कुरैशी मोहल्लाह के 12 बच्चों को, इस्माइलिया गर्ल्स हाई स्कूल डोरंडा के 98 बच्चों को, मदरसा जामिया हुसैनिया, जामिया नगर कडरू के 75 बच्चों को और वकास एकेडमी, इलाही बख्श कालोनी के 15 बच्चों के बीच स्वेटर तफसीम किया गया। इस मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल, फ्रेंड्स ऑफ विकर सोसाइटी के कार्यकारणी सदस्य व सरपरस्त सईद अहमद , सोसाइटी के महा सचिव कमर सिद्दीकी, सचिव सोहैल अख्तर, कार्यकारणी सदस्य इम्तियाज अहमद, कडरू अंसारी पंचायत मुखिया व सामाजिक कार्यकर्ता सुजाउद्दीन साहब आदि मौजूद थे।

### रांची नगर निगम के दो वार्डों में 82 आवेदनों का ऑन स्पॉट निपटारा

**रांची :** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को रांची नगर निगम की ओर से दो वार्डों में शिविर लगाया गया। इनमें वार्ड नंबर 41 और वार्ड नंबर 42 में कुल 82 आवेदनों का निपटारा ऑन स्पॉट किया गया। इसके अलावा दोनों वार्ड में जरूरतमंदों के बीच कुल 180 कंबल का वितरण भी किया गया। अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने बताया कि शिविर में होल्डिंग, ट्रेड, जन्म-मृत्यु निबंधन, जल कर भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन लिया गया। सभी शहरवासी निगम स्तर के सेवाओं का लाभ इन शिविरों में आकर ले सकते हैं।

# सदन में मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने किया दावा, जल्द आएगी नई नियोजन नीति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मंगलवार को झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने सदन के बाहर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार जल्द ही नयी नियोजन नीति लाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले चार सालों से सरकार लगातार नियुक्तियां कर रही है। खाली पदों के लिए विज्ञापन भी जारी हो रहा है। सरकार जनहित में कार्य भी कर रही है। सदन में भाजपा विधायकों द्वारा नियोजन नीति के लिए उठाए मसले पर भोक्ता ने कहा कि विपक्ष सरकार द्वारा दी गई नौकरियों को अपना ही बता रहा है। यदि ऐसा ही है तो अपने समय में ही वह नियुक्ति पत्र बांट देता। वे जानबूझकर हंगामा कर रहे हैं। सत्ता से बाहर रहने के कारण विपक्ष बौखलाहट में है। एक सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि सरकार जल्द ही नयी नियोजन नीति लाएगी। युवाओं के लिए रोजगार के द्वार खुलेंगे।

**नियोजन नीति पर भागती रही सरकार:भानु प्रताप:** विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि भाजपा ने सदन में युवाओं का विषय उठाया, उनके लिए नियोजन नीति पर सवाल पूछे लेकिन सरकार भागती नजर आयी। पिछले चार सालों में 800 से भी कम नियुक्तियां इस सरकार में हुई। सरकार के मुताबिक हर साल पांच लाख युवाओं को रोजगार देना था। इस हिसाब से 20 लाख को नौकरी अबतक देनी थी। पारा शिक्षकों को स्थायी नहीं करने की लिखित सूचना सदन में आयी है। सरकार ने अपने कार्यकाल के शुरुआती तीन माह में ही शिक्षकों को नियमित करने की बात कही थी लेकिन जो सूचना अब सरकार ने दी है, उससे लगता है कि लाखों पारा शिक्षकों की भावनाओं के साथ सरकार ने खिलवाड़ किया। उन्होंने कहा कि अब मुख्यमंत्री पत्रकारों के सामने भी आएं और कहें कि उन्होंने युवाओं, पारा शिक्षकों को ठग कर सत्ता हासिल की। सरकार युवाओं को चार सालों तक बोका समझती रही। आने वाले दिनों में पता लग जाएगा कि सरकार बोका है, युवा नहीं।

# झारखंड की आदिवासी भाषाओं का साहित्य को सबके सामने लाने की जरूरत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राजकमल प्रकाशन समूह और डॉ. रामदयाल मुंडा, जनजातीय कल्याण शोध संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किताब उत्सव का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में सबका स्वागत करते हुए राजकमल प्रकाशन के प्रतिनिधि धर्मेंद्र सुशांत ने कहा कि इस किताब उत्सव के माध्यम से राजकमल प्रकाशन समूह का उद्देश्य है कि आदिवासी लेखन और साहित्य को पूरी दुनिया तक पहुंचाया जाए। इस अवसर पर प्रो. रमेश शरण ने कहा कि राजकमल प्रकाशन को बधाई कि वो आदिवासी साहित्य को सबके सामने लेकर आ रहा है। वहीं, प्रो. ज्योति लाल उरांव ने कहा कि राजकमल प्रकाशन ने रांची में किताब उत्सव का आयोजन करके बहुत ही साहसिक काम किया। हमारा आदिवासी समाज आज भी उपेक्षित है। उसमें उत्तम साहित्य लिखे जाते रहे हैं लेकिन उनपर ध्यान नहीं दिया जाता। इस मामले में राजकमल प्रकाशन ने यह बड़ा आयोजन किया है। वरिष्ठ साहित्यकार महादेव टोप्पो ने कहा कि इधर लंबे समय से ऐसा हो रहा था कि किताबों को लेकर कोई आयोजन नहीं हो रहा था। ऐसे में राजकमल की यह पहल बहुत ही सराहनीय है। मुझे आठवीं कक्षा से राजकमल की किताबें पढ़ने का सौभाग्य मिला है।

**इस अवसर पर प्रो. रमेश शरण ने कहा कि राजकमल प्रकाशन को बधाई कि वो आदिवासी साहित्य को सबके सामने लेकर आ रहा है।**

उन्होंने कहा कि जब तक झारखण्ड में जंगल जमीन रहेंगे, पहाड़ और नदी रहेगी तब तक यहां के लेखक और कवि लिखते रहेंगे। वरिष्ठ साहित्यकार वाल्टर भेंगरा ने लेखन की चुनौतियों पर विचार किया। उन्होंने कहा कि लेखन कर्म बहुत ही चुनौतियों से भरा हुआ है ऐसे में राजकमल प्रकाशन ने किताब उत्सव जैसा एक बड़ा कदम उठाया है जो स्वागत योग्य है। राजकमल प्रकाशन समूह और उसका यह आयोजन सराहनीय है। झारखंड में 32 समुदाय हैं जिनमें से 5 समुदायों के लेखकों की रचनाएं अक्सर सामने आती हैं। हरी उरांव ने कहा कि झारखंड के लिये यह बहुत बड़ा अवसर है कि राजकमल प्रकाशन समूह द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है। वहीं, कृष्ण चंद्र टुडू जी ने कहा कि हम सभी को अपनी भाषा में लिखने का प्रयास करते रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन त्रिनिशा तरुण ने किया व धन्यवाद यापन रामदयाल मुंडा शोध संस्थान की डिप्टी डायरेक्टर मोनिका रानी टूटी ने किया।गौरतलब है कि यह किताब उत्सव 24 दिसंबर, रविवार तक चलेगा। कल 19 दिसंबर 2023, मंगलवार को अपराह्न 3 बजे से आयोजित कार्यक्रम के हमारा झारखंड हमारे गौरव सत्र में हिन्दी की पहली आदिवासी कवि सुशीला सामद को याद किया गया। दूसरे सत्र में आदिवासी इतिहास लेखन : कठिनाइयां और संभावनाएं विषय पर परिचर्चा हुई।

## पान मसाला व्यापारी जेपी सिंघानिया के अपर बाजार स्थित आवास पर आइटी की छापेमारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मंगलवार को झारखंड के सबसे बड़े पान मसाला व्यापारी जेपी सिंघानिया के कई ठिकानों पर आयकर विभाग की टीम छापेमारी कर रही है। छापेमारी अपर बाजार स्थित मौलाना आजाद कॉलेज के ठीक सामने उनके कार्यालय पर चल रही है। कानपुर के पान मसाला कारोबारी के यहां ईडी की छापेमारी की थी। जेपी सिंघानिया राज्य के बड़े गुटखा व्यापारी है। और इनका राज्यभर में एक बड़ा कारोबार है। सूत्रों के मुताबिक आईटी टीम कागजातों की जांच कर रही हैं। अपर बाजार स्थित कार्यालय के गेट पर सीआरपीएफ के जवान तैनात किये गये हैं। किसी को भी अन्दर से बाहर और बाहर से अन्दर आने-जाने की इजाजत नहीं है। आईटी की टीम वहां से क्या-क्या हासिल कर पायी है, इसकी पुष्टि होनी बाकी है।

## शहरों में लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के रूल-रेगुलेशन का ड्राफ्ट तैयार, जल्द होगा क्रियान्वयन

**रांची :** शहरी विकास अभिकरण के निदेशक अमित कुमार ने कहा कि राज्य सरकार ने शहरों में लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए रूल-रेगुलेशन का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। अब वेस्ट डिस्पोजल से लेकर यूजर्स चार्ज तथा रीयूज पर मंथन शुरू किया गया है। जल्द ही इसे धरातल पर उतारा जायेगा। अमित कुमार मंगलवार को होटल रेडिशन ब्लू में लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट विषय पर आयोजित स्टेकहोल्डर्स बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकांश नगर निकायों में या तो सिवरेज या फिर सेप्टेज की योजनाओं पर तेजी से कार्य चल रहा है। उन्होंने देश के कई प्रतिष्ठित पीएसयू के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में कहा कि हमारी सरकार हर




शहरी नागरिक के घर तक पाइपलाइन से शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए कृतसंकल्पित है और इसलिए हम सभी को निःशुल्क वाटर कनेक्शन दे रहे हैं लेकिन यह कार्य नगर निकायों की आंशिक जिम्मेदारी है और केवल इतना करने से हमारी जिम्मेदारियां पूरी नहीं होतीं। उन्होंने कहा कि हमें प्राकृतिक संसाधनों को सशक्त बनाना है और इसके लिए री यूज प्रणाली को अपनी जीवनशैली में अपनाना पड़ेगा।

इसलिए जरूरी है कि हम उपयोग किये गये पानी को रीट्रीट करके उसका उपयोग सेकेंडरी वाटर के रूप में करें। उन्होंने भारी उद्योग में उपयोग होनेवाले फ्रेश वाटर के जगह अधिक से अधिक ट्रीटेड वाटर के इस्तेमाल का आग्रह किया।

## जिला के सभी 18 प्रखंड के 31 धान अधिप्राप्ति केन्द्रों में की गई जनसेवकों की प्रतिनियुक्ति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** खरीफ विपणन मौसम 2023-24 में रांची जिला के प्रत्येक धान अधिप्राप्ति केन्द्रों पर जनसेवकों की प्रतिनियुक्ति कर दी गयी है।

विभागीय निदेशानुसार उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सभी 18 प्रखंड के 31 धान अधिप्राप्ति केन्द्रों में जनसेवकों की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

इस संदर्भ में जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों से उपायुक्त द्वारा प्रस्ताव मांगा गया था। धान अधिप्राप्ति केन्द्रों पर अधिप्राप्त किये गये धान का लेखा एवं अन्य सभी जिम्मेवारी प्रतिनियुक्त जनसेवक एवं कर्मी की होगी। विभागीय संकल्प अनुसार सभी चयनित राइस मिल में एक-एक दण्डाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों द्वारा धान के मिलिंग कार्य का अनुश्रवण किया जायेगा। साथ ही प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी आवश्यकता अनुरुप नियमानुसार मिलर को धान उपलब्ध कराने तथा तैयार सीएमआर को गोदाम में जमा कराने हेतु संबंधित पक्षों से नियमित समन्वय स्थापित करने का कार्य भी करेंगे।

**विभागीय संकल्प अनुसार सभी चयनित राइस मिल में एक-एक दण्डाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है।**

सभी प्रतिनियुक्त जनसेवक एवं दण्डाधिकारी को तत्काल प्रभाव से अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर योगदान कर कार्यभार सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है।

## तीन दिवसीय पुरुष -महिला मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** जोनल स्तरीय तीन दिवसीय पुरुष -महिला मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता के दूसरे दिन का मैच खेला गया। पर्यटन , कला ,संस्कृति ,खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड के तत्वाधान में आयोजित जोनल स्तरीय तीन दिवसीय पुरुष -महिला मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का दूसरे दिन का मैच बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी एवं मन्दिर मैदान मोरहाबादी में खेला गया । दूसरे दिन का मैच के शुरुआत में जिला खेल पदाधिकारी, रांची सह आयोजन सचिव शिवेंद्र कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। जबकि प्रतियोगिता एवं मंच का संचालन वरिष्ठ प्रशिक्षक अजय झा एवं फुटबॉल प्रशिक्षक शाहिद अंसारी ने संयुक्त रूप से किया ।

**दूसरे दिन के सभी मैचों का परिणाम इस प्रकार है :** महिला वर्ग में रांची जिला उपविजेता टीम ने पलामू जिला उपविजेता टीम को आसानी पूर्वक 9-0 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। एक अन्य मैच में रांची विजेता टीम ने पलामू विजेता टीम को 2-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। पुरूष वर्ग के पहला क्वार्टर फाइनल में गढ़वा विजेता टीम ने रामगढ़ विजेता टीम को 04-02 गोल से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग के दूसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में लोहरदगा विजेता ने रांची उपविजेता को 1-0 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। महिला वर्ग के पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबले में रामगढ़ विजेता टीम ने गढ़वा विजेता टीम को 03-00 गोल से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। महिला वर्ग के दूसरे क्वार्टर फाइनल रांची उपविजेता टीम ने लातेहार उपविजेता टीम को 02-00 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशाखा पदाधिकारी मनोज कुमार पासवान,फुटबॉल प्रशिक्षक गोपाल तिर्की ,अनमोल तिर्की, हसन अंसारी ,कालीचरण महतो ,अख्तर हुसैन , सुनील महली , कर्म सिंह मुंडा, बिरसी मुंडू ,मुकेश कुमार, हंसराज , प्रेमचंद पूर्ति एवं कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## विस का घेराव करने पहुंचे पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के सैकड़ों अभ्यर्थी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बगल में मौजूद कुटे मैदान में सैकड़ों की संख्या में झारखंड पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के लोग विधानसभा घेराव करने पहुंचे। मौके पर भारी संख्या में तैनात पुलिस प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से शांति बनाए रखने की अपील की। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने कहा कि विभिन्न मांगों को लेकर पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ बीते 166 दिनों से राजभवन के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन




पर बैठे हुए हैं। संघ ने पांच सूत्री मांगों को लेकर सरकार और उनसे जुड़े विधायकों को अपनी ओर से ज्ञापन सौंपा है लेकिन धरना खत्म कराने को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की गई। पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ की ओर से जारी सूचना के अनुसार, पांच सूत्री मांगों को लेकर तीन बार पहले भी झारखंड विधानसभा का घेराव हो चुका है। उस समय पंचायती राज निदेशक निशा उरांव, पंचायती राज मंत्री आलमगीर आलम की ओर से भी मांगों को माने जाने का आश्वासन दिया गया था लेकिन तीन महीने के बाद भी इस संबंध में अभी तक कोई ठोस पहल नहीं किया गया है। संघ की ओर से झारखंड मंत्रालय का एक बार, मुख्यमंत्री आवास का 2 बार, झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय का 2 बार, कांग्रेस कार्यालय का एक बार घेराव किया जा चुका है।

## एनआईए जांच में खुलासा, भाकपा माओवादी संगठन को मजबूत करने में जुटा था विजय आर्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाकपा माओवादी का केंद्रीय समिति सदस्य विजय आर्य संगठन को मजबूत करने में जुटा था। वह भाकपा माओवादी संगठन के पूर्व कैडर को भी जोड़ रहा था। यह खुलासा राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जांच में हुआ है। एनआईए ने रांची की विशेष अदालत के समक्ष दो नक्सलियों विजय कुमार आर्य और आनंद पासवान के खिलाफ मंगलवार को दूसरी पूरक चार्जशीट दाखिल की है। जांच से पता चला है कि विजय कुमार आर्य भाकपा माओवादी का केंद्रीय समिति सदस्य था जबकि आनंद पासवान प्रतिबंधित संगठन का एक प्रमुख समर्थक और पूर्व कैडर था। विजय को पूर्व कैडरों को प्रेरित करने में शामिल पाया गया था। विजय संगठन के कार्यकर्ताओं और झारखंड-बिहार में माओवादी के मगध क्षेत्र के अन्य हितधारकों के बीच एक माध्यम के रूप में भी काम कर रहा था। आनंदी पासवान बीते 23 जून को गिरफ्तार हुआ था जबकि विजय कुमार आर्य को बिहार पुलिस ने रोहतास थाना क्षेत्र से 14 अप्रैल, 2022 को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वह पटना के बेउर जेल में बंद था।उल्लेखनीय है कि हजारीबाग पुलिस ने 20 अगस्त, 2021 को प्रद्युम्न शर्मा को गिरफ्तार किया था। इसके बाद इस पर स्वतः संज्ञान लेते हुए 30 दिसंबर, 2021 को एनआईए की रांची ब्रांच ने इस केस को टेकओवर कर लिया था। जांच के क्रम में ही एनआईए को यह जानकारी मिली कि विजय आर्य टेरर फंडिंग का पैसा प्रद्युम्न शर्मा और उसके सहयोगियों तक पहुंचता था।साल 2018 में जेल से रिहा होने के बाद टॉप नक्सली कमांडर में से एक विजय आर्या को झारखंड और बिहार के कई इलाकों में संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी गयी थी।

## लिंफोमा (रक्त कैंसर) का सफल इलाज किया गया : डॉ गुंजेश सिंह

**रांची।** डॉ गुंजेश सिंह ने बताया कि एक 55 वर्षीय पुरुष कमर क्षेत्र में 20 सेमी की बड़ी वृद्धि के साथ अस्पताल में आया। उनका जांच किया और मूल्यांकन करने पर, पाया गया कि इसे लिंफोमा (रक्त कैंसर) है इसका सफल इलाज कर निदान किया गया। उन्होंने बताया कि लिंफोमा का इतने बड़े अल्सर के रूप में प्रकट होना असामान्य है। बेहद मामूली खर्च पर कीमोथेरेपी और इम्यूनोथेरेपी से इलाज के बाद अब वह रोगमुक्त हैं। मुंबई कैंसर सेंटर, रांची में कम और किफायती कीमत पर इलाज संभव है।

## वाऊ सिनेमा का प्रथम वर्षगांठ धूमधाम से हुआ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची में ओटीटी प्लेटफार्म वाऊ सिनेमा का प्रथम वर्षगांठ होटल में धूमधाम के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर बॉलीवुड भोजपुरी एक्टर कुणाल सिंह,गायक सह एक्टर आलोक कुमार,प्रिया राजपूत प्रमुख रूप से शामिल हुए। वहीं हैदराबाद से कैमरा मैन भास्कर डोरनाला,शशी नाथ दूबे,बनारस के डीओपी संदीप गुप्ता भी मौजूद रहे।इसके अतिरिक्त रांची से देवेश खान,आनंद जलान,सिराज अहमद, शशी नाथ दूबे ,निगार सुल्ताना, वीणा श्री,वर्षा ऋतु, रोहित आर.के., इन्द्रजीत सिंह,ऊमी झारखंडी,कुमार गहलौत, विजय कुमार सिंह,राज अली, आसिफ़ अली,कविता होरो,पप्पू खान, मजबूल खान, डॉ.जे.सी राज, सक्षम तिवारी,रमेश चंद्र झा दिनेश कुमार, अभय दा, बुलंद अख्तर, शोएब उर रहमान सहित अन्य शामिल हुए। इस कार्यक्रम के दौरान हिन्दी फिल्म ब्लडी इश्क का मूहूर्त भी किया गया।

इस फिल्म की निर्मात्री शबनम राज़ एवं लेखक निर्देशक प्रभात राज़,पटकथा संवाद लेखक पुष्पेन्द्र कुमार अनूप, गीतकार संजीव देव चौधरी एवं प्रभात राज़,अपूर्वा बनर्जी,डीओपी भास्कर डोरनाला एवं कैमरा मैन संदीप गुप्ता, पीआरओ युधिष्ठिर महतो शामिल हैं।इस फ़िल्म के मुख्य कलाकारों में संजय मौर्य,प्रिया राजपूत, आलोक कुमार,साना भट्टाचार्या,कुणाल सिंह,देवेश खान,प्रभात राज, हैरी सिंह, बिनीता राय, राहुल खन्ना, अमरजीत ग्रोवर,एसएम मेंहदी आदि हैं।

इस वर्षगांठ के शुभ अवसर पर वाऊ सिनेमा लाईफ टाईम एचिवमेन्ट अवॉर्ड,वाऊ सिनेमा मेम्बर्स एप्रिशियशन अवॉर्ड,प्रेस मिडिया प्रोत्साहन अवॉर्ड, स्मारिका लेखन प्रोत्साहन अवार्ड,सिंगर्स प्रोत्साहन अवार्ड,,वाउ सिनेमा स्पेशल अवॉर्ड, उद्घोषक,प्रोत्साहन अवार्ड, विज्ञापनदाता प्रोत्साहन अवार्ड, मुख्य अतिथि सम्मान, विशेष अतिथि सम्मान,अतिथि प्रोत्साहन मोमेन्टो इत्यादि सम्मान का वितरण किया गया।

ओटीटी प्लेटफार्म वाऊ सिनेमा आपका अपना सिनेमा घर हैं। जिसमें 30 भारतीय भाषाओं में सम्मिलित झारखंड में बोली जाने वाली भाषाओं को नागपुरी, खोरठा, संथाली, भोजपुरी, बंगाली, नेपाली ,को शामिल किया गया हैं।

इसके अलावा 7 प्रकार के कॅन्टेंट जैसे फिल्म,वेब सीरीज,टेली फ़िल्म, सीरियल, शॉर्ट मूवी, वृतचित्र, विडियो एलबम भी रिलीज होते हैं। ओटीटी प्लेटफार्म वाऊ सिनेमा प्ले स्टोर में फ्री में उपलब्ध हैं।

## लिपिकीय भूल का परिणाम 100 वर्षों से भुगत रही है चिक बड़ाइक जनजाति : सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में चिक बड़ाइक जनजाति को लेकर 100 वर्ष पूर्व हुई लिपिकीय भूल के कारण इन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके समाधान के लिए सांसद संजय सेठ ने नई दिल्ली में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार से मुलाकात की। इस दौरान सांसद ने उन्हें पूरे वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए एक ज्ञापन सौंपा। मंत्री को दिए ज्ञापन में सांसद ने कहा कि चिक-बड़ाइक जनजाति झारखंड के प्रमुख जनजातियों में से एक है। उनके रीति रिवाज, संस्कृति, रहन-सहन, पर्व त्यौहार सभी जनजातीय समाज से ही जुड़े हुए हैं। 1907-08 में हुए एक सर्वेक्षण के दौरान कर्मचारियों की गलती से, लिपिकीय भूल के कारण उनकी जाति चिक-बड़ाइक को दो भागों में तोड़ दिया गया। कहीं चिक लिख दिया, गया तो कहीं बड़ाइक लिख दिया गया। इतने लंबे समय बीतने के बावजूद और इस समाज के बार-बार आग्रह करने के बाद भी अब तक राज्य स्तर पर इसमें कोई सुधार नहीं किया गया। इसका नुकसान इस जनजातीय समाज के लाखों युवाओं



को हो रहा है। सांसद ने कहा कि इनके खतियान में भी कहीं बड़ाइक तो कहीं चिक लिख दिया गया है, जिससे इस जनजाति के लोग जाति प्रमाण पत्र भी नहीं बना पा रहे हैं। झारखंड में इस समुदाय की बड़ी आबादी निवास करती है। जनजातीय प्रमाण पत्र नहीं बनने के कारण इन्हें कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अलग झारखंड राज्य गठन के बाद इनकी स्थितियों का गलत लाभ भी उठाया गया। इन्हें जनजातीय समुदाय से बाहर कर दिया गया। वर्तमान समय में यह जनजाति अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है।

इस संबंध में इन्होंने विभिन्न स्तर पर मुझसे पहल करने का आग्रह भी किया है। सेठ ने मंत्री से अनुरोध किया है कि इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई हेतु राज्य सरकार और संबंधित विभाग को निर्देशित करने की कृपा करें ताकि झारखंड के जनजातीय समुदाय का महत्वपूर्ण अंग का अस्तित्व, उनकी संस्कृति अक्षुण्ण रह सके।

## दूसरे राज्यों की तर्ज पर झारखंड में भी दो वर्ष का मातृत्व अवकाश दिए जाए : अंबा प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को शून्यकाल के जरिये विधायकों ने अपनी मांगें रखी। कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने केंद्र और दूसरे राज्यों की तरह यहां भी कामकाजी महिलाओं (विशेषकर सरकारी विभागों में) के लिए दो वर्ष का मातृत्व अवकाश दिए जाने की मांग सरकार से की। मंगल कालिंदी ने हो भाषा की पढ़ाई स्कूल से महाविद्यालयों तक सुनिश्चित करने की मांग रखी। इसके बाद दीपिका पांडेय सिंह ने महगामा में बार एसोसिएशन का भवन उठाए जाने की मांग सरकार से की।भूषण बाड़ा ने सिमडेगा जिले में खडिया भाषा के शिक्षकों की नियुक्ति की मांग रखी। इरफान अंसारी ने जामताड़ा के जयपालपुर में सात वर्षों से बंद पडे लिफ्ट इरिगेशन सिस्टम को चालू करने की मांग की ताकि 12 हजार किसानों को सिंचाई का लाभ मिल सके। इरफान की मांग के बीच नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि सदन में सरकार से पारा शिक्षकों, संविदा पर कार्य कर रहे कर्मियों और अन्य के विषय जब लाए जा रहे तो सरकार जवाब ही नहीं दे रही। यहां के लोगों को रोजगार नहीं देने का पाप सरकार कर रही। इसके बाद बाउरी ने भाजपा विधायकों संग सदन का बहिष्कार कर दिया।भाजपा विधायकों के सदन से बाहर निकलने के बाद शून्य काल में समीर मोहंती, संजीव सरदार, शिल्पी नेहा तिर्की, सुनीता चौधरी सहित अन्य ने भी अपनी मांग रखी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा उतरी पंचायत सचिवालय मे मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस मौके पर भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा,वृद्ध निर्मला देवी और दिलीप चौधरी ने मोदी सरकार की गारंटी गाड़ी के सामने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस मौके पर उपस्थिति सभी लोगो ने हमारा संकल्प विकसित भारत से संबंधित शपथ लिया।कार्यक्रम में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी



योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा और संचालन कोषाध्यक्ष रामप्रसाद महतो ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पंचायत स्तर तक के ग्रामीणों को मिल रहा है।तीन करोड़ से अधिक पीएम आवास,12 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से जल के लिए कनेक्शन, उज्ज्वला योजना के तहत 9 करोड़ से अधिक मुफ्त गैस कनेक्शन, सौभाग्य के तहत शत प्रतिशत घरेलू विद्युतीकरण,स्वच्छ भारत मिशन के तहत पूर्ण स्वच्छता कवरेज शामिल है।इसी प्रकार किसानों का कल्याण सुनिश्चित करना मोदी सरकार की प्राथमिकता है।महिलाओं का सम्मान,राष्ट्र का निर्माण मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के मंत्र से सबका प्रयास से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प है।इस अवसर पर लाभार्थी ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताया।इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अश्विनी दराद,रामप्रसाद महतो, लक्ष्मण मंडल,चुरामन महतो, मंगल साहू,धर्मवीर महतो, निर्मला देवी,फूल कुमारी, यशोदा कुमारी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता सहित स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## गूंज महोत्स्व में निशुल्क जाँच शिविर का आयोजन

**सिल्ली :** सिल्ली स्टेडियम परिसर मे तीन दिवसीय गूंज महोत्सव को लेकर स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया है वहीं एस.पी.माइक्रो ग्रीन लैब की टीम जन सेवा मुहीम के तहत गूंज 2023 में भी आपको निशुल्क हेल्थ चेक अप की सुबिधा मेले परिसर में स्टाल नंबर 5 में तत्पर मिलेगी।इसके साथ साथ बेहतरीन पैथोलॉजी सेवा आपके घर तक निशुल्क होम कलेक्शन के रूप में 24 घंटा उपलब्ध रहेगी।नए बर्ष के आरम्भ तक पांच नए शाखाएं अब अब आपके नजदीकी क्षेत्र में जल्द ही उपलब्ध किया जा रहा है।

## इंडेन इंग्लिश मीडियम स्कूल सुरुंदा में मनाया गया वार्षिक उत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** ईडेन इंग्लिश मीडियम स्कूल सुरुंदा, मुरहू में वार्षिक उत्सव एवं क्रिसमस सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि युवा कांग्रेस के जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण सांगा उपस्थित हुए । विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान एवं खूंटी चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्य शशांक राज, एसडीए स्कूल खूंटी से राजेश एवं सिंकु भी उपस्थित हुए । कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य सहाय टोपनो द्वारा किया गया । अरुण संगा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल प्रबंधन को धन्यवाद दिया की गांव के बच्चों को विद्यालय के द्वारा शिक्षा एवं खेल में निपुण बनाया जा रहा है । गांव के बच्चे शिक्षित होंगे तो समाज में पिछड़ापन खत्म होगा एवं गांव भी विकास की ओर अग्रसर होगा । बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । हिंदी नागपुरी एवं मुंडारी गीत पे नाच गान बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया । विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिका को उनके योगदान के लिए अरुण संगा एवं प्राचार्य सहाय टोपनो के द्वारा सम्मानित किया गया । इस कार्यकम में अभिभावक एवं गांव के महिला पुरुष उपस्थित हुए ।

## कांची मुख्य नहर संरक्षण समिति की बैठक संपन्न

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के कांची मुख्य नहर संरक्षण समिति की एक बैठक तमाड़ में समाजसेवी सत्यनारायण स्वॉशी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ,मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार से सेवानिवृत पूर्व अभियंता प्रमुख सिंगराय टूटी उपस्थित हुए बैठक में तमाड़,अड़की,बुंडू के किसान शामिल थे किसानों ने एक स्वर में कांची सिंचाई योजना के तहत बैराज बनाने का मांग रखा गया है जिससे कांची नहर में सालों भर पानी उपलब्ध हो बैठक के उपरांत श्री सिंहराय टूटी के नेतृत्व में संरक्षण समिति वह किसानों का एक दल चुर्गी बियर व रीमिक्स फॉल का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान पाया गया कि यदि रीमिक्स फल के समीप बाराज बनने से पानी का भंडारण काफी मात्रा में हो सकता है, उपस्थित समिति और किसानों को आश्वत करते हुए श्री टूटी ने कहा कि आप लोगों के मांगों को लेकर मैं बहुत जल्द सरकार वह आला अधिकारियों से भेंट करूंगा और बाराज स्वीकृत करने का मांग रखूंगा जिससे तमाड़,बुंडू,अड़की के किसानों को सालों भर पानी उपलब्ध हो सकेगा और क्षेत्र से पलायन कर रहे किसान खेती कर आत्मनिर्भर बन सकेंगे, क्युकी इस क्षेत्र के लोग कृषि पर ही निर्भर करते हैं, इस अवसर पर पूर्ण चंद्र मुंडा, झरीराम महतो, लखीचरण मुंडा, कनक यादव, कालीचरण मुंडा, सागर सिंह मुंडा, सोहराय मुंडा, समीर सैकड़ो किसान शामिल थे।

## प्रदीप वर्मा ने किया जरूरतमंद को खाद्य सामग्री की मदद

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विगत कुछ दिन पूर्व विधानसभा क्षेत्र के कोटांगदाग निवासी सनातन मुंडा का आकस्मिक निधन हो गया था। वह परिवार का एकमात्र सदस्य था। ग्रामीणों द्वारा भाजपा प्रदेश



महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा से संपर्क किये जाने पर उन्होनें श्राद्धभोज के लिए खाद्य सामग्री की मदद पहुँचाई।मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष धीरज महतो विनय, मंडल अध्यक्ष चितरंजन महतो, भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी संजय महतो, अरविंद साहू,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज महतो और मंत्री लक्ष्मण महतो उपस्थित थे।

## जरूरत मंद के बीच कंबल का वितरण

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम प्रखण्ड के कुटियातु पंचायत के बजरंग बली मन्दिर परिसर एवं तेतरी गाँव प्रभारी पप्पू सिंह,वार्ड सदस्य सोभा मुण्डा, गायत्री देवी,गीता देवी,सुनीता देवी एंव पंचायत



समिति सदस्य रोजलिन तिर्की के अगुवाई में बड़ते ठण्ड को देखते हुए बृध्द महिला पुरूष को आजसू पार्टी के सौजन्य से कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर आजसू पार्टी के राँची जिला उपाध्यक्ष वरिय प्रकाश लकड़ा जी ने अपने संबोधन में कहा कि आजसू पार्टी माटी की पार्टी है।आम जन मानस की सेवा करना सभी के सुख दुःख में खड़े रहना हीं आजसू पार्टी की मुख्य उद्देश्य है। मुख्य रूप से खिजरी विधान सभा प्रभारी श्री जितेन्द्र सिंह,लक्ष्मण महतो,प्रदीप तिर्की घुमेश्वर महतो एवं सैकड़ों ग्रमीण उपस्थित थे।

## लुंडरी पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो प्रखण्ड के लुंडरी पंचायत स्थित मैदान में प्रखण्ड प्रखण्ड प्रमुख श्रीमती होलिका देवी जी एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, चान्हो श्री अशोक कुमार की अध्यक्षता और जिला परिषद सदस्य



(पूर्वी) श्री आशुतोष तिवारी जी* की गरिमामयी उपस्थिति में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान लुंडरी पंचायत अन्तर्गत निम्नलिखित योजनाओं से सबंधित आवेदन प्राप्त हुए एवं परिसम्पत्तियों का वितरण लाभुकों के बीच किया गया। शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जि0प0(पूर्वी) सदस्य श्री आशुतोष तिवारी जी ने कहा कि झारखण्ड सरकार के द्वारा संचालित सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं को इस कार्यक्रम के द्वारा आपके गांव और द्वार तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित है। आप सभी योग्यता अनुसार योजनाओं का लाभ लें। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने ÷गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, अबूआ आवास योजना, ÷ के बारे में बताते हुए सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ लेने की बात कही। उन्होंने सभी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी शिविर में उपस्थित लोगों की दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में लुंडरी पंचायत की मुखिया श्रीमती नीलम उरांव, पंचायत समिति सदस्य श्रीमती आशा देवी, पंचायत सचिव श्री हरि हज़ाम, जनसेवक श्री बुधवा उरांव, कृषक मित्र सहित अन्य सभी स्थानीय जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बेड़ो प्रखंड के पुरियो पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के पुरियो पंचायत में मंगलवार को आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू और अंचल अधिकारी प्रताप मिंज के द्वारा ग्रामीणों द्वारा समर्पित किए गए दर्जनों आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तत्काल स्वीकृत दी गई। वहीं दर्जनों लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण अतिथियों के हाथों से किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू और अंचलाधिकारी प्रताप मिंज ने अबुवा आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन



योजना, मुख्यमंत्री रोजगार श्रजन योजना, मनरेगा, सावित्रीबाई फुले महिला समृद्धि योजना, कंबल, धोती साड़ी सहित कई कल्यणकारी योजना के बारे में जानकारी दिये। प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप ने कहा कि सरकार के द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का आप अधिक से अधिक लाभ ले सकें इसके लिए हमारे पंचायत प्रांगण में सभी विभाग के पदाधिकारी शिविर में बैठे हैं। आप योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। मौके पर जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष सत्येन्द्र साहु, पूर्व मुखिया शैलबाला तिर्की, कुवा पहान, विधायक प्रतिनिधि संजय कच्छप, ग्राम प्रधान जयराम उराँव, बीपीओ संजय तिर्की सहित अन्य ने सभा को संबोधित करते हुए विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी और लोगों से योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। इससे पूर्व जेएसएलपीएस की दीदीयों द्वारा अतिथियों के आगमन पर पारंपरिक तरीके से शानदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर परंपरागत ढंग से किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में जेएसएलपीएस टीआरआई की महिलाओं ने पंचायत के जन प्रतिनिधियों के साथ मिलकर सराहनीय प्रयास किया जिसके लिए उन्हें अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## भाजपा ने सीओ को धान अधिप्राप्ति केंद्र खोलने को लेकर सौंपा ज्ञापन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा अध्यक्ष कामेश्वर महतो के नेतृत्व में अंचल अधिकारी ओरमांझी नितिन शिवम गुप्ता को धान अधिप्राप्ति केंद्र जल्द खोलने को लेकर एक प्रतिनिधि मण्डल द्वारा ज्ञापन सौंपा गया।इस अवसर पर प्रदेश किसान मोर्चा उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी ने कहा कि झारखंड सरकार अभी तक धान अधिप्राप्ति केंद्र नहीं खोलना बहुत ही ही दुर्भाग्यपूर्ण है। एक ओर किसान कम बारिश से कम उपज से महाजन के कर्ज़ में डूबे हुए हैं। दूसरी ओर सरकार किसान के दर्द देखकर चुप्पी साधी हुई है।जिसके चलते किसान महाजनों के कर्ज को कम करने के लिए औने पौने दाम पर बेचने के लिए विवश हैं। केंद्र सरकार द्वारा धान अधिप्राप्ति का समर्थन मूल्य21. 83 एवं राज्य सरकार 1.17 बोनस दे रही है। यदि धान अधिप्राप्ति केंद्र खुला हुआ रहता तो किसान 23 रूपए प्रति किलो बेच सकते थे। लेकिन किसान मजबूर होकर 15 रुपए किलो धान बेंच रहे हैं। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा झारखंड सरकार अगर 10 दिनों के अंदर धान प्राप्ति केंद्र नहीं खोलती है, तो किसान मोर्चा द्वारा उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। इस अवसर पर राँची जिला ग्रामीण उपाधक्ष मानकी राजेंद्र शाही, महामंत्री अलखनाथ महतो, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, मुखिया दीपक बड़ाइक, मंत्री राजकिशोर साहू, सोशल मीडिया प्रभारी शशि मेहता, अजय साहू,आनंद महतो आदि उपस्थित थे।

## गेतलसुद में लगाये जाने वाला किसान मेला का किया गया बैठक

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनगड़ा प्रखण्ड के विवेकानन्द सेवा संघों के द्वारा दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रॉंची के मार्गदर्शन में लगने वाला 45वॉं केन्द्रीय श्री रामकृष्ण किसान मेंला का बैठक मेला समिति के अध्यक्ष सह मुखिया नवागढ़ श्री भुवनेशवर बेदिया के अध्यक्षता में की गई। बैठक में विशेष रूप से रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रॉंची के सचिव स्वामी भवेशानन्द जी महराज उपस्थित थे। ज्ञात हो कि मेला अगामी 8 एवं 9 फरवरी 2024 को लगाया जाएगा। मेला का सफल आयोजन के लिए मेला समिति का गठन किया गया। संरक्षक -राजेन्द्र शाही मुण्डा जिला परिषद सदस्य अनगड़ा पूर्वी, अनुराधा मुण्डा जिला परिषद सदस्य अनगड़ा पश्चिमी, दीपा उरॉंव प्रमुख अनगड़ा, अनिता गाड़ी पूर्व प्रमुख अनगड़ा, शान्ति मुण्डा मुखिया गेतलसुद, अध्यक्ष - भुवनेशवर बेदिया, मुखिया नवागढ़, उपाध्यक्ष-राजकुमार बेदिया, मालिया बेदिया, सचिव- कमल बेदिया, सह सचिव-मोहन बेदिया, सुधू बेदिया, बुधेशवर उरॉंव, कोषाध्यक्ष- प्रमेशवर महतो, सहयोगी -लालो महतो, सफाई मंत्री-चन्द्रदीप बेदिया, बसंत मुण्डा, प्रचार मंत्री - शिवचरण बेदिया, दिपेन्द्र बेदिया, सुरक्षा मंत्री-जितेन्द्र उरॉंव, कैलास महतो, सुरेश कुमार महतो, श्रवण मुखियार , अर्जुन बेदिया, फसल निबंधन -बैजनाथ बेदिया, कलेशवर बेदिया, संतोष बेदिया, खाद्य मंत्री- जगेशवर बेदिया, करण सिंह बेदिया, बालेशवर महतो, महेन्द्र महतो, स्वागत मंत्री-नरेन्द्रनाथ बेदिया, युगलकिशोर बेदिया, मेघनाथ बेदिया, देवनरायण बेदिया आदि का चयन किया गया है।

## पिपरवार कोयलांचल के लोग चतरा मे आयोजित तहरीके बेदारी कॉन्फ्रेंस में हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के इलाको के विभिन्न अंजुमन के लोग मंगलवार को चतरा के हंटरगंज मे एदारा शरिया दूरा आयोजित तहरीक ए बेदारी कान्फ्रेंस मे शामिल हुए।पिपरवार क्षेत्र के बचरा अंजुमन,कल्याणपूर अंजुमन और न्युमंगरदाहा अंजुमन के लोग टंडवा प्रखण्ड अध्यक्ष मोहम्मद ताज के नेतृत्व मे एक साथ चतरा के लिए रवाना हुए।इस संबंध मे बचरा अंजुमन के सदर इस्लाम अंसारी ने कहा कि टंडवा प्रखंड के सभी अंजुमन कमेटी के लोग एक साथ वाहनो पर सवार होकर तहरीक ए बेदारी कांफ्रेंस के लिए रवाना हुए।उन्होंने कहा कि समाज को अच्छा संदेश देने के लिए यह कांफ्रेंस का आयोजन किया गया है, जिसमें बिहार के पूर्व एमएलसी गुलाम रसूल बल्यावी की बातें




सुनकर कई जानकारी मिली।आज हमारे समाज में बहुत कमी है।बहुत बुराइयां फैली हुई है।

इस कांफ्रेंस के जरिए सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का पहल किया गया है।समाज में नशाखोरी और दहेज प्रथा बन्द करने,शादी विवाह में फिजूल खर्च बंद करने सहित कई बातों पर निर्णय लिया गया।मोहम्मद ताज ने कहा कि समाज में फैले कुरीतियों को दूर करने के लिए सभी को जागरूक करने का काम किया जा रहा है।समाज को शिक्षित बनाने और सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए सभी को आगे आने की जरूरत है। कल्याणपुर अंजुमन के सदर इदरीस अंसारी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से काफी सीख मिलती है। बेहतर समाज के लिए इस तरह का आयोजन काफी जरूरी है।कॉन्फ्रेंस में शामिल होने वालों में हाजी इदरीश अंसारी,इस्लाम अंसारी, एजाजुल अंसारी,मोहम्मद ताज, आशिक अली,क्युम अंसारी, इदरीश अंसारी,नईम अंसारी, लियाकत अंसारी, सकील अंसारी, असलम अंसारी,आज़ाद अंसारी, सद्दाम अंसारी,मुस्लिम अंसारी, असगर अंसारी,सोनू अंसारी, ज़मीर अंसारी, जिलानी होदा सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

## बाघवार अकादमी की टीम ने रोमांचक मुकाबले में सच्चिदानंद ज्ञान भारती को 10 रनों से हराया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** मंगलवार को वेंचर स्किल अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत गोल चक्कर मैदान धुर्वा सेक्टर 2 में खेले गए एक मैच में बाघवार अकादमी चान्हो की टीम ने सच्चिदानंद ज्ञान भारती स्कूल को एक रोमांचक मुकाबले में 10 रनों से पराजित किया। यह मैच राँची ज़िला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में कराया जा रहा है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बाघवार अकादमी की टीम ने अपने निर्धारित 35 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर166 रन बनाए । इस टीम के बल्लेबाज आदर्श राज ने अपनी टीम के लिए 49 रन बनाए तथा अभय महली ने 35रनों का योगदान दिया । जवाबी पारी खेलने उतरी सच्चिदानंद ज्ञान भारती स्कूल की टाइम शुरू से ही लड़खडा गई। स्इस टीम के आशीष कुमार 45 रन तथा प्रिंस कुमार 36 रन बनाए। इनके अलावा कोई बल्लेबाज दहाई अंक पर नहीं कर सका। गेंदबाजी में भी बाघवार एकेडमी चान्हो की टीम का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा इस टीम के



ऑलराउंडर आदर्श राज ने 7 ओवरों में 26 रन देकर चार विकेट प्राप्त किया तथा हर्षित नयन ने सात ओवरों में 29 रन देकर तीन विकेट प्राप्त किया। आदर्श राज को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। टीम के इस शानदार प्रदर्शन पर बाघवार अकादमी के निर्देशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाध्यापक अरुण बघवार ने टीम की प्रशंसा करते हुए टीम के कोच अजय कुमार सिंह एवं टीम मैनेजर हरे कृष्णा सिंह सहित समस्त टीम को बधाई दी तथा आने वाले मैचो में इस प्रदर्शन को बनाए रखने की सलाह दी ।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–39/2023–24**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 26.12.2023 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 27.12.2023 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 27.12.2023 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यो का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Annual Maintenance and Operation Contract of Fire Alarm System, Fire Detection System and Extinguishers System Installed at NAYAY SADAN Jharkhand Legal Service Authority (JHALSA) Doranda, Ranchi Jharkhand for the Year 2023 -24 (Period 01-01-2024 to 31-12-2024) | 2452200.00 | 49100.00 | 5000.00 | 12 Month |

नोट :– निविदा की शर्ते www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची।

PR.NO.313786 Building(23-24):D



### झारखण्ड राज्य खाद्य निगम, गढ़वा

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गढ़वा जिला अन्तर्गत खरीफ विपणन मौसम 2023–24 में धान अधिप्राप्ति योजनान्तर्गत किसानों से धान अधिप्राप्ति का कार्य शीघ्र प्रारंभ होना संभावित है। धान अधिप्राप्ति केन्द्रों से क्रय किये गए धान का उठाव/परिवहन एवं धान मिलिंग कार्य हेतु जिला स्तरीय धान अधिप्राप्ति अनुश्रवण समिति के माध्यम से राईस मिलरों का चयन किया जाना है।

जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति द्वारा मिलरों के निबंधन/चयन में निम्न वर्णित मापदण्डों को ध्यान में रखा जाएगा :–

1.
क. पूर्व में कोई बकाया नहीं हो।
ख. मिल क्रियाशील हो।
ग. पर्याप्त मात्रा में भण्डारण क्षमता उपलब्ध हो।
घ. मिलिंग क्षमता पर्याप्त हो। मिलिंग क्षमता के अनुरूप कार्य आवंटित किया जायेगा।
2. अधिप्राप्ति केन्द्रों (लैम्पस/पैक्स इत्यादि) को निकटतम राईस मिलों के साथ टैग किया जायेगा।
3. जिला में पर्याप्त मात्रा मिलिंग क्षमता की कमी की स्थिति में अन्य जिलों/झारखण्ड राज्य से बाहर की राईस मिलों से मिलिंग करायी जा सकती है। झारखण्ड राज्य से बाहर स्थित राईस मिलों के साथ भी अधिप्राप्ति केन्द्रों (लैम्पस/पैक्स इत्यादि) की टैगिंग निकटतम दूरी के आधार पर की जायेगी।
4. सम्बद्ध राईस मिलरों को अग्रिम चावल (Advance CMR) अथवा समतुल्य राशि की बैंक गारण्टी अथवा गारण्टी/समतुल्य राशि प्राप्त किये मिल को धान उपलब्ध नहीं कराया जायेगा।
5. झारखण्ड कस्टम मिल्ड राईस (दायित्व एंव नियंत्रण) संशोधित आदेश, 2021 के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। राज्य में अवस्थित समस्त राईस मिलरों द्वारा प्रत्येक सप्ताह अपने मिलिंग क्षमता का 50% (पचास प्रतिशत) मिलिंग कार्य पहले सरकारी कार्य हेतु की जायेगी, अन्यथा राईस मिलर के वाणिज्यिक कार्य पर रोक लगा दी जायेगी।

उक्त के आलोक में ईच्छुक ब्लेडिंग मशीन अधिप्राप्ति राईस मिलर दिनांक 27.12.2023 तक जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम, गढ़वा (जिला आपूर्ति शाखा, गढ़वा) में संबंधित आवश्यक दस्तावेज जमा करें, ताकि जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति द्वारा मिलर का चयन किया जा सके।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी
–सह–
जिला प्रबंधक, रा0खा0नि0, गढ़वा

PR313846 (Food Public Distribution and Consumer Affairs)23-24*D



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## बालात्कार के मामले में एक गिरफ्तार, गया जेल

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के कुंजवन का एक 20 वर्षीय लड़की के साथ जबरदस्ती बालात्कार करने के खिलाफ में चौका थाना क्षेत्र के बढ़ाम टांड़ के 35 वर्षीय नुतु भुइयां को मंगलवार को ईचागढ़ पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए एसआई गुंजन कुमार ने बताया कि 15 दिसंबर की रात को लड़की का अपने ही रिश्तेदार नुतु भुइयां बगल के गांव बाकलतोड़ीया में एक श्राद्ध कर्म में ले जाने का बात कर बहला फुसलाकर ले जा रहा था । श्राद्ध कर्म में ले जाने का बहाना बनाकर रास्ते में ही एक झाड़ी में पहुंच कर जबरदस्ती लड़की के साथ बालात्कार किया। उन्होंने बताया कि लड़की का मां बाप भी श्राद्ध घर में गए हुए थे। उन्होंने कहा कि उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में सरायकेला भेज दिया गया है।

## सोनारी में टाटा स्टील कर्मी के घर में लगी आग, सारा सामान जलकर खाक

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोनारी थाना अंतर्गत क्रिश्चियन बस्ती निवासी अनूप राज के आवास पर मंगलवार दोपहर आग लग गई। आग घर के पिछले हिस्से में बने किचन से होते हुए पूरे घर पर फैल गई। धुआं निकलता देख घर में मौजूद महिला और बच्चे बाहर की ओर भागे। इधर घटना की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी गई। सूचना पाकर झारखंड अग्निशमन विभाग की एक और टाटा स्टील की दो दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गई। कमरों में धुआं भर जाने के कारण घर से सटे किताब दुकान का दरवाजा तोड़कर दमकल कर्मी अंदर घुसा और ऑक्सीजन मास्क लगाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। डेढ़ घंटे को कड़ी मकक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। अनूप राज ने बताया कि उनके बड़े भाई टाटा स्टील कर्मी है। घर पर महिला और बच्चे ही मौजूद थे। घर के किचन में खाना बन रहा था। सिलेंडर में अचानक विस्फोट हुआ जिससे आग फैल गई। इसके बाद दूसरे सिलेंडर में धमाका हुआ। आग से घर के निचले तल्ले में आग फैल गई जिसमे फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स के अलावा सभी समान जलकर खाक हो गया है। आग से लाखों के नुकसान होने का अनुमान है।

## अंसार खान मिले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से, बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का मिला मंत्र

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस



कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि अंसार खान झारखंड प्रदेश कांग्रेस भवन रांची कार्यालय में जाकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से मुलाकात किया। इस मुलाकात में कांग्रेस संगठन के बारे में काफी देर तक चर्चाएं हुई। श्री राजेश ठाकुर ने अंसार खान को बताया प्रखंड और ग्राम पंचायत एवं बुथ का मजबूत होना अनिवार्य है। हर कांग्रेसी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने के लिए लग जाएं। अंसार खान ने बताया श्री ठाकुर से मुलाकात होने के बाद काफी उनसे सीखने को मिला।

## मकतब अल तक़वा मदरसा में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज़ाद समाज पार्टी एवं अंजुमन इस्लामिया ने मक़तब अल तक़वा मदरसा में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में आज़ाद समाज पार्टी ज़िला के संगठन सचिव मोहम्मद शोएब उपस्थित थे। शाहिद रज़ा, अंजुमन इस्लामिया के सदर, ने बताया कि पिछले महीने उन्होंने 24 लोगों का मोतिबीन का ऑपरेशन मुफ्त में कराया था। इस कार्यक्रम में आज़ाद समाज पार्टी के कोषाध्यक्ष दिलशाद, उपाध्यक्ष शमीम अक्रम, युवा जिला प्रमुख मजहर खान के अलावा, युवा कोषाध्यक्ष वसीम अक्रम और युवा महासचिव जिब्रान सिद्दीक के साथ इम्तियाज खान, अंजुमन इस्लामिया के फ़रीद आलम और एहसान खान मौजूद थे।

## सृष्टि महिला समिति ने किया जरूरतमंदो के बीच कंबल वितरण



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड की अग्रणी सामाजिक संस्था सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति की प्रदेश अध्यक्षा सह समाज सेविका रानी गुप्ता एवम् उनकी सहयोगियों के नेतृत्व आज जमशेदपुर के सोनारी स्तिथ बिरसा मुंडा मैदान में बढ़ती हुई ठंड के मद्देनजर जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटनभाजपा के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने किया। मौके पर उपस्थित स्थानीय लोगों ने समाज सेविका रानी गुप्ता और मुख्य अतिथि का अंग वस्त्र देकर अभिनंदन किया। नीरज सिंह ने रानी गुप्ता एवं उनकी संस्था के द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों की सराहना करते हुए बधाई एवं शुभकामना दिया। मौके पर ही उपस्थित जरूरतमंद लोगों के बीच 70 कंबल का वितरण किया। मौके पर दिव्या, तारा, सविता, प्रतिभा, उषा देवी, रोशन, सविता, लक्ष्मी देवी एवं स्थानीय महिलाएं का योगदान रहा।

## अरविंद कुमार ने 100 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के लेपाटांड़ पंचायत के कुंदरीलोंग गांव में 100 जरूरतमंद लोगों के बीच मंगलवार को पूर्व विधायक अरविंद कुमार सिंह की ओर से कंबल का वितरण किया गया। पूर्व विधायक श्री सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ठंड काफी बढ़ गया है, जिससे बुड़े बुजुर्गो के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अन्य गांवों में भी कंबल का वितरण किया जाएगा। मौके पर सागर दास, तापस घोष, प्रकाश घोष, पुनु ठाकुर, देवाशीष, आदि थे।

# बांग्लादेशी पेशेवर जमाल हुसैन टीम ने जीता टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2023 प्रो-एम इवेंट

## ओम प्रकाश चौहान ने पेशेवरों के लिए पुटिंग प्रतियोगिता जीती





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2023 का प्रो-एम इवेंट बांग्लादेशी पेशेवर जमाल हुसैन और उनकी टीम ने जीता। जमाल हुसैन ने प्रो-एम इवेंट में 54.9 के कुल स्कोर के साथ अपनी टीम को जीत दिलाई। जमाल की टीम में अनिल कुमार शुक्ला, कृष्ण कुमार शर्मा और रूपेश कतरियार शामिल थे। कोलकाता के पेशेवर दिव्यांशु बजाज की टीम 55.1 के कुल स्कोर के साथ उपविजेता रही। दिव्यांशु की टीम में शिल्पा अमीन, सुश्री माया चौधरी और श्री विनायक सिद्धि थे। वहीं जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित पेशेवरों के लिए पुटिंग प्रतियोगिता वर्तमान टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग लीडर पेशेवर ओम प्रकाश चौहान ने जीती।

## चाईबासा कांग्रेस भवन में मनाया गया विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर चाईबासा कांग्रेस भवन में अल्पसंख्यक जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में सम्मान समारोह सह जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अल्पसंख्यक प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष गुलरेज अख्तर, पश्चिमी सिंहभूम के प्रभारी डॉक्टर फैजल खान, प्रदेश सचिव अशरफुल होदा, जिला अध्यक्ष तौहीद आलम एवं महिला जिला अध्यक्ष नीतिमा बारी ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष चंद्रशेखर दास, सांसद प्रतिनिधि त्रिशानू रॉय, अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष जहांगीर आलम, प्रखंड अध्यक्ष सलीम अख्तर, प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी, मो इरशाद, मो सालीम, मो एहतेशाम एवं काफी संख्या में अल्पसंख्यक कांग्रेस के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## टोंटो में नक्सल विरोधी अभियान में पुलिस ने दो आईईडी बम बरामद कर किया नष्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगन्नाथपुर :** पश्चिमी सिंहभूम के कोल्हान जंगल में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान में लगातार सुरक्षाबलों को कामयाबी मिल रही है. मंगलवार को भी सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के मंसूबे पर पानी फेर दिया. मंगलवार सुबह टोंटो थाना क्षेत्र के पाटातोरब एवं चिड़ियाबेड़ा जंगली इलाकों में अभियान के दौरान दो जगह से सुरक्षाबलों ने दो आईईडी बम बरामद किया. एक बम 5 केजी का था, जबकि दूसरा बम 10 केजी का था. दोनों बम को उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता की मदद से सुरक्षात्मक तरीके से विस्फोट कर नष्ट कर दिया गया है. मालूम रहे कि कोल्हान जंगल में बड़े माओवादी नेता सक्रिय हैं, जिनकी तलाश में सुरक्षाबल के जवान



लगातार अभियान चला रहे हैं. वहीं दूसरी तरफ माओवादी पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने के लिए आईईडी प्लांट कर रहे हैं लेकिन सुरक्षाबल के जवान हर बार नक्सलियों को मात दे रहे हैं.

## इरवाइन एडवेंटिस्ट विद्यालय की वार्षिक खेलकूद में विद्यार्थियों ने दिखायी प्रतिभा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**घाटशिला :** घाटशिला के गोपालपुर स्थित इरवाइन एड्वेंटिस्ट विद्यालय परिसर में मंगलवार को तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि घाटशिला विद्युत के पूर्व सहायक अभियंता कपिल रंजन तिग्गा, संचालक सह निर्देशक सैम्युल जोगेन्दर हेम्ब्रम, प्राचार्य जॉर्ज हेंब्रम ने विद्यालय के वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का झंडोत्तोलन व मशाल जलाकर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता तीन दिनों तक चलेगी। इसका समापन 21 दिसंबर को किया जाएगा। इस अवसर पर निदेशक सैम्युल जोगेन्दर हेम्ब्रम ने बताया



कि विद्यालय में खेलकूद का आयोजन बहुत ही जरूरी है। वही प्राचार्य जॉर्ज हेंब्रम ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ स्वस्थ्य जीवन के लिए शारीरिक श्रम का महत्व है।

# जेएसएसपी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग ड्रिल प्रदर्शन कर दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जुस्को स्कूल साउथ पार्क ने स्कूल परिसर के साइंस पार्क मैदान में नर्सरी से कक्षा 3 तक के छात्रों के लिए अपना 19वां वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जेईएम फाउंडेशन के वरिष्ठ प्रबंधक जीजू थॉमस मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बच्चों को हर दिन कम से कम एक घंटा अपने घर की चारदीवारी के बाहर बिताना चाहिए और प्रकृति का आनंद लेना चाहिए। मौके पर विशिष्ट अतिथि टाटा स्टील के वरिष्ठ खेल प्रशासक फिरोज खान और विशेष अतिथि राजा भट्टाचार्जी, हेड ऑपरेशंस, जमशेदपुर फुटबॉल क्लब ने संबोधित किया। स्कूल की प्रिंसिपल मिली सिन्हा ने माता-पिता और छात्रों को अपने संबोधन में भाग लेने की आवश्यकता पर जोर दिया। जूनियर स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग ड्रिल प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नर्सरी और एलकेजी के छात्रों ने छोटे सांता ने जिंगल बेल्स की धुन पर नृत्य किया, जबकि यूकेजी और कक्षा 1 के छात्रों ने अपनी जीवंत इंद्रधनुष ड्रिल से भीड़ को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा 2 और 3 के छात्रों ने अपने एरोबिक मूव्स का प्रदर्शन किया और अपनी फिटनेस साबित की। गौरतलब हो कि जेएसएसपी न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि अपने छात्रों के बीच शारीरिक फिटनेस और खेल कौशल की संस्कृति को भी बढ़ावा देता है।

## जुगसलाई विधायक ने सदन में उठाया हो भाषा की पढ़ाई शुरू करवाने की मांग




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान शून्यकाल में मंगलवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने अपनी बात रखते हुए कहा कि झारखंड सरकार ने हो भाषा को झारखंड का द्वितीय राज्य भाषा की मान्यता दी है। हो भाषा के संवर्धन एवं संरक्षण हेतु प्राथमिक स्तर (केजी) से उच्च स्तर (पीजी) तक पढ़ाई करना अति आवश्यक है। उक्त भाषा के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल, कॉलेज एवं विश्वविद्यालयों में पढ़ाई शुरू करना अति आवश्यक है। मैं आसन के माध्यम से लोकहित एवं जनहित में उक्त भाषा से प्राथमिक स्कूल, कॉलेज एवं विश्वविद्यालय में पढ़ाई शुरू करवाने हेतु सरकार से मांग करता हूँ ।

## झिमरी में डहरे टुसु पर्व को लेकर कुड़मी समाज ने की ग्रामीणों संग बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरूलडीह :** छोटानागपुर कुड़मी कला संस्कृति के बैनर तले चिनिवास महतो की अध्यक्षता डहरे टुसु का आयोजन को लेकर एक बैठक झिमड़ी स्टेशन किया गया। बैठक में डहरे टुसु पर्व आगामी 7 जनवरी 2024 को शहीद सुनील महतो के समाधि स्थल से साकची आमबागान मैदान तक जाने को लेकर चर्चा किया गया। बैठक में आस पास गाँव के ग्रामीण शामिल हुए तथा प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए चर्चा की गई। वहीं इस



आयोजन से आदिवासी संस्कृति आगे बढ़े और शहरी क्षेत्र में भी स्थापित हो।बैठक मे झिमड़ी पंचायत समिति सदस्य पदमोलोचन महतो ,उप मुखिया बिजय महतो, आदिवासी कुड़मी समाज जिला अध्यक्ष प्रभात महतो, पूर्व पंचायत समिति सुनील कुमार महतो,प्रखंड अध्यक्ष कुड़मी समाज गुहीराम महतो, भद्देश्वर महतो, धनंजय महतो, मानस महतो,संजय महतो आदि उपस्थित थे।

## सरदार पटेल नर्सिंग कॉलेज में मनाया गया कैपिंग लैंप लाइटिंग व शपथ समारोह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सरदार पटेल नर्सिंग कॉलेज, गालुडीह में धूमधाम से मनाया गया कैपिंग समारोह। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एमजीएम नर्सिंग कॉलेज की पूर्व प्राचार्य रेखा मिश्रा एवं संस्था के निर्देशक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मौके पर मुख्य अतिथि ने बताया की कैपिंग एवं लैंप लाइटिंग समारोह नर्सिंग छात्रों के लिए काफी महत्वपूर्ण होता है। विश्व के सभी नर्स को इस प्रक्रिया से गुजरना होता है। इस अवसर पर नर्सिंग छात्राओं ने



शपथ ली कि पास करने के बाद बगैर किसी संकोच एवं भेद-भाव के अपना जीवन मानव सेवा में समर्पित कर देंगी। उन्होंने बताया की मेडिकल प्रोफेशन में नर्स स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ होती है। बगैर नर्स के कोई अस्पताल नही चल सकती है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकगन एवं छात्रों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# टाटा स्टील जमशेदपुर वर्क्स में हुआ स्लैग गेट गार्डन का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील जमशेदपुर वर्क्स में स्लैग गेट के पास एक आइलैंड गार्डन का उद्घाटन प्रोबाल घोष, वाईस प्रेसिडेंट, शेयर्ड सर्विसेज और राजीव मंगल, वाईस प्रेसिडेंट, सेफ्टी, हेल्थ एंड सस्टेनेबिलिटी के द्वारा टाटा वर्कर्स यूनियन (टीडब्ल्यूयू) के वरिष्ठ पदाधिकारियों व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में सोमवार को किया गया। स्लैग गेट के पास का क्षेत्र यातायात संचालन के लिए बहुत असुरक्षित हो गया है, जहां स्लैग गेट के माध्यम से भारी वाहनों की लगातार आवाजाही के कारण दुर्घटनाएं होने की संभावना रहती है। खतरों को कम करने की दिशा में, यातायात की सुरक्षित आवाजाही के लिए पेवमेंट क्वालिटी कंक्रीट



(पीक्यूसी) सड़क के साथ एक गोल चक्कर विकसित किया गया है। चौराहे को विभिन्न पौधों की प्रजातियों के साथ 250 वर्ग मीटर के एक आइलैंड गार्डन के रूप में भी विकसित किया गया है। यह कार्य स्पेयर्स एंड सर्विसेज डिवीजन के तहत इंजीनियरिंग सर्विसेज द्वारा निष्पादित किया गया था।

# देशाउली की जमीन पर कब्जा कर मकान बनाने का ग्रामीणों ने किया विरोध, एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगन्नाथपुर :** जगन्नाथपुर प्रखंड के मालुका पंचायत के ग्राम मालुका रेलवे स्टेशन समीप में आदिवासियों द्वारा प्राकृतिक आस्था स्थल देशाउली में अतिक्रमण कर मकान निमार्ण करने के विरोध में मंगलवार को स्थानीय ग्रामीणों ने जगन्नाथपुर अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुवा से मिलकर एक ज्ञापन सौपा. जिसमें कहा है कि मौजा-मालुका में जिसका खाता संख्या -03 प्लाट नम्बर-652 भूमि खतियान मे



देशाऊली देवस्थान के नाम एकड़ पैतालिस डिसमिल जमीन दर्ज है. उसी प्लाट में जिसमें देशाऊली है वहाँ पर शांति बोबोंगा द्वारा जबरदस्ती अवैध अतिक्रमण कर मकान बना रही है. पूर्व में ग्रामीण मुंडा द्वारा बैठकी कर उक्त निर्माण कार्य पर रोक व प्रतिबंध लगाने का निर्देश भी दिया था. साथ ही एसडीओ के निर्देश पर कार्य बंद भी कराया गया था. इसके बावजूद निर्माण कार्य शुरु किया जा रहा है. आज फिर वहाँ के ग्रामीणों ने अनुमंडल कार्यालय में जाकर शिकायत की. जिसपर एसडीओ मुकेश मछुवा ने अवेदन प्राप्त कर लोगो से बातकर उचित कार्रवाही की बात कही. इस मौके पर आशीष बोबोंगा, कानुराम लागुरी,कृष्णा बोबोंगा, रामेश लागुरी, बहादुर हेस्सा, कृष्णा सुंडी, चरण जी,उमेश बोबोंगा, शंकर हाईबुरु,मंगल सुंडी, कान्डे हाईबुरु, आदि थे ।

# इतिहास के पन्नों में दर्ज हुआ संसद का शीतकालीन सत्र

संसद में सेंध मामले को लेकर लोकसभा और राज्यसभा में सता पक्ष और विपक्ष आमने सामने हैं। सदन में गतिरोध इस तरह कायम है कि अभी तक 141 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया जा चुका है। विपक्ष सदन में गृह मंत्री अमित शाह से संसद में सेंध मामले पर वक्तव्य की मांग पर अड़ा हुआ है। अभी तक के इतिहास में सदन से 141 सांसदों का निलंबन नहीं हुआ था। संसद का यह शीतकालीन सत्र इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया। पिछले हफ्ते हुई संसद सुरक्षा में चूक को लेकर विपक्ष ने न सिर्फ सदन में विरोध किया, बल्कि नारेबाजी भी की। शीतकालीन सत्र के दौरान ही दो दिन में दोनों सदनों के 92 सांसद निलंबित किए गए। फिर 49 सांसदों को सस्पेंड किया गया। इस तरह अब तक 141 संसद निलंबित किए जा चुके हैं। जिन सांसदों पर निलंबन की गाज गिरी है उनमें कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी, शशि थरूर, अधीर रंजन चौधरी, नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला से लेकर एनसीपी की सुप्रिया सुले, सपा की डिंपल यादव तक शामिल हैं। कांग्रेस सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर ने कहा कि इतने सांसदों के निलंबन से एक बात स्पष्ट हो गई है कि वो विपक्ष मुक्त लोकसभा चाहते हैं और वे राज्यसभा में कुछ ऐसी ही करेंगे. इसको देखते हुए हमें भारत के संसदीय लोकतंत्र के लिए श्रद्धांजलि लिखना शुरू करना पड़ा. उन्हें बचे हुए सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है, जिसका मतलब है कि वे बिना किसी चर्चा के लिए अपने बिल पास करना चाहते हैं. संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने निलंबन के संबंध में एक प्रस्ताव पेश किया। इसे ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। इस बीच लोकसभा के बाद राज्यसभा में भी सांसदों पर कार्रवाई की गई। सदन में हंगामे और नियमों की अवहेलना को लेकर सांसदों को निलंबित किया गया। लोकसभा से अपने निलंबन पर लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि मेरे समेत सभी नेताओं को निलंबित कर दिया गया है। हम कई दिनों से मांग कर रहे हैं कि हमारे जिन सांसदों को पहले निलंबित किया गया था उन्हें बहाल किया जाए और गृह मंत्री आएं सदन में जाकर बयान दें। अधीर ने कहा कि गृह मंत्री रोज टीवी पर बयान देते हैं। संसद की सुरक्षा के लिए सरकार क्या कर रही है, इस पर वो थोड़ा संसद में भी बोल सकते हैं। सरकार अत्याचार की ऊंचाई पर पहुंच गई है। हम सिर्फ चर्चा चाहते थे। दरअसल, संसद की सुरक्षा में हुई चूक के अगले दिन से ही विपक्षी सांसदों ने इस मुद्दे पर हंगामा करना शुरू कर दिया। सरकार का कहना है कि संसद की सुरक्षा चूक मामले में सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इन सभी से पूछताछ भी की जा रही है। इस बीच लोकसभा अध्यक्ष की तरफ से सभी सांसदों को चिट्ठी भी लिखी गई, जिसमें बताया गया है कि एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन किया गया है। ये समिति इस बात को देखेगी कि आगे कभी इस तरह की घटना सामने नहीं आए। गौरतलब है कि संसद की सुरक्षा में सेंध का घटना 13 दिसंबर को हुई। लोकसभा में पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल शून्य काल की कार्यवाही को संचालित कर रहे थे। मालदा उत्तर से भाजपा सांसद खगेन मुर्मू अपनी बात रख रहे थे। तभी दो शख्स दर्शक दीर्घा से नीचे कूद गए। नीले रंग की जैकेट पहना एक शख्स सांसदों की सीट पर कूदने लगा। वह लगभग तीन कतार लांघकर आसन की तरफ जाने लगा। अफरा-तफरी के माहौल के बीच कुछ सांसदों ने हिम्मत दिखाकर उसे घेर लिया। मार्शल भी दौड़कर आ गए। तभी उस युवक ने जूते के अंदर से कुछ पदार्थ निकाला। इसके बाद वहां पीले रंग का धुआं उठने लगा। बाद में सांसदों और मार्शलों ने मिलकर दोनों को पकड़ लिया। इसके बाद पीठासीन अधिकारी ने कार्यवाही स्थगित कर दी। संसद भवन की सुरक्षा में सेंध लगने की घटना को लेकर राजनीति गर्म है। कांग्रेस पार्टी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस ने गृह मंत्री अमित शाह से इस मुद्दे पर सदन में बयान देने की मांग की है। कांग्रेस ने कहा है कि साल 2001 में हुई घटना के बाद तात्कालीन गृहमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने सदन में बयान दिया था। कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर कहा है कि चूंकि मामले की गंभीरता इस तथ्य में निहित है, जो हमारी अपनी सुरक्षा से संबंधित है। इसलिए विपक्ष के सदस्यों का सरकार से स्पष्टीकरण और तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाने की मांग है। कांग्रेस नेता ने स्वीकार किया कि दोनों घटनाएं (2001 और 2023 उल्लंघन) एक दूसरे से अलग हैं। साथ ही कहा कि हालिया घटना ने संस्थानों की सुरक्षा से संबंधित मुद्दों को भी सामने ला दिया है जो हमारी लोकतांत्रिक प्रथाओं और लोकाचार का मूल हैं.जब लालकृष्ण आडवाणी ने 2001 के हमले के बाद एक विस्तृत बयान दिया, तो सभी पार्टी के सदस्य पार्टी लाइन को छोड़कर मजबूती के साथ सरकार के साथ खड़े हुए थे। तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने तत्कालीन प्रधान मंत्री एबी वाजपेयी और उनके उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी से मुलाकात भी की थी। लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के नेता चौधरी ने कहा कि वर्तमान उदाहरण में भी गृह मंत्री को सदन में बयान देना चाहिए।

### दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में मायावती को बड़े नेताओं के बीच बोलने का मौका मिला

# शिखर से शून्य की ओर जाता दिख रहा है बसपा का दलित मूवमेंट आंदोलन

अजय कुमार

बसपा में उत्तराधिकारी घोषित करने की जो पुरानी परंपरा पुरानी है, उसे जीवित जरूर रखा, लेकिन मायावती और मान्यवर कांशीराम के फैसले में जमीन आसमान का अंतर है। यदि ऐसा ना होता तो आज मायावती के भतीजे की जगह कोई और नेता मायावती की सियासी विरासत का उत्तराधिकारी होता। अभी तक मायावती के भतीजे आकाश आनंद सियासत में कुछ ऐसा नहीं कर पाए हैं, जिसके आधार पर उनकी राजनीतिक कुशलता का एहसास किसी को हुआ हो। गौरतलब है कि मायावती को मान्यवर कांशीराम जब राजनीति में लाए थे तो उसे समय वह आईएएस की तैयारी कर रहीं थीं।

**बहुजन** समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने जैसे ही अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी में अपना उत्तराधिकारी घोषित किया, उसके तुरंत बाद मायावती पर भी वंशवाद की राजनीति करने का आरोप लगने लगा है। उनसे पूछा जा रहा है कि मान्यवर कांशीराम के साथ दलित मूवमेंट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बसपा नेताओं को बहन जी ने क्या इसी दिन के लिए बाहर का रास्ता दिखाया था, ताकि उनके भतीजे के लिए राजनीति का रास्ता सुगम हो सके? हाल ही में मायावती ने अपने सांसद दानिश अली को भी पार्टी से निलंबित कर दिया है, जो इस समय काफी तेजी के साथ बसपा में अपनी पकड़ बना रहे थे। यह और बात है कि इतना सब होने के बाद भी मायावती ने सार्वजनिक मंच से उत्तराधिकारी घोषित करने की पार्टी की परंपरा को कायम रखा। करीब ढाई दशक पहले मान्यवर कांशीराम ने भी इसी तरह मायावती को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। उन्होंने भी लखनऊ में एक सभा में मंच से इसका ऐलान किया था। उस समय खासी राजनीतिक हलचल मची थी। कांशीराम के फैसले पर सवाल उठाए गए थे। लेकिन, कांशीराम ने मायावती की प्रतिभा का आकलन करने के बाद उन्हें यह पद देने का ऐलान किया था। इस घोषणा के करीब 6 साल बाद वर्ष 2007 में उत्तर प्रदेश में मायावती पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में कामयाब हुई थीं, लेकिन मायावती के फैसले ने यूपी की सियासी गर्मी को बढ़ा दिया है। क्योंकि उन्होंने बसपा के किसी नंबर दो के दमदार नेता की बजाय भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित करना ज्यादा उचित समझा। यही परंपरा मान्यवर कांशीराम निभाते तो आज मायावती बसपा सुप्रीमो नहीं हो पातीं बल्कि उनकी जगह कांशीराम के परिवार का कोई सदस्य इस कुर्सी पर बैठा होता और हो सकता है वही उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री भी होता। हालांकि, मायावती ने



बसपा में उत्तराधिकारी घोषित करने की जो पुरानी परंपरा पुरानी है, उसे जीवित जरूर रखा, लेकिन मायावती और मान्यवर कांशीराम के फैसले में जमीन आसमान का अंतर है। यदि ऐसा ना होता तो आज मायावती के भतीजे की जगह कोई और नेता मायावती की सियासी विरासत का उत्तराधिकारी होता। अभी तक मायावती के भतीजे आकाश आनंद सियासत में कुछ ऐसा नहीं कर पाए हैं, जिसके आधार पर उनकी राजनीतिक कुशलता का एहसास किसी को हुआ हो। गौरतलब है कि मायावती को मान्यवर कांशीराम जब राजनीति में लाए थे तो उसे समय वह आईएएस की तैयारी कर रहीं थीं। उसी दौरान दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में मायावती को बड़े नेताओं के बीच बोलने का मौका मिला। उन्होंने तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री राज नारायण पर हमला बोला। राजनारायण दलितों को हरिजन कहकर संबोधित कर रहे थे। मायावती ने कहा कि आप हमें हरिजन कहकर अपमानित कर रहे हैं। कांशीराम ने जब यह बात सुनी तो वह मायावती के घर पहुंच गए। कांशीराम ने आईएएस बनने की बजाय राजनीति में आने के लिए मायावती को प्रेरित किया। कांशीराम ने मायावती को समझाया कि अगर वह राजनीति में सफल हो जाती हैं तो दर्जनों आईएएस अधिकारी उनके नीचे काम करेंगे। मायावती दलितों के उत्थान के लिए चल रहे संघर्ष के दौर में कांशीराम के साथ जुड़ीं थीं। मायावती 1984 में बसपा का गठन होने के बाद उसमें शामिल हुईं और उसी साल पहला लोकसभा चुनाव कैराना से लड़ा। पहली बार 1989 में वह सांसद बनीं। इसके बाद वह चार बार यूपी की मुख्यमंत्री भी रहीं। मान्यवर कांशीराम ने 15 दिसंबर 2001 को मायावती को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। लखनऊ में एक सभा में कांशीराम ने कहा कि मैं काफी समय से यूपी कम आ पा रहा हूं। लेकिन खुशी की बात यह है कि मेरी इस गैरहाजिरी को कुमारी मायावती ने मुझे महसूस नहीं होने दिया। यह कहकर उन्होंने मायावती को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। यह ऐसा वक्त था, जब पार्टी संघर्ष के दौर से गुजर रही थी और 2002 के विधानसभा चुनाव होने वाले थे। कांशीराम के निर्णय से पार्टी के उन नेताओं को झटका लगा था, जिनको मायावती ने पार्टी से बाहर किया गया था। आरके चौधरी और बरखू राम वर्मा पार्टी में यह संदेश दे रहे थे कि मायावती के साथ उनके मतभेदों के बावजूद अब भी वे कांशीराम के पसंदीदा हैं। मायावती ने उत्तराधिकारी घोषित करने की उस परंपरा को तो आगे बढ़ाया है, लेकिन एक बड़ा अंतर भी है। कांशीराम ने अपने परिवार के किसी सदस्य को आगे नहीं बढ़ाकर एक मिसाल पेश की थी, जबकि मायावती ने अपने सगे भतीजे को यह जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी जानकारों का कहना कि अखिलेश यादव, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और दलितों में लोकप्रिय हो रहे चंद्रशेखर युवा चेहरे के तौर पर आते हैं। ऐसे में मायावती ने उनके मुकाबले सबसे युवा चेहरे 28 साल के आकाश को उत्तराधिकारी बनाया है। युवाओं में पकड़ बनाकर वह पार्टी को आगे बढ़ा सकते हैं। खैर, उत्तराधिकारी बनने के बाद आकाश के सामने कई चुनौतियां भी हैं। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि मायावती जिस तरह कठिन परिस्थितियों से पार्टी को निकालकर लाई थीं, क्या वह ऐसा करिश्मा कर पाएंगे? यह वह दौर है जब बड़े-बड़े दिग्गज देता प्रधानमंत्री मोदी की शख्सियत के सामने पानी भर रहे हैं। जातिवाद की राजनीति उतार पर है। ऐसे में युवाओं को जोड़ने के साथ वरिष्ठों के साथ तालमेल बैठाकर कैसे पार्टी को आगे ले जाएंगे? पार्टी ने उनको लगातार बड़ी जिम्मेदारियां दीं, लेकिन अब तक वह कुछ खास चमत्कार नहीं कर पाए हैं। लोकसभा चुनाव से पहले उन्हें देश भर में संगठन की जिम्मेदारी दी गई है। बेहतर नतीजों के जरिए उत्तराधिकार की जिम्मेदारी पर उन्हें खरा उतरना होगा। अगर वे संगठन पर पकड़ बनाने में मजबूत हुए तो उन्हें भी मायावती की तरह बड़ी सफलता मिल सकती है, मगर समस्या यह भी है कि मायावती इस समय अपनी सियासत के बहुत-बुरे दौर से गुजर रही हैं। उनकी दलित सियासत उतार पर है।

दृष्टि कोण

# बेदर्दी से नोच फेंकने की पीड़ा है विस्थापन

**विस्थापन** का कारण प्राकृतिक आपदा या फिर मानव निर्मित दोनों ही परिस्थितियों में समाज के गरीब व अक्षम वर्गों को भारी क्षति उठानी पड़ती है, कई संयुक्त परिवार टूट जाते हैं, सामाजिक ताना-बाना बिखर जाता है। सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक प्रक्रियाओं के साथ-साथ धार्मिक जीवन भी प्रभावित होता है। भू-अधिग्रहण एवं विस्थापन से विस्थापितों की जनक्रियाएं, प्रक्रियाएं एवं मानसिक क्षमता भी प्रभावित होती है। पर्याप्त मुआवजे के अभाव में व्यक्ति का सही पुनर्वास एवं पुनस्थापन नहीं हो पाता है। आर्थिक क्षति के साथ-साथ उनको मानसिक, व्यावसायिक एवं सामाजिक क्षति भी होती है। सच तो यह है कि सरकारी मुआवजे, अनुदान, राहत राशि के बड़े-बड़े वादे और नए पुनर्वास स्थल पर सारी सुविधाओं के होने के बावजूद अपनी जमीन से कटने का दर्द कभी मन से नहीं मिटता है, यह हमेशा मन को कचोटता रहता है। वास्तव में यह उनके लिए लाभ-हानि का सौदा नहीं रह जाता है। असलियत में यह पुशतैनी रूप से सदियों से बंधे अपने परिवेश से कटने का दुःख स्मृतियों, संवेदनाओं और मन के टूटने से जुड़ा होता है। विस्थापन की सूचना मिलने मात्र से ही उनका तन-मन शिथिल हो उठता है, जबकि समाज का एक वर्ग प्रभावितों के दुःख से अनभिज्ञ रहता है। असलियत में विस्थापन की समस्या एक सामाजिक समस्या है। इसे केवल मात्र लाभ या हानि, विकास और मुआवजे से जोडक़र नहीं देखा जाना चाहिए। जरूरत है जो लोग अपनी जड़ों से कटे हैं, उनकी संवेदनाओं और जरूरतों का मानवीय आधार पर ध्यान रखा जाए। उनके विस्थापन को देश व समाज की भलाई की खातिर कुर्बानी की भावना के तहत प्रमुखता दी जाए ताकि उनको अपनी जमीन से कटने का दर्द किसी हद तक कम किया जा सके। किसी भी देश को विकास के पथ पर अग्रसर होना हो तो परियोजनाएं अहम रोल अदा करती हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण विद्युत परियोजनाएं हैं जिनके निर्माण में बहुत से लोग प्रभावित होते हैं। ऐसे ही 1975 में जब पौंग बांध निर्मित हुआ था तो हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले की अत्यधिक उपजाऊ भूमि इसके अधीन आई थी, हजारों परिवारों को विस्थापन का दंश झेलना पड़ा। 1975 में पूरा हुआ पौंग बांध ब्यास नदी को रोककर उसके पानी को भारत के सबसे लंबे नहर नेटवर्क, इंदिरा गांधी नहर के माध्यम से राजस्थान के थार रेगिस्तान तक ले जाया गया। बांध के कारण कांगड़ा के 339 गांवों की 75268 एकड़ जमीन, घर, कृषि भूमि और सार्वजनिक भूमि जलमग्न हो गई। पौंग बांध विस्थापितों को सरकारी भूमि का आवंटन नियम-1972 के अनुसार राजस्थान और पंजाब की सरकारों द्वारा सहमत पुनर्वास पैकेज के अनुसार, प्रत्येक पात्र विस्थापित को 15 एकड़ जमीन आवंटित की गई। यह वह समय था जब हिमाचल राज्य बनने से पहले कांगड़ा जिला पंजाब का हिस्सा होता था। 1970 में राजस्थान के जैसलमेर, गंगानगर और बीकानेर जिलों में लोगों के पुनर्वास के लिए हिमाचल प्रदेश और राजस्थान की सरकारों के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे। कारण यह था कि बांध का पानी इंदिरा नहर परियोजना के माध्यम से इन क्षेत्रों को सिंचित करने वाला था। राजस्थान में जो भूमि विस्थापित हुए लोगों के लिए दी गई वो एकदम से बंजर और रहने योग्य नहीं थी। हालात यह है कि आज 52 वर्ष बाद भी लोगों को हक नहीं मिला, समय-समय पर प्रदेश सरकार, केंद्र सरकार राजस्थान सरकार के समक्ष गुहार लगाती रही, सर्वोच्च न्यायालय ने भी कई बार निर्देश दिए हैं, परंतु प्रभावित लोगों को अभी तक न्याय नहीं मिला है। इसके अलावा नियमों के तहत राजस्थान में 16352 परिवार पुनर्वास के पात्र थे। लेकिन 1992 तक केवल 9196 आवंटन किए गए थे और उनमें से 6658 आवंटन 1972 के नियमों के उल्लंघन के कारण राजस्थान सरकार द्वारा रद्द कर दिए गए थे। इसके अलावा पुनर्वास के लिए निर्धारित भूमि खेती के लिए उपयुक्त नहीं थी और सभी पात्र विस्थापितों को समायोजित करने के लिए पर्याप्त सिंचित भूमि उपलब्ध नहीं थी। बांध निर्माण के समय हजारों घर डूब गए, इस कारण विस्थापित परिवार सही पुनर्वास न होने के कारण अभी भी हिमाचल प्रदेश के वास्तविक निवासी कहलाने का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे हजारों परिवार राज्य के विभिन्न स्थानों पर बसे हुए हैं। अकेले कांगड़ा जिला के उपमंडल देहरा में कम से कम 450 परिवार बसे हुए हैं व आजीविका हेतु सामान्य नौकरियां व काम धंधा कर रहे हैं। विस्थापन के समय प्रदेश के मुख्यमंत्री व देश के प्रधानमंत्री ने घोषणा की थी कि प्रभावितों को जहां भूमि मिले, बस जांए, मलिकाना हक मिल जाएगा, परंतु आज हालात विपरीत हैं, कभी कोर्ट कभी सरकार के द्वारा विस्थापित दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## बीडीओ ने स्कूल,मतदान केंद्र व पंचायत भवन को सिफ्ट करने का दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के बिरसा परियोजना के विस्तारीकरण को लेकर पोंटगा में ओबी डम्प किया जा रहा है जिससे पोंटगा सरकारी स्कूल, पंचायत भवन व मतदान केंद्र में दरारें पड़ गई है पोंटगा पंचायत के ग्रामीणों ने मुखिया चरका करमाली को इससे संबंधित मामले को उनके समक्ष रखा था। तीनों मामलों को लेकर मुखिया ने पंचायत भवन, सरकारी स्कूल, मतदान केंद्र को स्थानांतरित करने को लेकर बड़कागांव बीडीओ व सीओ को आवेदन देकर जगह स्थानांतरित करने की मांग की । जिसपर कार्यवाही करते हुए बीडीओ जितेन्द्र मंडल व सीओ बालेश्वर राम ने स्थल चयनित करने को लेकर निरीक्षण किया है। बीडीओ जितेन्द्र मंडल ने बताया कि बिरसा कोलियरी का विस्तारीकरण को लेकर ओबी डंप किया जा रहा है जिससे पंचायत सचिवालय, स्कूल व मतदान केंद्र को हटाकर जरजरा में पंचायत भवन, पोंटगा सरकारी स्कूल व मतदान केंद्र को जोजोटोला में स्थानांतरत करने का निर्देश दिया। उन्होंने विभाग के संबंधित पदाधिकारियों को जल्द से



जल्द कार्य करने का निर्देश दिया जिससे स्कूली बच्चों को पठन पाठन में परेशानी ना हो,वहीं मुखिया ने बताया कि लगातार ओबी डंप होने के कारण बच्चे स्कूल नहीं जा रहे थे।वहीं जनप्रतिनिधी भी पंचायत भवन में उठक बैठक करना बंद कर दिये थे। उनका कहना था कि ओबी डंप होने से पंचायत भवन का गिरने डर लगा रहता है मौके पर इंजीनियर जयप्रकाश चौधरी, कृषि पदाधिकारी रवि रंजन कुमार, भागेश्वर बेदिया, देवन बेदिया, नरेश बेदिया, जगरनाथ बेदिया, रामवृक्ष बेदिया, देवनारायण गंझू आदि लोग मौजूद थे।

## कोल इंडिया फर्मासिस्ट एसोसिएशन के पूर्व महासचिव का निधन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** ईरा सदस्य सह कोयलांचल अरगड्डा क्षेत्र के वरीय पत्रकार राजकुमार शर्मा के बड़े भाई सह कोलइंडिया फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पूर्व महासचिव व सीसीएल सेवानिवृत फर्मासिष्ट सह शिक्षाविद स्वर्गीय शिव शंकर प्रसाद शर्मा का 69 वर्ष की आयु में रांची मेडिका में ईलाज के क्रम में मंगलवार को देहांत हो गया। इससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। वे बीते 28 नवंबर से बिमार चल रहे थे। भाई राजकुमार शर्मा ने बताया कि बड़े भाई स्वर्गीय शिवशंकर शर्मा करीब 1982 से 2015 सेवानिवृत्त तक सीसीएल डियूटी करियर मैं कभी भी अधिकारियों को शिकायत का मौका नहीं दिया। वे कोल इंडिया खेलकूद में कई प्रतियोगिता में पुरस्कृत भी हुए थे। काम करने के दौरान ट्रिपल एमए समाजशास्त्र, राजनैतिक शास्त्र, हिंदी से भी किया था। वे अपने पीछे एक पुत्र संतोष, एक बहु, दो पोता, एक पोती, दो सहोदर भाई, चार भतीजा, पांच भतीजी, दो भावो को छोड़ गए हैं। दिवंगत का अंतिम संस्कार बुधवार बिहार के गांव सिमरिया गंगा घाट में किया जाएगा। सभी बंधु, शुभचिंतक, सहकर्मियों ने दिवंगत की आत्मा शांति के लिए प्रार्थना की हैं।



## सयाल के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच स्वेटर व टोपी का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सयाल उत्तरी पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र में मंगलवार को बच्चे बच्चियों के बीच स्वेटर एवं टोपी का वितरण किया गया पंचायत के मुखिया आशा देवी एवं झामुमो नेता सत्येन्द्र यादव द्वारा अंबाजित कॉलोनी आंगनबाड़ी केंद्र, माईनस क्वार्टर 01,माईनस क्वार्टर 02 ,पीपल सेंटर धोबी मोहल्ला एवं नालापार माइंस क्वार्टर पांचों आंगनबाड़ी केदो पर 75 बच्चे बच्चियों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया इस अवसर पर मुखिया आशा देवी ने कहा कि ठंड के बढ़ते प्रकोप के कारण सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ रहे तमाम बच्चो के लिए स्वेटर की व्यवस्था की गई है सरकार बच्चों के स्वास्थ्य के साथ-साथ उनके दैनिक जरूरी



आवश्यकताओं को भी समय-समय पर पूरा कर रही है उन्होंने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं इनका पालन पोषण और पठन-पाठन में किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी साथ ही सभी ग्रामीणों से अपील किया गया की अपने 5 साल तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केदो में जरूर से जरूर भेजें मौके पर पंचायत के उप मुखिया विमलेश कुमार वार्ड सदस्य कांति कुमारी, सीता देवी ,मंजूलता कुमारी आंगनबाड़ी सेविका सुलेखा बनर्जी ,अंजू देवी, पार्वती देवी, सविता देवी, गुंजा कुमारी बैठा सहायिका रूबी देवी ,वैजयंती देवी ,चंचला देवी ,प्रदीप कुमार राय ,सफी अलम, शाहिदा खातून, साइरस सिंहा ,बबीता कुमारी, मीना देवी ,बसंती देवी ,पूजा देवी सहित दर्जनों अभिभावक और नन्हे मुन्ने बच्चे उपस्थित थे।

## सीसीएल सेफ्टी कार्यक्रम 22 को सिरका में होगी आयोजित

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल के सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन सिरका परियोजना में आगामी 22 दिसंबर 23 को आयोजित होगा। जिसमें सेफ्टी अधिकारी, सदस्यों के द्वारा खदान का निरीक्षण व बेहतर कामगारों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसकी जानकारी सेफ्टी अधिकारी सिरका कामेश्वर महतो ने मंगलवार को दिया।

## एसबीआई जीएम आंफिस एटीएम 11 दिनो से बंद, ग्राहक परेशान

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल के अरगड्डा क्षेत्र जीएम आंफिस मुख्य द्वार में लगा भारतीय स्टेट बैंक की एटीएम मशीन करीब 11 दिनो से बंद पड़ा हैं। जिससे एटीएम सेवा लेने वालो की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। एटीएम पहुंचे ग्राहक शत्रुधन बेदिया, अमित राम ने बताया कि लगभग दो सप्ताह से एटीएम मशीन का लिंक खराब हैं। अभी तक इसे ठीक नहीं किया गया हैं। इससे 12 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले एटीएम धारकों की परेशानी बढ़ गई हैं। वहीं एसबीआई सिरका बैंक प्रबंधन एटीएम जल्द ठीक होने के बारे में बताया हैं।




## मांडू में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के आदेशानुसार प्रखंड सह अंचल कार्यालय मांडू में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर जागरूकता कैंप के माध्यम से लोगों को कानूनी जानकारी के तहत, उन्हें प्रथम सूचना रिपोर्ट, बाल विवाह कानून, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 ,अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अधिकारों से संबंधित कानून ,बंधवा मजदूरी एवं ठेका श्रम से संबंधित कानून, उपभोक्ता संरक्षण कानून ,लोकायुक्त, हमारा कानून हमारा कर्तव्य, निशुल्क विधिक सहायता के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सेवाएं के बारे में लोगों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई साथ ही सरकारी योजना का लाभ दिलवाने में जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ किस तरह गरीबों की मदद करती है इसकी भी जानकारी पीएलवी के द्वारा दी गई । इस विधिक जागरूकता शिविर में मुख्य रूप से प्रखंड सह अंचल कार्यालय मांडू के मदस्सर नजर मंसूरी ( सी.ओ) सुरेश वर्णवाल (सी.आई) , पीएलवी अरविंद राम , चंदन कुमार तथा काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## बरकासयाल एरिया के भुरकुंडा परियोजना अंतर्गत बलकुदरा में खान सुरक्षा सप्ताह सम्पन्न

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बलकुदरा खदान में खान सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डीडीएमएस रविंद्र बोंथा,मनोज कुमार पांडे, पीओ तापिन साउथ भूषण कुमार, मैनेजर तापिन साउथ प्रियंका प्रसाद, जेएसओ रांची तथा निरीक्षण दल के अधिकारी मौजूद थे। इस मौके में पी ओ भुरकुंडा एमके पाठक ने डी ए वी उरीमारी के बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना की। डी ए वी उरीमारी के प्राचार्य उत्तम कुमार रॉय के निर्देशन में 30 छात्र-छात्राओं की एक टीम गठित की गई। डी.ए.वी उरीमारी के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत और खदान श्रमिक सुरक्षा पर आधारित नाटक का मंचन किया। बच्चों ने नाटक में सुरक्षा की बारीकियों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के एक -एक स्टेप के प्रति सावधानी बरतने की बात कही। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने डी ए वी उरीमारी के बच्चों की सोंच तथा कलात्मक प्रस्तुति की भूरि भूरि प्रशंसा की और उन्हें धन्यवाद दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने गांजा की खेती करने वाले गोपाल दांगी को एनडीपीएस एक्ट के तहत भेजा जेल



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में गांजा की खेती करनेवालों को अब खैर नहीं।दरअसल एसपी राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि कडलंगा गांव में स्थानीय लोगों के द्वारा अवैध गांजा की खेती की गई है। इस सूचना पर पुलिस उपाधीक्षक (परिक्ष्यमान) वसीम रजा के नेतृत्व में एक छापामारी टीम गठित किया गया। गठित टीम के द्वारा सदर थाना क्षेत्र के कडलंगा गांव में गांजा की खेती की गई है। खेत में मालिक द्वारा काम किया जा रहा था जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे सशस्त्र बल के द्वारा खदेड़ कर पकड़ा गया।खेती करने वाले गोपाल दांगी को पकड़ा गया।उसने स्वीकार किया कि यह मेरा खेत है और खेत में मेरे द्वारा गांजा का फसल लगाया गया है। गांजा तैयार होने पर उसे उँचे दाम में बेचा जाता है। बगल के खेत के बारे में बताया की यह खेत खेलावन दांगी का है, वह भी गांजा का खेती किया है। गोपाल दांगी के द्वारा गांजा की खेती करने का वैध प्रमाण नहीं दिखाने पर खेत से लगे गांजा के पौधा को उखाड़ कर विधिवत जप्त किया गया तथा गोपाल दांगी को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में सदर थाना कांड सं0- 416/23, दिनांक- 18/12/23, धारा- 20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट दर्ज कर अग्रतर कार्यवाई की जा रही है। जप्त सामानो में कुछ गांजा के पौधे, गोपाल दांगी, उम्र 44 वर्ष पे0 ब्रहमदेव दांगी सा0 कडलंगा थाना सदर जिला चतरा, छापामारी दल में पुलिस उपाधीक्षक (परिक्ष्यमान) महोदय चतरा श्री वसीम रजा, पु0नि0 सह थाना प्रभारी शिव प्रकाश कुमार, पु0अ0नि0 श्रीराम पंडित, थाना सशस्त्र बल के लोग शामिल थे।

### अबुआ आवास सत्यापन को लेकर बारीसाखी पंचायत के लगभग गांव में हुआ सत्यापन



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत के लगभग सभी गांव में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी के आदेशा अनुसार अबुआ आवास को लेकर तेजी से सात्यापन किया जा रहा है।जिससे ग्रामीणों में उत्साहित देखा जा रहा हैं। जिसमें प्रखंड प्रमुख अनीता यादव उप प्रमुख प्रीतम यादव मुखिया सुमीरा देवी पंचायत सचिव दिगंबर स्वयंसेवक विजय रजक वअन्य उपस्थित हैं। बताते चलें कि प्रखंड के सभी पंचायतों में घूम-घूम कर अबुआ आवास का सत्यापन करना है। जिसको लेकर टीम गठित किया गया है। पंचायत के सभी पंचायत में आवेदन अधिकारी के नेतृत्व में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लिया गया था। जिसका जियोटेक भी किया जा रहा है। सत्यापन टीम में आवास के लिए ब्लॉक कोऑर्डिनेटर फरहद नजनी ऑपरेटर अभय कुमार सतीश कुमार शेखर कुमार विकास कुमार बिक्कु मुनेश्वर दागीं का नाम शामिल है।

### एग्री स्मार्ट योजना अंतर्गत किसानों के बीच बीज किट का किया गया वितरण




**कुन्दा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को नवादा पंचायत क्षेत्र अंतर्गत बनियाडीह गांव में एग्री स्मार्ट ग्राम योजना अंतर्गत लगभग एक सौ जेएसएलपीएस महिला कृषकों के बीच कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध चना किट का वितरण मुखिया भरत यादव के उपस्थिती में किया गया। मौके पर एटीएम सुधीर कुमार ने कृषकों को तकनीकी रूप से खेती करने का सुझाव दिया। मौके पर बीससूत्री अध्यक्ष ब्रह्मदेव सिंह भोक्ता, समाजसेवी जयराम भारती, सहायक तकनीकी प्रबंधक सुधीर कुमार, जेएसएलपीएस सीआरपी हिरामन कुमार समेत कई कृषक उपस्थित थे।

### जीवन ज्योति बीमा योजना का नहीं मिल पा रहा लाभ

**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के टोंटी पंचायत अंतर्गत सरहचवा टोला निवासी राजेन्द्र उरांव अपने पत्नी झुनिया देवी (35) की मृत्यु के बाद प्रधानमंत्री जिवन ज्योति बीमा योजना के लाभ लेने के लिए बीते पांच माह से दर दर भटक रहा है। पीड़ित ने उपायुक्त से बीमा योजना के तहत मिलने वाली राशि दिलाने का मांग किया है। पीड़ित उरांव ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरी स्व पत्नी झुनिया देवी का भारतीय स्टेट बैंक भैंसादोन शाखा में निजी खाता था, बैंक कर्मीयों के कहने पर बीते 2021 में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत इंश्योरेंस कराया था। जिसमें बताया गया था कि प्रति वर्ष 436 रू प्रीमियम जमा करना है। इसबीच अगर बीमा धारक की बीमारी या दुर्घटना से मौत हो जाती है तो। उनके नॉमिनी को बैंक के द्वारा दो लाख रुपये की राशि दी जायेगी। और 27 जुन 2022 को दुसरा प्रीमियम जमा हुआ था। जिसके बाद 13 जुन 2023 को मेरी पत्नी का बीमारी के कारण मौत हो गई। मौत के पश्चात मृत्यु प्रमाण पत्र सहित सभी जरूरी दस्तावेज के साथ में इंश्योरेंस क्लेम लेने के लिए शाखा में जमा किया। तबसे मुझे बैंक द्वारा दौड़ाया जा रहा है और लगभग पांच माह बीत जाने के बाद भी बीमा की राशि नहीं मिल पाया है।और न ही बैंक द्वारा हमे संतुष्ट किया जा रहा है।थक हार कर बीते 18 दिसम्बर को टोंटी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगे शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी आवेदन दिया।

### हाईवा एसोशियसन की बैठक डाक बंगला में की गई

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड मुख्यालय के किसान किसान भवन में हाईवा एसोशियसन की बैठक की गई। यह बैठक अध्यक्ष कामख्या नरायन सिंह के अध्यक्षता में की गई। बैठक में भाड़ा वृद्धि पर चर्चा जोरों पर रही। साथ हीं ससमय किराया नहीं मिलने पर ऑनरों को भुखमरी और कर्ज के बोझ तले दबे जाने पर चर्चा परिचर्चा जोरों पर रही। एसोशियसन के अध्यक्ष कामख्या नरायन सिंह ने बताया की हम लोगों को ट्रांसपोर्टर द्वारा कोयला ढुलाई का किराया कम दी जा रही है और खर्च ज्यादा है। वैसे में हम लोग कर्ज के बोझ तले दबे जा रहे है। साथ हीं समय पर भुगतान नहीं कर दुशरा ढुलाई चालू कर दी जाती है। वैसे में हम लोग ठगे के ठगे रह जाते है। आगे कहा कि ट्रांसपोर्टरों की मनमानी अब नहीं चलने देंगे। जब तक भाड़ा वृद्धि नहीं कि गयी और समय पर किराया का भुगतान नहीं कि गयी तो हम लोग अनिश्चित कालीन कोयला ढुलाई बंद कर देंगे। विस्तृत चर्चा को लेकर टंडवा चुंदरु धाम में विस्थापित प्रभावित हाईवा एसोशियसन की बैठक बुधवार को समय 11 बजे की जा रही है जिसमें समस्त हाईवा ऑनरों से अनुरोध है कि उक्त बैठक में पहुंच कर आंदोलन को धारदार बनावे और अपना हक तथा भुगतान की आवाज बुलंद करें। हम लोग धूल गर्दा खाते है। साथ हीं हमारे हीं क्षेत्र की जनता को अधिक मौत कोयला वाहन से होती रहती है और हमें हीं आंख दिखा हमें उल्लू बनाया जा रहा है ।अब ऐसा नहीं चलेगा। मौके पर महेंद्र केशरी, अजय पांडेय, सुमन सिंह, मिथलेश सिंह, रंजीत सिंह, उपेंद्र यादव, उपेंद्र सिंह, मुकेश सिंह, रुपू सिंह, समीम अंसारी, डब्लू अंसारी, उज्वल कुमार, होरिल कुमार साहू, संजय मास्टर, फिरोज मलिक, संजय यादव, संतोष यादव,अनुज कुमार, विजय साव के अलावे दर्जनों ऑनर शामिल थे।

## जनता दरबार के माध्यम से डीसी अबु इमरान ने आमलोगों की समस्याओं को जाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में मुख्य रूप से वृद्धा पेंशन, जमीन, राशन कार्ड,स्वास्थ्य विभाग, खेल कूद, अबुआ आवास, कोविड-19 से संबंधित मानदेय समेत अन्य मामले शामिल है। उपायुक्त ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदनो का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## सशक्तिकरण अभियान को लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित मंडल भाजपा कार्यालय परिसर में युवा मोर्चा द्वारा मंडल अध्यक्ष संदीप केसरी के अध्यक्षता में मंडल कार्य समिति एवं मंडल सशक्तिकरण अभियान को लेकर कार्यकर्त्ताओं के साथ बैठक की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में आए भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश समिति सदस्य सह बारियातू प्रभारी रवि सिंह, भाजपा अध्यक्ष लव कुमार सिंह, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनिल प्रसाद जिला उपाध्यक्ष देवनंदन प्रसाद ने बैठक में उपस्थित कार्यकर्त्ताओं को मंडल सशक्तिकरण एवं मेरा बूथ सबसे मजबूत पर विस्तृत चर्चा करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री प्रभु नारायण ने किया। मौके पर रूपेश सिंह, सतीश केसरी सतीश केसरी प्रभु यादव, संदीप यादव कुलदीप यादव, महेश गंजू, गौतम यादव, मंटू ठाकुर पंकज सिंह कृष्णा पासवान, विनोद यादव नागमणि यादव निरंजन राम सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विधान चंद्र राय असाधारण प्रतिभा के नायक थे : ब्रह्मां राव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर धर्मपुर पथ लातेहार के वंदना सभागार में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के राष्ट्रीय मंत्री ब्रह्मा राव, क्षेत्रीय शारीरिक प्रमुख राजेश प्रसाद एवं पलामू विभाग के निरीक्षक नीरज लाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। वंदना की शुरुआत राष्ट्रीय मंत्री के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई वंदना के उपरांत भैया बहनों को संबोधित करते हुए ब्रह्मा राव ने अपने भारत देश के महान सपूतों के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बाल दिवस, शिक्षक दिवस, चिकित्सा दिवस एवं अभियंता दिवस मनाने के पीछे के उद्देश्यों और इन दिवसों के पीछे महान पुरुषों के कृतियों को भैया बहनों के सामने रखा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई को चिकित्सा दिवस मनाते हैं। चिकित्सक विधान चंद्र राय की याद में चिकित्सा दिवस मनाया जाता है। विधान चंद्र राय असाधारण प्रतिभा के नायक थे। उन्होंने बताया कि पूरा भारत प्रत्येक वर्ष 15 सितंबर इंजीनियर दिवस मनाता है। जो भारत के महान अभियंता सर यम मोक्षगुंडम विश्वर्या की याद में मनाया जाता है। स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए बताया कि भारत के महान सपूतों की जीवनी से हमें प्रेरणा लेनी है और जीवन में आत्मसात करनी है। इस कार्यक्रम में सभी आचार्य और दीदीजी गरिमामई उपस्थिति रही। इस मौके पर लालबहादुर राम, शशिकांत पांडे, विजय पाठक, ओंकार नाथ सहाय, राधे श्याम मिश्र, ममता देवी, सुरेश ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## ठंड से ठिठुर रहे बच्चे, विद्यालयों में नहीं बट पाया स्वेटर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों ठंड बढ़ती जा रही है। मौसम का ऐसा आलम जहां नौजवान और बुजुर्ग भी सुबह देर तक घरों में दुबके होते हैं, वही बच्चें इस शीतलहरी के बीच भी सुबह ही स्कूल के लिए निकल पड़ते हैं। ऐसे में सरकारी विद्यालयों में बच्चों को स्वेटर वह जूते नहीं मिल पाने के कारण बच्चे विद्यालय में ठिठुरते नजर आ रहे हैं। अभिभावक इसका दोष शिक्षकों पर मढ़ रहे हैं, वहीं शिक्षकों के द्वारा बताया गया की कुछ विद्यालयों में बच्चों को स्वेटर दिए गए हैं, विभाग की ओर से ही कम स्वेटर आने की वजह से सभी बच्चों को स्वेटर नहीं दिया जा सका है, वही स्कूलों से जो स्वेटर बच्चों को दिए जा रहे हैं, वह भी बच्चों में फिट नहीं बैठता है, ऐसे में बच्चे भी बगैर स्वेटर के पढ़ने आ रहे हैं। जहां शीतलहरी की वजह से धूप में बैठे



बच्चे भी ठिठुरते नजर आ रहे हैं। इसे देखकर भी नही निष्ठुर विभाग लापरवाह बना हुआ है, वहीं अभिभावक बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। हालांकि कुछ विद्यालयों के द्वारा बच्चों में स्वेटर का वितरण कर दिया गया है। विभाग की ओर से बच्चों को ड्रेस दो सेट, स्वेटर एक सेट, जुता व मौजा वितरित करना था, जिस पर कुछ विद्यालय में बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण कर दिया गया है वहीं विभाग से ड्रेस, जूतें मोजे समेत स्वेटर का बिल दर्शाते हुए विद्यालय बिल भुगतान प्राप्त कर रहा है, इस संबंध में अभिभावकों ने संबंधित विभाग से जांच करते हुए बच्चों के समुचित ड्रेस उपलब्ध कराने की मांग की है।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की हुई शुरुआत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड क्षेत्र के पांडेयपुरा पंचायत के ग्राम किनामार में भारतीय जनता पार्टी के बैनर तले प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा उपस्थित थे। जिला प्रभारी अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 18 कामगारों के सम्मान समृद्धि एवं स्वाभिमान बढ़ाने का कार्य किया है। पीएम विश्वकर्म योजना से विभिन्न कामगार लाभान्वित होंगे। सोनार, कुम्हार, धोबी, नई, राजमिस्त्री, लोहार, मूर्तिकार, मालाकार, मोची, ताला बनाने वाला, खिलौने बनाने वाला, टूलकिट निर्माता, मछली का जाल बनाने वाला, नाव बनाने वाला, धोबी एवं दर्जी इस योजना का लाभ लेकर समृद्ध एवं सशक्त होंगे। उक्त अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, जिला महामंत्री पंकज सिंह, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साहू, ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री विष्णु देव प्रसाद गुप्ता, भाजपा नेता महेश सिंह, जिला कार्य समिति सदस्य आनंद सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष रितेश कुमार, अजय तिवारी उपस्थित थे।

## मनरेगा कर्मियों के साथ हुई समीक्षात्मक बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश्वर कुमार की अध्यक्षता में मनरेगा कर्मियों के साथ साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में सभी मनरेगा कर्मी मौजूद रहे। मनरेगा में चल रहे कार्य वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान, डोभा, बिरसा सिंचाई कूप निर्माण को जल्द पूर्ण करने का सभी कर्मियों को सख्त निर्देश दिया गया। वहीं मनरेगा के कार्यों में शिथिलता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा अन्य सभी मॉडलों का कार्यों की प्रगति तेज करने का भी निर्देश दिया गया है। रोजगार सेवकों को मनरेगा के कार्यों में तेजी लाने एवं बाहर पलायन कर रहे मजदूरों को रोजगार देने की बात कही गई। साथ ही बताया गया है की मजदूरों को सौ प्रतिशत आधार बेस पेमेंट करें। वहीं मनरेगा में चल रहे हैं कार्यों की शिथिलता को देखते हुए सभी रोजगार सेवकों को कड़ी फटकार लगाते हुए सख्त निर्देश दिया गया की ससमय सभी कार्यों का निर्वहन करें। इस अवसर पर बीएफटी दुर्गेश कुमार, नरेश दास, रोजगार सेवक टेकनारायण राम, रोजगार सेवक पुंकेश सिंह, जितेंद्र कुमार गुप्ता, धनंजय कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर राजन कुमार व अन्य लोग मौजूद रहे।

## बिना हेलमेट के बाईक चलाने पर होगी कड़ी कार्रवाई : आशुतोष कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला प्रशासन के द्वारा सड़क सुरक्षा एवं सड़क दुर्घटना के रोक थाम को लेकर इन दिनों लगातर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जहां जिला प्रशासन के द्वारा बिना हेलमेट पहने चालकों को चालान भी काटे गये हैं।एक तरफ लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के इस नेक पहल से लोग काफी प्रभावित हो रहे हैं। सड़क सुरक्षा का पालन करते हुए ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरी क्षेत्रों तक मोटरसाईकिल चालक हेलमेट पहन कर वाहन चलाते नजर आ रहे हैं इसी कड़ी में लातेहार जिला मुख्यालय के समीप नवरंग चौक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देशानुसार मंगलवार को पुलिस अवर निरीक्षक दिवाकर धोबी रोहित कुमार शाहरुख के उपस्थिति में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया जहां बिना हेलमेट पहन कर वाहन चलाते पकड़े जाने पर पुलिस के द्वारा वाहन जप्त कर लातेहार सदर थाना लाया गया।

## सिमरिया विधायक ने सिमरिया अनुमंडल क्षेत्र के डिग्री कॉलेज में पठन-पाठन का मामला विधान सभा में उठाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** झारखंड विधानसभा में सिमरिया अनुमंडल क्षेत्र में पठन-पाठन का मामला गूंजा।सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने सिमरिया अनुमंडल क्षेत्र में के डिग्री कॉलेज में पढ़ाई के मामले को लेकर राज्य सरकार से सवाल किया और यह जानना चाहा कि आखिर क्यों आज भी डिग्री की पढ़ाई के लिए छात्र छात्राओं को काफी दूरी चलकर पढ़ाई करना पड़ता है। इसके अलावा सिमरिया



प्रखंड के क्षेत्र बनहे गांव में डिग्री कॉलेज भवन के निर्माण के लिए सैद्धांतिक मंजूरी मिलने के बाद अब तक भवन का निर्माण नहीं हो पा रहा है।हालांकि राज्य सरकार ने सदन के माध्यम से जानकारी दी है कि झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड को डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (DPR) बनाने की जिम्मेवारी दी गई है। इसके बाद नियमानुसार डिग्री कॉलेज भवन का निर्माण किया जाएगा।दूसरी तरफ राज्य सरकार ने सदन के माध्यम से बताया कि डिग्री की पढ़ाई सिमरिया अनुमंडल क्षेत्र में हो रही है और आने वाले समय में और भी डिग्री कॉलेज बनेंगे।

## लखपति दीदी कार्यशाला का शुभारंभ किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के किसान भवन में 19 दिसंबर से 21 दिसंबर तक चलने वाला तीन दिवसीय लखपति दीदी कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में सिमरिया प्रखंड के विभिन्न गांव से आए हुए 57 कम्यूनिटी रिसोर्स पर्सन सीआरपी का प्रशिक्षण तीन दिवसीय प्रारंभ किया गया। वहीं प्रशिक्षक के रूप में अखिलेश प्रजापति सामुदायिक समन्वयक, कंचन देवी लाइवलीहुड सीआरपी के द्वारा दिया जा रहा है। सभी सीआरपी को अपने गांव में महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़े हुए दीदियों को लखपति बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के उपरांत सभी सीआरपी अपने-अपने गांव में स्वयं सहायता समूह से जुड़े हुए करीब 2000 दीदियों का आर्थिक सशक्तिकरण के लिए आजीविका संवर्धन संबंधित गाय पालन बकरी पालन मुर्गी पालन सूअर पालन जैविक विधि से कृषि का कार्य करेगें और अपनी आर्थिक सशक्तिकरण मजबूत करेंगे जिससे आजीविका सशक्त होगी।

## दो दिवसीय प्रवास में पहुंची बिहार भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष, संगठन को करें मजबूत : डॉ. धर्मशिला गुप्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** बिहार प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का दो दिवसीय प्रवास चतरा में आज से शुरू हुआ। प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों विकसित भारत संकल्प यात्रा, लाभार्थी सम्मेलन, नव मतदाता सम्मेलन मे कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। कार्यक्रम के उपरांत भाजपा जिला कार्यालय में महिला मोर्चा जिला कार्यसमिति की बैठक महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष निशा कुमारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक प्रदेश अध्यक्ष लोग को संबोधित करते हुए कहा महिला मोर्चा को मजबूत करना है और झारखंड से जमीन की सरकार को उखाड़ फेंकना है। मोदी जी की जनकल्याणकारी योजना को जन जन तक पहुंचना है। साथ उन्होंने कहा मोदी जी ने आज महिलाओं के लिए आवास योजना, शौचालय, उज्ज्वला योजना के तहत लोगो को गैस और चूल्हा दिया गया। मोदी जी के नेतृत्व में आज अंतिम पंक्ति बैठे लोगों को लाभ मिल रहा है बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष नवीन शाह जी, महिला मोर्चा की प्रभारी संपत्ति देवी, महामंत्री मीनू मिता, जिला मंत्री मंजू देवी, जिला परिषद सदस्य निशि कुमारी,देवंती साह,गायत्री साहू, नगर अध्यक्ष नीरा देवी, चंपा देवी, सविता देवी, भाजपा नेता राकेश झा, शिव कुमार चौबे, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी, सरजू राम, कन्हैया सिंह चंदन केसरी कमांडो रजक सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### हवाई अड्डे के निर्माण की मांग को लेकर विधायक मनीष जायसवाल ने फिर उठाया सवाल

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड विधानसभा शीतकालीन सत्र 2023 के दौरान हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने उड़ान योजनांतर्गत हजारीबाग में हवाई अड्डे निर्माण की स्वीकृति से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दे पर सदन पटल पर सवाल उठाया। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की वर्ष 2022 में गैर सरकारी संकल्प के जवाब में सरकार द्वारा वर्णित हवाई अड्डा के निर्माण हेतु यथाशीघ्र भूमि अधिग्रहण करने की बात कही गई थी, परन्तु उक्त संबंध में सरकार के लापरवाही में अबतक भूमि अधिग्रहण से संबंधित कोई कार्रवाई नहीं की गई है। हजारीबाग में हवाई सेवा शुरू होने से सरकार को राजस्व की प्राप्ति होने के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार के साथ हवाई सेवा हेतु अन्य हवाई अड्डे पर निर्भरता समाप्त होगी। विधायक मनीष जायसवाल ने सदन के माध्यम से हजारीबाग के सर्वांगीण विकास के लिए यह अति महत्वपूर्ण मांग सरकार के समक्ष रखा ।

### प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत श्रमिकों को बड़े पैमाने पर मिलेगा रोजगार : अशोक यादव

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष अशोक कुमार यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना व श्रम सम्मान योजना के तहत, राज्य के प्रवासी श्रमिकों, पारंपरिक कारीगरों जैसे बढई, दर्जी, टोकरी बनाने वाले, सोनार, लोहार, कुम्हार, नाई ,मोची, हलवाई आदि को परोक्ष रूप से लाभ होगा । साथ ही कारीगरों एवं शिल्पकारों को निशुल्क प्रशिक्षण देने के साथ ही उनके कारोबार से संबंधित टूल किट भी निशुल्क दी जाएगी।उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना -2023 का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने के उपरांत 10 लाख तक की राशि आर्थिक सहायता के रूप में मुहैया कराया जायेगा । श्री यादव ने कहा कि देश एवं प्रदेश में मजदूर और श्रमिकों की कोई कमी नहीं है बल्कि साधन न होने की वजह से मजदूर और श्रमिक अपने हुनर को विकसित नहीं कर पाते हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मजदूरों के विकास और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना की शुरुआत की गई है। राज्य के प्रवासी श्रमिकों, पारंपरिक कारीगरों एवं दस्त करो को छोटा उद्योग स्थापित करने के लिए, पात्र लाभार्थियों को?10000 से लेकर 10 लख रुपए तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी ।जिसके लिए मजदूरों को किसी गारेनटर की आवश्यकता लोन प्राप्त करने के लिए नहीं पड़ेगी।

### रसोईया धमना पंचायत के मुखिया गोविंद साहू के पिता का निधन, शोक की लहर

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के मुखिया गोविंद प्रसाद के पिता महादेव साहू का आकस्मिक निधन सोमवार शाम में हो गया। उनके निधन के खबर सुनते ही पूरे पंचायत समेत बरही में शोक की लहर फैल गई। सुबह से ही सामाजिक कार्यकर्ताओं का उनके आवास पर आना-जाना लगा रहा। सभी ने शोक संवेदना व्यक्त किया। लोगों ने बताया कि स्व. महादेव साहू बहुत ही सरल स्वभाव व ईमानदार छवि के व्यक्ति थे, उनके चले जाने से समाज को काफी नुकसान हुआ है। वही मंगलवार को बड़ाकर नदी स्थित शमशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र सुरेश साहू ने दिया। मौके पर बरही अनुमंडलीय साहू समाज अध्यक्ष अमित साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, जिप प्रतिनिधि गुरूदेव गुप्ता, पूर्व अनुमंडलीय साहू समाज अध्यक्ष सीताराम साव, उप मुखिया बीरेंद्र साहू, विहिप प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर साहू, समाजसेवी रघुनाथ साव, हरी यादव, प्रो. हिरामन साहू, नारायण साहू, जगरनाथ साहू, डॉ. बिनोद, नरेश साव, बीरेंद्र साहू, संतोष साहू, मनोज साहू, नितेश कुमार, सुनील साहू, अनुज साहू, सुखदेव साहू, तपेश्वर साहू, राजदेव यादव आदि कई लोग मौजूद थे।

### मुनि श्री 108 प्रमाण सागर महाराज से हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने लिया आशीर्वाद

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने मुनि श्री 108 प्रमाण सागर जी महाराज से मंगल आशीर्वाद लिया। मंगल आशीर्वाद मधुबन में लिया गया है। श्री जैन ने श्रीफल भेंटकर कर हजारीबाग की पावन धरती पर आने का आग्रह किया। महाराज जी ने इस बात को स्वीकार किया। साथ ही श्री जैन ने अपने द्वारा किए जा रहे हैं सामाजिक कार्यो को उनके समक्ष विस्तार से बताया, सर्दी के मौसम में गरीब असहाय लोगों के बीच निरंतर रूप से कंबल का वितरण किया जा रहा है। जैसे अनेकों सामाजिक कार्य उनके समक्ष विस्तार रूप से बताया। अंत में श्री जैन ने अपने अभिभावक स्वरूप ब्रज किशोर जायसवाल का उन्हें प्रणाम दिया।और उनके स्वास्थ्य लाभ की महाराज जी से मंगल कामना की। महाराज जी ने ब्रज किशोर जायसवाल को मंगल आशीर्वाद दिया। वही महाराज जी ने विस्तार रूप से श्री जैन से वार्तालाप करते हुए हजारीबाग के कई लोगों के विषय में विस्तार रूप से जानकारी लिया। मौके पर चंद्र प्रकाश जैन ने कहा की महाराज जी से मिलकर मन प्रसन्न एवं काफी प्रभावित हुआ। हजारीबाग की पावन ने धरती पर आने का आग्रह किया हूं। महाराज जी ने इसे स्वीकार किया है। साथ ही श्री जैन ने कहा कि अपने परिवार तथा हजारीबागवासियों की मंगल आशीर्वाद का कामना किया।

### बरही में अबुआ आवास सत्यापन के लिए पंचायत स्तर पर टीम गठन, चल रही जांच

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड के सभी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सरकार द्वारा अबुआ आवास योजना का सबसे अधिक आवेदन प्राप्त हो रहा है। इस संबंध में सरकार के द्वारा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से प्राप्त आवेदनों को एएवाई एप पर ऑनलाइन प्रविष्टि करते हुए पंचायत स्तर पर सूची की सत्यापन के लिए सत्यापन टीम गठित करने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में बरही बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने प्रखंड के विभिन्न पंचायत के लिए सरकारी कर्मी एवं पंचायत के जनप्रतिनिधियों को नियुक्त किया गया है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आए अबुआ आवास का आवेदन जो प्रक्रियाधीन थी, उनका जांच पंचायतवार शुरू हो गया है। जिसमें बरही पश्चिम पंचायत समेत कई पंचायतों में इसकी जांच चल रही है। बरही पश्चिमी पंचायत में जांच टीम में पंचायत सचिव रामवृक्ष सिंह, जनसेवक रंजन कुमार मेहता, मुखिया शमशेर आलम और पंसस जितेंद्र कुमार दिव्य, बरही पूर्वी के लिए जनसेवक समीरकांत रंजन, पंचायत सेवक रामवृक्ष सिंह, पंसस रेखा देवी, मुखिया मीनू देवी, कोनरा पंचायत के लिए जनसेवक सुरेंद्र कुमार दास, पंचायत सचिव ललिता कुमारी, मुखिया यासमीन तबस्सुम, पंसस मो युसुफ,अख्तरी खातून, बेंदगी के लिए जनसेवक मो इम्तियाज अंसारी, पंचायत सचिव लक्ष्मी कुमारी, मुखिया सिकंदर राणा, पंसस कलावती देवी करसो पंचायत के लिए जनसेवक सुरेंद्र कुमार दास, मुखिया उषा राम, पंसस रेखा देवी, केदारूत पंचायत के लिए जन सेवक सुरेंद्र कुमार दास, पंचायत सचिव खड़गधारी प्रसाद मेहता, मुखिया सरिता देवी, पंसस विकास सिंह, रसोईया धमना पंचायत के लिए पंचायत सचिव लक्ष्मी कुमारी रोजगार सेवक विनोद कुमार मुखिया गोविंद साहू, पंसस मो तैयब अंसारी, गोरियाकरमा पंचायत के लिए पंचायत सेवक खड़गधारी प्रसाद मेहता, रोजगार सेवक विनोद कुमार, मुखिया कुमारी मीरा, पंसस गिरधारी लाल यादव, खोडाहर पंचायत के लिए पंचायत सेवक बुलबुल कुमारी, कनीय अभियंता वीरेंद्र कुमार, प्रमुख मनोज रजक, जनसेवक राजेंद्र कुमार मिश्रा, मुखिया नारायण यादव, पंसस मनोज कुमार एवं आशा देवी, धनवार पंचायत के लिए पंचायत सेवक राजेन्द्र कुमार मिश्रा मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, पंसस संतोषी कुमारी एवं करियातपुर पंचायत के लिए पंचायत सेवक समीरकांत रंजन, मुखिया मनोज कुमार, पंसस अर्चना भारती शामिल है।

## आयुक्त-सह-प्रेक्षक ने किया फॉर्म 6, 6ए, 7 एवं 08 में प्राप्त कुल आवेदनों, उनका निराकरण एवं लंबित मामलों की समीक्षा

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मतदाता सूची प्रेक्षक-सह-उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा की अध्यक्षता में प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय के सभागार कक्ष में स्पेशल समरी रिवीजन 2024 के तहत डिस्पोजल आफ क्लेम एंड इ.आर.ओ ऑब्जेक्शन के निमित आहूत समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य पुर्ननिरीक्षण कार्यों में प्रगति लाना एवं चेकलिस्ट फॉर सेकंड विजिट ऑब्जर्वर के बिंदुओं का समय पर निष्पादन किया जाना से संबंधित रहा। बैठक में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत आनेवाले सभी जिलों से उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी-सह-निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारियों ने अपने जिलों के वर्तमान रिपोर्ट आयुक्त महोदया के समझ साझा किया। जिसमें फॉर्म 6, 6,7 एवं 08 में प्राप्त कुल आवेदनों, उनका निराकरण एवं लंबित मामलों का जिक्र किया गया। जिन जिलों में अधिक समस्याएं लंबित है उनका 25 दिसंबर से पूर्व निराकरण करने का आदेश आयुक्त महोदया के द्वारा संबंधित अधिकारियों को दिया गया।उक्त बैठक में आयुक्त के सचिव बासुदेव प्रसाद, बोकारो, कोडरमा, रामगढ़, चतरा, धनबाद एवं हजारीबाग अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र के अपर समाहर्ता, शैलेश कुमार अनुमंडल पदाधिकारी-सह-निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी बेरमो, अनुमंडल पदाधिकारी सह-निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, संतोष गुप्ता अनुमंडल पदाधिकारी सह-निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी बगोदर-सरिया, अनुमंडल पदाधिकारी-सह-निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी गिरिडीह विशाल खलको, अनुमंडल पदाधिकारी-सह-निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कोडरमा संदीप कुमार संग अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## विष्णुगढ़-हजारीबाग मार्ग में सड़क दुर्घटना बाइक चालक गंभीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय एवं नायक पेट्रोल पंप के बीच मे आज बाइक सवार और पिकअप वैन के बीच जोरदार टक्कर हुई जिसमें हीरो स्प्लेंडर बाइक में तीन लोग सवार मंटू कुमार,पिता-मोहन कुमार,18 वर्षीय,सिमरबेडा निवासी,काजल कुमारी,पिता-महेन्द्र महतो,18 वर्षीय हुरलुंग निवासी,ज्योति कुमारी,पिता-दुलारचंद महतो 16 वर्षीय,हुरलुंग निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए।बताते है,कि काजल कुमारी,ज्योति कुमारी विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज की छात्रा है,जो प्रैक्टिकल की परीक्षा देने जा रही थी,जिसे बाइक से मंटू कुमार छोडने जा रहा था,सामने से आ रही पिकअप वैन से टक्कर जो गई तीनो को गंभीर चोटें आई वहाँ उपस्थित लोगों ने 108 पर कॉल करके दुर्घटना की जानकारी दी,108 एम्बुलेंस पहुँचने में विलंब होता देख लोगो ने आ रही ऑटो रिक्शा से तीनो को घायल अवस्था में विष्णुगढ़ सीएचसी भेजा जहाँ डॉ. जफर हसन एवं डॉ. विनय कुमार पांडेय की टीम ने मिलकर तीनो का प्राथमिक उपचार किया। जिसमें मंटू कुमार को पैर,सीने एवं सिर पर गंभीर चोट आई जिसे तत्काल बेहतर इलाज के लिए 108 एम्बुलेंस से हजारीबाग रेफर कर दिया गया। विष्णुगढ़ में आये दिन बाइक से सड़क दुर्घटना में नवजवान गंभीर चोट या फिर असमय काल के गाल में समा जा रहे। इन बढ़ती दुर्घटनाओं का जिम्मेदार काफी हद तक उनके अभिभावको की है,जिसमे अपने नाबालिग बच्चों को बाइक सौप देते है। जिसे बच्चे रफ्तार में बाइक चलाकर अपना जीवन बर्बाद कर लेते है,बाकी रही सही कसर प्रशासन की अनदेखी कर देती है।

## पूर्व पंसस व वार्ड सदस्य ने बेड़ाहरियारा पंचायत में किया कम्बल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बेड़ाहरियारा पंचायत के वार्ड संख्या-08 रमुआ में पूर्व पंसस दीपक कुमार रजक और वार्ड सदस्य संदीप लाहकार ने बारह जरूरतमंदो के बीच राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त कम्बल का वितरण किया गया।पूर्व पंसस और वार्ड सदस्य ने बताया कि अत्यंत गरीब जो कम्बल अथवा गर्म कपड़े खरीदने में असमर्थ है, ऐसे लोगो को चिन्हित कर कम्बल का वितरण किया गया है। जिसमे सावित्री देवी, सुरेश राम, मो.तारा देवी, मो.फूलवती देवी, मुटुक देवी, मो.चिमनी, मो.बसन्ती देवी, मो.उर्मिला,फलो साव,मो.इंदु देवी, मो.रेखा देवी,चमनी देवी के बीच कम्बल का वितरण किया गया।

## विकसित भारत संकल्प रथ का बादम व हरली पंचायत में हुआ आगमन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** हजारीबाग उपायुक्त कार्यालय द्वारा बड़कागांव प्रखंड में केंद्र सरकार विकसित भारत संकल्प रथ का भ्रमण सभी पंचायतों मे हो रही है।

जिसके तहत आज बड़कागांव पुर्वी उरीमारी मंडल के हरली एवं बादम पंचायत क्षेत्र का भ्रमण किया जिसमें जल जीवन मिशन, प्राकृतिक खेती, जनधन योजना, अटल पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना तथा अन्य मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। मौके पर मुख्य रूप से पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, कार्यक्रम संयोजक किशोर राणा, भागीरथ ठाकुर, बादम मुखिया सुनीता देवी, पंसस राजा खान, रमणिका देवी, पंचायत सेवक खुशनारायण महतो, हरली मुखिया कविता देवी, पुर्व मुखिया महेंद्र महतो, नितेश कुमार, रोहित कुमार, जितेंद्र राम, उमेश कुमार दांगी, केशव नाथ महतो, सोनी कुमारी, पूनम देवी, अनु देवी, ममता कुमारी, सेवंती कुमारी, संगीता कुमारी, रिंकी कुमारी, रितु कुमारी, सच्चिदानंद पांडे, तुलसी माहतो, ईश्वरी महतो, सुनील महतो, नागेंद्र कुमार समेत कई ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



## प्रांतीय कला संगम 2023 में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली के भैया- बहनों ने किया शानदार प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा आयोजित प्रांतीय कला संगम 2023 का आयोजन राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर,धनबाद में हुआ द्य प्रांतीय कला संगम 2023 में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग के भैया- बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया द्य भैया आशीष कुमार ने मूर्ति कला प्रतियोगिता के किशोर वर्ग में प्रथम पुरस्कार जीता साथ ही विद्यालय को भी प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआद्य रंगोली प्रतियोगिता के किशोर वर्ग में बहन कुमकुम कुमारी एवं काजल कुमारी ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया द्य सामूहिक गीत के बाल वर्ग में विद्यालय की बहनों ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया द्य मेहंदी प्रतियोगिता के किशोर वर्ग में बहन श्वेता ने तृतीय पुरस्कार जीता द्य ओवरऑल चैंपियन में विद्यालय को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआद्य आज सभी विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय के सचिव,संजय उपाध्याय एवं विद्यालय के प्रभारी, प्राचार्य डॉ राजीव रंजन ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान कियाद्य मौके पर विद्यालय के आचार्य संजय उपाध्याय, राहुल पासवान, निशा शर्मा,अमरदीप कुमार, विपिन बिहारी सिंह, नरेंद्र कुमार सिन्हा,कुमार प्रवीण (कार्यालय प्रमुख ),भैया-बहन एवं आचार्य बंधु- भगिनी उपस्थित थे ।

## केबी वूमेंस कॉलेज में सेमिनार का आयोजन, सैंकड़ों छात्राओं ने लिया हिस्सा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के केबी महिला महाविद्यालय में एसआरसी द्वारा मंगलवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में एसआरसी संबंधित सभी जानकारियां छात्राओं को उपलब्ध करवाई गई। मौके पर एसआरसी ऑपरेटर गुलाम अहमद रजा ने एसआरसी का परिचय करवाते हुए बताया कि खास रूप से छात्राओं को इसका फायदा पहुंचने वाला है। कहा, अब महिलाओं को कोई भी निजी जानकारी, मोबाइल नंबर या दस्तावेज देने के लिए सोचने की जरूरत नहीं है। यहां से किसी भी तरह कि छेड़ छाड़ नहीं हो सकती, सरकारी मान्यता प्राप्त ये एसआरसी हमेशा सीएससी विभाग की निगरानी में रहते हैं। वहीं मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता के रूप में सीएससी विभाग से पहुंचे मो. निजामुद्दीन ने सीएससी द्वारा चलाए जा रहे कई शैक्षणिक योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने जोर देते हुए बताया कि उड़ान योजना का लाभ विद्यार्थी जरूर लें।

# ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड मेला का निलामी संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखण्ड क्षेत्र के ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड धाम आगामी मेला 2024 को लेकर मनरेगा हाल में सीओ श्रीकांत लाल मांझी की अध्यक्षता में पन्द्रह दिवसीय सूर्यकुंड मेले की नीलामी हुयी।संचालन अंचल प्रधान सहायक उमेश राणा ने की।बता दें कि प्रखण्ड का प्रसिद्ध पौराणिक स्थल सूर्यकुंड परिसर के 5 एकड़ 17 डिसमिल में 15 दिवसीय भव्य मेला के आयोजन को लेकर नीलामी में चंद्रकांत पांडेय, श्याम पांडेय, विजय कुमार , सुरेश पांडेय,शिशिर पांडेय ने भाग लिए। मेले की नीलामी के लिए सुरक्षित जमा राशि 23 लाख तेरह हजार दो सौ पच्चीस के विरुद्ध अधिकतम डाक 23 लाख 14 हजार बोली बोली लगाकर श्याम पांडेय ने मेले की नीलामी अपने नाम किया। मौके उप प्रमुख सुरजी देवी, मुखिया ललीता देवी,बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद,बीस सुत्री उपाध्यक्ष कुदुस अंसारी, नाजीर अजीत कुमार, धीरेन्द्र पांडेय, उतिम महतो,अर्जुन राणा, दिलीप दास विकास पांडेय, अमित पांडेय, देवेन्द्र पांडेय,रीतलाल प्रसाद, ,सुरेन्द्र साव,विजय नायक,शिशिर पांडे,राजु साव, जागेश्वर नायक, ,मुन्ना पांडे, बब्लू पांडेय समेत कई लोग उपस्थित थे।

## श्रीदस स्कूल में आयोजित खेलकूद महोत्सव का दूसरा दिन गोल्डन बुलेट हाउस का नाम रहा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड के देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का दुसरा दिन, गोल्डन बुलेट हाउस का नाम रहा। दिन की शुरुवात महिला क्रिकेट टीम की फाइनल मैच से हुई जिसमें गोल्डन बुलेट्स हाउस ने ग्रीन एरोज को मात देकर अपनी हाउस के लिए गोल्ड मेडल पक्का की। वहीं मेन्स क्रिकेट टीम की बात करें तो पहला मैच गोल्डन बुलेट्स और रेड फ्लैशेस की बीच खेला गया। रेड फ्लैशेस की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और पूरी टीम मात्र 35 रनों पर ढेर हो गई वहीं गोल्डन बुलेट्स ने आसानी से रन चेस करके फाइनल के लिए क्वालीफाई की। दिन का तीसरा मैच ब्लू जेट्स और ग्रीन एरोज के बीच खेला गया जिसमें ग्रीन एरोज ने ब्लू जेट्स को मात देकर फाइनल में प्रवेश किया। मेन्स क्रिकेट टीम की फाइनल मैच में गोल्डन बुलेट्स और ग्रीन एरोज के बीच हाई वोल्टेज मैच खेला गया जिसमें गोल्डन बुलेट्स की टीम ने ग्रीन एरोज को पराजित करके गोल्ड मेडल पक्का की और अंक तालिका में टॉप पर पहुंच गई है। मेन्स वॉलीबॉल मैच में रेड फ्लैशेस ने ब्लू जेट्स को 15-14, 15 -4 से पराजित करके फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

## बरही विधायक ने शून्यकाल प्रश्न में उठाया हजारीबाग जिले में लागू इको सेंसेटिव ज़ोन का मामला

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** निवेदन समिति के सभापति सह बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने मंगलवार को शून्यकाल प्रश्न के तहत हज़ारीबाग ज़िले में लागू ईको सेंसेटिव ज़ोन का मामला सदन में उठाया। ईको सेंसिटिव ज़ोन घोषित हो जाने की वजह से स्थानीय निवासियों को कई व्यवसाय बंद करना पड़ा हैं, जिसके कारण लोगों के सामने घोर बेरोज़गारी का संकट उत्पन्न हो गया है। माननीय विधायक ने सदन में कहा कि हजारीबाग वन्य जीव अभ्यारण के चारों ओर घोषित इको सेंसेटिव जोन की सीमा को पांच से घटाकर एक किलोमीटर तक सीमित किया जाये।

## रेन्बो स्कूल बरही में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता का डीएसपी ने किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में स्थित रेन्बो स्कूल बरही में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की शुभारंभ मंगलवार से हुई। बतौर मुख्य अतिथि एसडीपीओ नाजीर अख्तर, विशिष्ट अतिथि बरही इंटर कॉलेज प्राचार्य अरुण कुमार दूबे, सेवानिवृत शिक्षक तोखन प्रजापति, निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने संयुक्त रूप से मशाल जलाकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने सभी अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीपीओ नाजीर अख्तर ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य और इनके बहुमुखी विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेल-कूद भी अति आवश्यक है। बच्चों को प्रोत्साहित करते हुवे उन्होंने संदेश दिया कि खेल-कूद में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।

विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि जीवन में खेलकूद का काफी महत्व है। मन और मस्तिष्क के लिए खेलकूद विटामिन के समान होता है। विद्यार्थियों का स्वास्थ्य व मस्तिष्क सुदृढ़ होता है। प्रतियोगिता के पहले दिन कक्षा पहली से नवम तक के विद्यार्थियों ने खो-खो, 100 मीटर की रेस, वॉलीबॉल, कबड्डी आदि खेल संबंधित विविध गतिविधियों में उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुति कर सतरंगी छटा बिखेरा। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्र-छात्राओं को समापन के दिन पुरस्कृत किया जायेगा।

## जिला स्तरीय एकदिवसीय इको क्लब प्रशिक्षण का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड शिक्षा परियोजना हजारीबाग के पत्रांक 1623 के आदेश अनुसार मंगलवार को जिले के संत रॉबर्ट मध्य विद्यालय हजारीबाग में एक दिवसीय इको क्लब प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न प्रखंडों से कुल 40 प्रतिभागी शामिल हुए ।इस निमित्त शिक्षक, शिक्षिकाएं, सीआरपी ,बीआरपी व वार्डन उपस्थित हुए। प्रशिक्षण का प्रारंभ एडीपीओ हजारीबाग की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात सभी प्रतिभागियों को फोल्डर ,इको क्लब मार्गदर्शीका, कॉपी एवं पेन का वितरण किया गया। प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण के प्रारंभ में प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने प्रत्येक विद्यालय में इको क्लब गठन करने की प्रक्रिया बताया। तत्पश्चात इको क्लब पर आधारित वीडियो दिखाकर प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विषय वस्तु को समझाया। वहीं संधारणीय विकास लक्ष्य के 17 बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। निरंतर प्रशिक्षण को आगे बढ़ते हुए ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन से संबंधित जानकारी दी गई।इससे संबंधित विभिन्न समाचार पत्रों में छपे विभिन्न बिंदुओं को दिखाकर प्रतिभागियों के बीच विस्तृत रूप से चर्चा की गई. मध्याहन उपरांत प्रशिक्षकों ने इको क्लब की मुख्य जिम्मेवारी, इको क्लब की संभावित कार्य, पहचान चिन्ह व प्रतिज्ञा, पर्यावरणीय कैलेंडर प्रशिक्षण क्रियान्वयन की रणनीति एवं विद्यालयों का सहयोग ,इको क्लब की सदस्यता के लाभ यदि पर विस्तृत चर्चा की. मौके पर प्रशिक्षक के रूप में अभय कुमार, प्रभु साव उपस्थित रहे। वहीं प्रतिभागियों में सीआरपी बीआरपी में प्रविंद कुमार सिंह, अजय नारायण दास, रामकृष्ण पांडेय, अनुपम रानी, मीनाक्षी अम्बष्ठा, संतोष कुमार गौतम, शिक्षकों में मनोज कुमार सिंह, रवि शंकर पाठक, जहांगीर अंसारी, मंजू कुमारी, नीलम कुमारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे ।

## जननायक कर्पूरी ठाकुर जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय नाई समाज समिति के तत्वाधान में वीना टॉकीज निकट दुर्गा मंडप परिसर पतरातु में बैठक की गई बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष गणेश कुमार ठाकुर एवं संचालन समिति के सचिव परमेश्वर ठाकुर के द्वारा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी आगामी 24 जनवरी 2024 को जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती समारोह धूमधाम से मनाई जाएगी जिसके मुख्य अतिथि आजसु पार्टी के केंद्रीय महासचिव रौशनलाल चौधरी विशिष्ट अतिथि जिला पार्षद राजाराम प्रजापति एवं नाई समाज रामगढ़ जिला के अध्यक्ष पूर्णकांत ठाकुर तथा सभी मुखिया गण होंगे। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक दशरथ ठाकुर बसंत ठाकुर,ललन ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, अमित ठाकुर, मनोज ठाकुर, लालमोहन ठाकुर, प्रमोद ठाकुर, संतोष ठाकुर, मोती ठाकुर, पारकेश्वर ठाकुर, राहुल ठाकुर, राजू ठाकुर जगरनाथ ठाकुर, भुवनेश्वर ठाकुर, पंकज ठाकुर, कृष्ण ठाकुर, संजय ठाकुर, मंगरा ठाकुर, रामप्रसाद ठाकुर, श्यामलाल ठाकुर, सिकंदर ठाकुर, बिंदा ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, राजीव शर्मा, मदन ठाकुर, किशोरी ठाकुर, अशोक ठाकुर आदि उपस्थित थे।



## पीवीयूएन में दुर्घटनाएं होना दुर्भाग्यपूर्ण सेफ्टी में ध्यान दे अधिकारी : वि.प्र.सं.मोर्चा

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पीवीयूएन भेल कम्पनी के अंतर्गत कुमार क्रिएशन कंपनी में काम के दौरान राम लखन यादव बिहार औरंगाबाद निवासी दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे उसके पैर फैक्कर हो गया जिसे लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना होने के बाद विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के सदस्यों ने कहा कि पीवीयूएन प्लांट में आए दिन सेफ्टी के लापरवाही के कारण दुर्घटना होना दुर्भाग्यपूर्ण है कहीं ना कहीं पीवीयूएन और भेल के अधिकारियों के द्वारा एजेंसियों में सेफ्टी पर खुली छूट देने की वजह से यह घटनाएं होती है तथा मोर्चा ने पीवीयूएन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी से मांग किया कि सेफ्टी पर ध्यान दिया जाए अन्यथा आने वाला दिनों में इससे भी बड़ा घटना घट सकती है तथा विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा ऐसी घटनाओं को निंदा करती है निंदा करने वालों में मोर्चा के अध्यक्ष आदित्य नारायण प्रसाद,किशोर कुमार महतो,बप्पी मुखर्जी,राजाराम प्रसाद,विजय मुंडा,कुमेल उरांव,प्रदीप महतो,अलीम अंसारी,भुवनेश्वर महतो,कौलेश्वर महतो इत्यादि मुख्य रूप से है।



## हेलिकल पंप असेंबली के लिए शक्ति पंप्स को मिला पेटेंट

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनर्जी एफिशिएंट पंप्स और मोटर्स निर्माण की अग्रणी कंपनी शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड को ÷हेलिकल पंप असेंबली÷ के लिए पेटेंट प्राप्त हुआ है। पेटेंट कार्यालय, भारत सरकार ने, 1970 के पेटेंट अधिनियम में निर्धारित प्रावधानों का पूरी तरह से पालन करते हुए, शक्ति पंप्स को यह पेटेंट प्रदान किया है। यह पेटेंट 20 वर्षो की अवधि के वैध है यह और यह शक्ति पम्पस् का आठवा पेटेंट है।पेटेंटे किया गया यह बेहतरीन पॉजिटिव डिस्प्लेसमेंट पंप, पीने के पानी के लिए प्रयोग किए जाने वाले उपकरणों के लिए सोलर पैनल की आवश्यकताओं में 50त्न की कटौती का वादा कर सोलर एप्लीकेशन में क्रांति ला रहा है। यह इनोवेशन न केवल लागत बचाता है बल्कि कम जगह घेरता है, जो रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में एक महत्वपूर्ण फायदेमंद बदलाव है। ज्यादा से ज्यादा समय धूप में रहने के लिए बनाई गई ओपरेशनल फंक्शन की विशेषता के साथ, यह पंप एफिशिएंसी को बढ़ाता है, जिससे यह दूरदराज के क्षेत्रों में बसे बिना बिजली वाले क्षेत्रों के लिए एक बहुमुखी समाधान बन जाता है। वन्यजीव अभयारण्यों और अलग - थलग बसे क्षेत्रों के लिए इसका होना, विशेष पर्यावरणीय आवश्यकताओं को पूरा करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो सस्टेनेबल पंपिंग टेक्नोलॉजी में एक महत्वपूर्ण कदम है।

SHAKTI
PUMPING LIFE

## शैलेन्द्र कुमार,परवरिश एडुकेयर स्कूल के निर्देशक हुए सम्मानित

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** परवरिश एडुकेयर स्कूल के निर्देशक शैलेंद्र कुमार को शिक्षायान राष्ट्रीय सम्मान 2023-24 सत्र के लिए, उनकी उत्कृष्टतम सेवाओं व शिक्षा के क्षेत्र में 22 वर्षो के लिए किये गए उत्कृष्ट परिवर्तन के लिए सम्मानित किया गया। होटल चाणक्य, पटना में प्रिंसिपल सेक्रेटरी - बिहार सरकार एन विजयलक्ष्मी ( आई ए एस ) के उपस्थिति में पदमश्री कपिलदेव प्रसाद द्वारा शॉल ओढ़ाकर तथा सिक्किम, मेघालय और मणिपुर के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद द्वारा स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। बता दे कि निर्देशक शैलेंद्र कुमार को बिहार तथा झारखण्ड के चयनित कुल 330 लोगों के प्रतिष्ठित पूल में से केवल 101 को इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में पुरस्कार और सम्मान प्राप्त करने का सम्मान मिला। शैक्षिक उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप म कुमार उभरे, चुने हुए कुछ लोगों के बीच चमके और अपने प्रभावशाली और परिवर्तनकारी नेतृत्व का परचम लहराया। शैलेंद्र कुमार ने दोनों सहोदिया के सभी सदस्यों एवं अवार्ड समिति के प्रति आभार जताया और कहा कि यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं है बल्कि समस्त परवरिश स्कूल परिवार का है और इससे मेरी जिम्मेवारी बढ़ जाएगी। इस सम्मान पर स्कूल के प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह, संयोजक प्रकाश रंजन,प्राचार्या नेहा राज बैनर्जी, कोर्डिनेटर रश्मि कुजुर, नाज़ो खातून, कंचन प्रसाद, संगीता, अर्चना, शांति,आकांक्षा आदि शिक्षकों के अलावा अन्य शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों ने बधाई दी है।



## डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के तहत मांडू चट्टी मुखिया को अभिनंदन पत्र प्रदान किया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय भूमि संसाधन विभाग डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के तहत मांडू चट्टी पंचायत के मुखिया अनिता देवी को मांडू अंचल निरीक्षक सुरेश प्रसाद बर्नवाल के द्वारा अभिनंदन पत्र प्रदान किया गया। डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत मूल घटकों के कार्यान्वयन में 99 परसेंट से अधिक कार्य पूर्ण करने पर बहुत बहुत बधाई और अभिनंदन भूमि संसाधन विभाग भारत सरकार के द्वारा दिया गया है।

## मास्टर स्नूकर मे चैंपियन बना शुभम गुप्ता

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पांच दिवसीय ( 15 दिसंबर -19 दिसंबर) 16 वां स्नूकर एवं पुल चैंपियनशिप बरियातू स्थित गेमर्स गैराज क्लब में चल रहे प्रतियोगिता में आज निम्न खिलाड़ियों ने अपने मैच जीते - टीपू, डॉ स्नेहांशु, चाहत राज, संजीत कुजूर, आयुष शशांक शर्मा ।



# गोला प्रखंड क्षेत्र में प्रदूषण मानकों को ताक पर रखकर संचालित की जा रही है कई फैक्ट्रियां

*मुख्य सचिव के कड़े निर्देश पर निगरानी विभाग ने लिया संज्ञान, सभी फैक्ट्रियों के जांच के आदेश*

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** गोला प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत घासी केनके स्थित कामेश्वर एलाइज प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री सहित क्षेत्र के तमाम फैक्ट्रियों द्वारा प्रदूषण मानकों को ताख में रखकर अपने अपने फैक्ट्रियों को संचालित की जा रही है जिसकी लिखित शिकायत आवेदक असगर अली ने उपायुक्त रामगढ़ एवं भूमि सुधार उपसमाहर्ता से की थी तथा सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना उपलब्ध कराने की माँग की गई थी। तत्पश्चात तत्कालीन मुख्यसचिव के निर्देश पर झारखंड सरकार मंत्रीमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने संज्ञान में लेते हुए विभागीय सचिव द्वारा सरकार के अवर सचिव नीरज कुमार सिंह को जाँच का आदेश दिया है। अवर सचिव ने श्रम नियोजन विभाग, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग तथा उर्जा विभाग को शीघ्रता से फैक्ट्री की जाँच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। शिकायत कर्ता असगर अली ने बताया कि फैक्ट्री ने गलत तरीके से गैरमजरूआ भूमि को हड़प लिया है तथा इस फैक्ट्री के काफी समीप एक विद्यालय भी संचालित है। आसपास वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण तथा तालाब होने के बावजूद अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया गया। प्रदूषण नियंत्रण यन्त्र नहीं चलाने से आम जनो को काफी शारीरिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि इसकी चिमनी से निकलने वाले मैगनीज का धुआँ काफी जानलेवा है। उन्होंने बताया कि जब अधिकारियों की ओर से कोई सूचना तथा कार्रवाई नहीं हुई तो बाध्य होकर सूबे के मुख्य सचिव को पत्र लिखा, परिणामस्वरूप जाँच का आदेश जारी किया गया।



# ग्रामीण डाक बीमा योजना ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए लाभकारी है : आशुतोष सिन्हा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** सीसीएल रजरप्पा स्थित रजरप्पा उप डाकघर में मंगलवार को डाक विभाग की अहम बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से हज़ारीबाग के डाक अधीक्षक आशुतोष सिन्हा , रामगढ़ पूर्वी के डाक निरीक्षक आशीष पांडेय एवं रामगढ़ के सहायक डाक अधीक्षक नवीन अग्रवाल मौजूद थे। इससे पूर्व डाक अधीक्षक के रजरप्पा पहुंचने पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। मौके पर डाक अधीक्षक ने अपने कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया और उन्हें ईमानदारी से काम करने और लोगों को बीमा योजना के लाभों का प्रचार करने के लिए कहा। डाक अधीक्षक ने कहा कि अपने कमांड एरिया में रहने वाले लोगों को ग्रामीण डाक जीवन बीमा के बारे में जानकारी दे। उन्होंने जीवन की अनिश्चितता पर भी जोर दिया और सभी के लिए बीमा कवर के महत्व को रेखांकित किया। चाहे उनकी वित्तीय स्थिति कुछ भी हो। उन्होंने ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन के लिए डाक विभाग के प्रयासों पर प्रकाश डाला। डाक अधीक्षक ने आगे कहा कि ग्रामीण डाक बीमा योजना ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए लाभकारी है। इस योजना के तहत बीमाधारक को कम प्रीमियम मे सबसे अधिक बोनस प्राप्त होता है। इस योजना के लिए सरकारी कर्मी के अलावे कांट्रेक्ट कर्मी, लॉ ग्रेजुएट, एमबीबीएस, मैनेजमेंट या कोई भी ग्रेजुएट इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इसके लिए स्थानीय डाकघर पहुंच कर अप्लाई कर सकते है। ग्रामीण डाक जीवन बीमा पालिसी के अनुसार बीमाकर्ता को प्रत्येक वर्ष न्यूनतम 60 रुपये और अधिकतम 1000 रुपये Sum Assured बोनस मिलता है। बइस योजना के तहत 20 वर्ष के बीमाधारक सालाना 2096 रुपये का बीमा कराता है तो कुल बोनस के रूप में 2 लाख 8 हजार रुपया जबकि मैच्योरिटी के बाद उसे 3 लाख 8 हजार रुपया प्रीमियम के तौर पर मिलेगा। मौके पर रजरप्पा उप डाक घर के पोस्ट मास्टर पवन कुमार, कृपेश कुमार सिंह, आलोक कुमार मिश्रा, संजय कुमार,आदि थे ।



# भारत माला परियोजना में गांव में लिंक रोड देना होगा : महेन्द्र पाठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिला के गोला कोईया कमती गांव के ग्रामीणों की बैठक सर्वानंद पाठक की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक , जिला सचिव विष्णु कुमार,प्रखंड सचिव घनेनाथ चौधरी उपस्थित थे । ग्रामीणों ने बताया कमती एवं कोईया के बीच सर्वे रोड रहने के बावजूद रोड को बंद कर भारत माला परियोजना ऊपर से जा रहा है। जिससे कई गांव के ग्रामीणों का लिंक समाप्त हो जाएगा, इससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। सर्वसम्मति से 28 दिसंबर को बयांग से गोला तक के ग्रामीणों की बैठक कर आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी तब तक उक्त जमीन पर काम बंद रहेगा ।ग्रामीणों के मांगों पर अगर नहीं या जिला प्रशासन संज्ञान नहीं लगी तो इस क्षेत्र में ग्रामीणों को साथ लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बड़ी लड़ाई लड़ेगी। बैठक में अजीत उपाध्याय कौशल महतो , बाबूलाल महतो ,सर्वानंद पाठक झूलन मुंडा जय नंदन मुंडा मनोज मुंडा शिवराज मुंडा लक्ष्मी महतो जगतु महतो करमू महतो रामचरण महतो रवि लाल महतो लखनलाल महतो सहित कई लोग उपस्थित थे ।

# विभिन्न मांगो को लेकर सफाई मित्रों ने किया आंदोलन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोकारो :** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर चास नगर निगम के सफाई कर्मी आज आंदोलन पर उतर आए जहां बकाया बोनस, तीन साल का बकाया पीएफ और मेडिकल सुविधा के लिए ईएसआई सहित अन्य मांगों को लेकर आज आंदोलन किए। इस दौरान बड़ी संख्या में सफाई मित्र इस आंदोलन में शामिल हुए।सफाई मित्रों ने कहा की हमारी मांगे नहीं मानी गई तो सफाई मित्र और उनके परिवार के द्वारा नगर निगम कार्यालय का घेराव किया जाएगा। सफाई मित्रों ने कहा की हमारा बोनस जो तीन हजार रुपए दो बार में किस्त में दिया जा रहा है उसे एक मुस्त दिया जाय साथ ही बकाया पीएफ जो तीन साल का बाकी है वो भी दिया जाय। आंदोलन कर रहे सफाई मित्रों ने कहा की मेडिकल सुविधा के लिए जो ईपीएफ दिया जा रहा है उसे भी अपग्रेट किया जाय। उन्होंने कहा की सफाई चालक को जो 10 हजार रुपया दिया जा रहा था उसे भी जल्द दिया जाय।

# रोटरी रामगढ़ सिटी द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रोटरी रामगढ़ सिटी के द्वारा मारवाड़ी धर्मशाला ,चट्टी बाजार , रामगढ़ कैंट में निशुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन किया गयाद्य शिविर में राँची के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर महेश कुशवाहा के द्वारा क़रीब 100 मरीज़ों का इलाज किया गयाद्यसबसे पहले डॉक्टर महेश कुशवाहा ,क्लब के अध्यक्ष रवि अग्रवाल ,सचिव दीपक अग्रवाल तथा कार्यक्रम संयोजक रूपेश गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत कीद्यउसके बाद डॉक्टर ने सभी मरीजों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में हृदय रोग की समस्या बहुत बढ़ती जा रही है। कम उम्र के लोग भी इसके शिकार होते जा रहे हैं। उसी को जागरूक करने के लिए यह शिविर लगाया गया है। ताकि समय रहते उचित इलाज हो सके।उसके बाद सभी मरीजों का निशुल्क बी .पी ,शुगर और ई.सी.जी की जांच की गईद्यअध्यक्ष रवि अग्रवाल ने कहा कि रोटरी रामगढ़ सिटी लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए आगे भी शिविर लगता रहेगा। अंत में कार्यक्रम संयोजक रूपेश गुप्ता ने डॉक्टर एवं उनकी टीम में आए रवि शर्मा ,सयांतन और अरविंद का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विकास अग्रवाल ,उमेश राजगढ़िया ,अनिल गोयल ,हरीश चौधरी ,सूरज अग्रवाल ,दीपक खंडेलवाल ,वरुण बगड़िया ,आदर्श चौधरी ,संदीप अग्रवाल , प्रकाश अग्रवाल ,सचिन अग्रवाल और भरत गोयल मौजूद थे।

# एक दिवसीय जिला कुश्ती चयन प्रतियोगिता संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोकारो :** बोकारो सिटी पार्क अखाड़ा में बोकारो जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह के मार्गदर्शन में एकदिवसीय जिला कुश्ती चयन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। धर्मवीर सिंह ने कहा कि दिनांक 22 से 24 तक झारखंड स्टेट रेसलिंग चैंपियनशिप का आयोजन रांची खेल गांव के गणपत राय इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाला है।इस निमित्त राज्य प्रतियोगिता में शामिल होने वाले पहलवानों के लिए बोकारो जिला कुश्ती संघ के द्वारा आज चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न वेट कैटेगरी में दर्जनों पहलवान चयनित हुए जो स्टेट रेसलिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे।इस संदर्भ में जानकारी प्रदान करते हुए बोकारो जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि धर्मवीर सिंह ने कहा कि बेहद अभाव में बिना किसी सरकारी या गैरसरकारी सहयोग के तथा संसाधनों के अभाव में बोकारो के पहलवान अपने दम पर बोकारो का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रौशन कर रहे हैं। बोकारो विगत तीन वर्षो से लगातार झारखंड का ओवर आल चैंपियन बन रहा है और बोकारो के दो पहलवानों ने नेशनल गेम्स में सेमीफाइनल मुकाबले तक का सफर तय किया। अगर बोकारो के पहलवानों पर सेल,बीएसएल, एवं बोकारो जिला प्रशासन तथा अन्य संस्थानों के द्वारा सहयोग प्राप्त हो,, अगर पहलवानों को प्रैक्टिस के लिए सभागार, कुश्ती मैट, कास्ट्यूम,ट्रैक सूट, जर्सी, रेसलिंग सूज, खाद्य पदार्थ, एवं उच्च कोटि के प्रशिक्षक इत्यादि मुहैया कराया जाए तो बोकारो के पहलवान राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बोकारो का,सेल, बीएसएल, एवं झारखंड का नाम रौशन करेंगे। परन्तु दुर्भाग्य है कि आज तक बोकारो के पहलवानों को संसाधन तो दूर की बात है प्रोत्साहन भी प्राप्त नहीं हुआ है।आज भी बोकारो के पहलवान गर्मी, सर्दी, बारिश, सभी मौसमों में खुले आसमान के नीचे मिट्टी के अखाड़ा पर प्रैक्टिस कर रहे हैं जबकि राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर सभी प्रतियोगिताएं इंडोर स्टेडियम में कुश्ती मैट पर होती है।आज चयन प्रतियोगिता को सफल बनाने में मुख्य रूप से उपस्थित थे पहलवान मृत्युंजय नाथ चौधरी, चिंटू कुमार,उत्तील यादव,सरोज चौधरी, विकास कुमार, सुजीत कुमार, आनन्द सिंह, धन्नजय यादव,रवि कुमार, महिला गर्ल्स पहलवान रिद्धि कुमारी एवं सिद्धी कुमारी, तथा अतिथि कृष्णा कुमार, विजय कुमार, आदित्य कुमार मुलायम,। फ्री स्टाइल (45 केजी से 120 केजी वेट कैटेगरी में) में चयनित पहलवान हैं। भोला कुमार, संदीप कुमार, नीतीश कुमार, दिलीप कुमार, शिवम् कुमार, चंदन कुमार, विजय यादव, आदि थे ।

# सीसीएल क्वार्टर का छज्जा गिरा, महिला घायल





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सयाल अम्बाजीत क्लोनी के केकेसी हाई स्कूल के पुर्व शिक्षक महेन्द्र सिंह के क्वार्टर का छज्जा मंगलवार को अचानक गिर गया। वहीं छज्जा गिरने से घर में मौजूद महेन्द्र सिंह की बहू शिवानी देवी को सर पर हल्की चोट लग गई।वहीं परिजनों द्वारा सयाल अस्पताल में शिवानी देवी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर उसे घर भेज दिया। वहीं महेंद्र सिंह ने बताया कि बहु घर से बाहर निकल रही थी तभी अचानक से छत का छज्जा गिर गया। जिससे उसे सर और पैर पर हल्की चोटे आई। यदि वह कमरे में होती तो बड़ी घटना भी घट सकती थी। सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व किया गया कायाकल्प का पोल खुलता नजर आ रहा है। बता दें कि सयाल के लगभग सभी क्वार्टरो को दो वर्ष पहले रिपेयर किया गया था। जिसमें भारी अनियमितता बरती गई जिसकी वजह से सयाल की सभी क्वार्टर झड़ने लगे हैं।

## विहिप व बजरंगदल की संयुक्त बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** मंगलवार विश्व हिंदू परिषद् व बजरंगदल की संयुक्त बैठक पतरातु महावीर मन्दिर मे हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य अयोध्या से आये हुए पूजित अक्षत और निमंत्र-पत्र का पतरातु प्रखंड के पंचायत स्तर मे वितरण करना है। एक जनवरी 2024 से हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओ द्वारा पूरे पतरातु प्रखंड के प्रत्येक घर जाकर अयोध्या से आये पूजित अक्षत और निमंत्रण-पत्र का वितरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष राजेश सिंहा आरएसएस के संजीत सिंह एवं कार्यकर्ताओ में सागर कुमार, धर्मेंद्र कुमार, गुड्डू कुमार, गोपाल कुमार, उमेश कु. महतो, राजन कुमार, आनंद कुमार, सूरज कुमार, आदित्य कुमार, रवि ठाकुर, श्याम ठाकुर, गोविंद कुमार, सिकंदर विस्वकर्मा, मुन्ना कुमार, अमन कुमार, आदि थे ।


**रॉंची समाहरणालय,रॉंची**
**(समाज कल्याण शाखा)**
**(जिला बाल संरक्षण इकाई)**

**गुमशुदा बालक की सूचना**
**(बाल कल्याण समिति, रांची के आदेशानुसार)**

. नाम– रंजीत (काल्पनिक नाम)
. लिंग– बालक
. पिता का नाम– अज्ञात
. माता का नाम– अज्ञात
. पता– अज्ञात
. उम्र – 07 वर्ष (लगभग)
. रंग – सांवला



एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बाल कल्याण समिति, राँची के आदेशानुसार करूणा एन०एम०ओ० राँची में एक बालक आवासित है। जिसके जैविक एवं विधिक संरक्षक का पता लगाने हेतु राज्य स्तरीय एवं स्थानीय अखबार में विज्ञापन प्रकाशित की गयी है। उक्त बालक के जैविक एवं विधिक संरक्षक का विज्ञापन प्रकाशन के 60 दिनों तक कोई दावा प्रस्तुत नहीं होने पर दत्तक ग्रहण मार्गदर्शिका 2017 के नियम, 6 के उपनियम, 13 के अन्तर्गत बालक को दत्तक ग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति, राँची द्वारा कानुनी रूप से मुक्त किया जा सकेगा।

दावा प्रस्तुत करने का पता एवं संपर्क नम्बर–

1. बाल कल्याण समिति, राँची
   राँची समाहरणालय, राँची, भवन–ब्लॉक बी, कमरा संख्या–110
2. जिला बाल संरक्षण इकाई, राँची।
   राँची समाहरणालय, राँची, भवन–ब्लॉक बी, कमरा संख्या–111
   सम्पर्क नम्बर–6513505516

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, राँची। | जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, राँची।

PR 313771 Social Welfare,Women and Child Development(23-24)#D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**NATIONAL HIGHWAY DIVISION, RANCHI**
**Din Dayal Nagar, Booty Road, Ranchi - 834008**

**CORRIGENDUM**

This is to inform all concerned that the tender published in news paper by PR No.- 313448 Road(23-24):D under Tender Reference No. NH/RANCHI/2023-24/04 for the work PBMC Work of NH-143AG from Km 89.00 to Km 132.887 (Total Length =43.887) in the State of Jharkhand [Job No.- PBMC-JHR-2023-24-336]. In Column-5 of NIT, the cost of RFP document shall be 10,000/- (Payment shall be made through **bharatkosh.gov.in**) and **GST shall be 1800/- in the form of DD favouring Regional Pay & Accounts Officer (NH), MoRTH, Kolkata, Payable at Kolkata** as a cost of tender document.

**Executive Engineer**
**National Highway Division,**
**Ranchi**

PR 313792 Road(23-24)#D



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–57 / 2023–24**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :दिनांक **02.01.2024** को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :दिनांक **03.01.2024** का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :दिनांक **03.01.2024** को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा। 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान :अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू.) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू.) | अग्रधन की राशि (रू.) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Ladies & Gents Toilet of NHM Office, Namkum, Ranchi | 12,85,400.00 | 2500.00 | 26,000.00 | Two Months |
| 2 | Renovation Sewerage Drainage Line of Industry Building at Ratu Road, Ranchi | 16,42,600.00 | 5000.00 | 33,000.00 | Two Months |
| 3 | Renovation of CD Type Qtr. No.-832 (S.F) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 5,98,400.00 | 1250.00 | 12,000.00 | One Months |

नोट : निविदा की शर्तें http://www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

विश्वासभाजन,
कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–2,राँची

PR313758 (Building)23-24*D

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## गोनरो हटिया से मोटरसाइकिल चोरी, थाना में दिया आवेदन

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बेंगाबाद थाना क्षेत्र लोधरातरी निवासी कैलाश यादव ने मंगलवार को थाना में आवेदन देकर अपनी मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्रो गाड़ी संख्या JH11रु5206 चोरी का मामला दर्ज करवाया। आवेदन के आधार पर कैलाश यादव उम्र 43 वर्षी ए पिता स्वर्गीय हुलास यादव गांव लोधरातरी ने कहा अपने नजदीकी गोनरो हटिया गए थे यूपी के दौरान मोटरसाइकिल शिव मंदिर के पास खड़ा करके सब्जी खरीद कर लगभग 15 मिनट के बाद जब वापस आए तो गाडी वहां पर खड़ी नहीं थी वहीं स्थानीय लोगों से पूछताछ किया। थाना में आवेदन देकर बाइक की खोज की गुहार लगाई है।

## बिरनी : बीस सूत्री उपाध्यक्ष प्रमोद राय को पितृशोक



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बीस सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष प्रमोद राय के पिता सेवानिवृत्त शिक्षक 95 वर्षीय मुरली राय का मंगलवार को निधन हो गया। जिसकी सूचना मिलते हीं बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष इतवारी वर्मा, सांसद प्रतिनिधि खाद्य आपूर्ति विभाग सह पूर्व मुखिया प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा, भाजपा नेता राजदेव साव, लक्ष्मण दास, प्रखंड प्रमुख रामू बैठा, कांग्रेस नेता सलीम अंसारी, यूसुफ आजाद, मकसूद आलम समेत दर्जनों लोगों मृतक के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मृतात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## जनजातीय युवा आदान प्रदान कार्यक्रम हेतु युवाओं का जत्था हैदराबाद रवाना



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 154वीं वाहिनी, धनबाद एवं नेहरू युवा केंद्र गिरिडीह के संयुक्त तत्वाधान में 15वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत हैदराबाद में आयोजित होने वाले कार्यक्रम हेतु गिरिडीह जिले से 10 पुरुष एवं 10 महिला युवाओं का दल हैदराबाद हेतु रवाना किया गया । जिसमे सभी प्रतिभागियों को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 154वीं वाहिनी के के प्रांगण में ब्रिफिंग सेशन का आयोजन किया गया । जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वितीय कमान अधिकारी श्री दलजीत सिंह भाटी ने युवाओं को बताया कि जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें देश में हो रहे सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति से अवगत होने का अवसर मिलेगा। नेहरू युवा केंद्र गिरिडीह के जिला युवा अधिकारी श्री रवि कुमार मिश्रा ने युवाओं से कार्यक्रम के माध्यम से देश के विभिन्न क्षेत्रों की लोक संस्कृति को जानने एवं झारखंड की लोक कला एवं संस्कृति से अन्य युवाओं को अवगत कराने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के उप कमांडेंट श्रीमती बिनीता कुमारी, सूबेदार मेजर ओंकार भारती, नेहरू युवा केंद्र गिरिडीह के लेखा एवं कार्यक्रम सहायक नय्यर परवेज आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रतिभागी युवाओं की सुविधा एवं सुरक्षा हेतु केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा एक पुरुष एवं एक महिला एस्कार्ट मेंबर की प्रतिनियुक्ति की गई है जो पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी युवाओं के विभिन्न सुरक्षा एवं अन्य आवश्यकताओं का ध्यान रखेंगे। ब्रीफिंग सेशन के उपरांत द्वितीय कमान अधिकारी श्री दलजीत सिंह भाटी द्वारा सभी प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम स्थल हेतु रवाना किया गया। प्रतिभागी युवाओं के दल में राजेश टुडू सिवोन हेंब्रम, पूर्णिमा ज्योति, उषा बस्की, गुडिया मुर्मू आदि रहे। 15वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में गिरिडीह जिले से 20-20 युवाओं के कुल 13 दलों को भ्रमण हेतु विभिन्न स्थानों पर भेजा जाना है।

## धनबाद जिला डेकोरेटर्स एसोसिएशन की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कतरास भंडारीडीह सामुदायिक भवन में आज धनबाद जिला डेकोरेटर्स एसोसिएशन की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता कतरास शाखा के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने की. बैठक में धनबाद जिला डेकोरेटर्स एसोसिएशन कतरास शाखा के कार्यों की समीक्षा की गई.बैठक को संबोधित करते हुए डेकोरेटर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि 31 जनवरी 2024 तक एसोसिएशन का निर्णय था कि कोई भी व्यक्ति रिवाज में काम नहीं करेंगे. लेकिन भुवनेश्वर कुक एंड कैटर्स के मालिक मनबोध ने संगठन के निर्णय के विरुद्ध जाकर वहां काम किया. जिसके तहत संगठन ने अनुशात्मक कार्रवाई करते हुए निर्णय लिया गया कि मनबोध कुमार जहां भी काम करेंगे उनके साथ संगठन का कोई भी व्यक्ति कार्य नहीं करेंगे. जिलाध्यक्ष के इस निर्णय का बैठक में सभी लोगों ने स्वागत किया. बैठक में प्रदेश महासचिव द्वारिका प्रसाद तिवारी, कतरास शाखा सचिव संदीप साव,कोषाध्यक्ष आकाश महतो, हरिवंश लाल गंभीर उर्फ मधु, बंटी खंडेलवाल,अभिजीत विश्वकर्मा, किंकर रजवार,कृष्णा गुप्ता, राम गुप्ता, मो तौसीफ, प्रकाश गोप, सजल, अभिजीत, राजेश साव, रजत महंत आदि उपस्थित थे।

# गिरिडीह नगर भवन में साइबर अपराध और नारी सशक्तिकरण को लेकर सेमिनार का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** मंगलवार को साइबर अपराध और नारी सशक्तिकरण मुद्दे पर नगर भवन में गिरिडीह पुलिस ने सेमिनार का आयोजन किया. सेमिनार में कई स्कूलों के छात्रों के साथ अलग अलग संस्थाओं के महिला प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया. सेमिनार का उद्घाटन एसपी दीपक कुमार शर्मा, उप नगर आयुक्त स्मिता कुमारी, डीआरडीए डायरेक्टर आलोक कुमार, सीसीएल जीएम बशाक चौधरी, डीपीआरओ रश्मि सिन्हा, एसडीपीओ नौशाद आलम, साइबर डीएसपी संदीप सुमन, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष निर्मल झुनझुनवाला, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रकाश सहाय, भाजपा नेता मुकेश जालान, कार्मेल स्कूल की शिक्षिका जॉयस स्मार्ट ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया. इस मौके पर एसपी से लेकर महिला




पुलिस अधिकारियों और उप नगर आयुक्त स्मिता कुमारी ने अधिकारों पर अपने अपने विचारों को रखा. इस दौरान कई स्टूडेंट्स, शिक्षिका ने एसपी समेत अन्य अधिकारियों से साइबर अपराध और महिला हिंसा को लेकर सवाल पूछे. एसपी ने कहा की एनसीआरबी के प्रतिबिंब पोर्टल में साइबर फ्रॉड का शिकार कोई भी व्यक्ति अपने साथ हुए घटना की जानकारी दे सकता है. इस प्रतिबिंब पोर्टल में जानकारी दिए जाने के साथ ही साइबर पुलिस की टेक्निकल टीम अपराधियों तक पहुंचने में जुट जाती है. एसपी ने कहा की गिरिडीह पुलिस भी बेहद कम रिसोर्स के बीच अपराधियों और अपराध से लड़ रही है. 24 घंटे की निगरानी करना और अपराधियों को जेल भेजना ही अब मकसद है और हर हाल में गिरिडीह पुलिस साइबर क्राइम जिला मुक्त करने के प्रयास में है. सिर्फ साइबर क्राइम ही नहीं, बल्कि पुलिस हर तरह के अपराध से जिले को मुक्त कराने में जुटी हुई है. इस मौके पर एसपी ने कहा की साइबर सुरक्षा को लेकर टेक्निकल टीम लगातार काम कर रही है.इधर सेमिनार को डीएसपी संदीप सुमन, जिला अधिवक्ता संघ के प्रकाश सहाय ने भी संबोधित किया. जबकि नारी शक्तिकरण को लेकर पुलिस अधिकारी ममता कुमारी ने कहा की आज के दौर में एक महिला खुद को कमजोर समझने की भूल न करे क्योंकि सरकार और कोर्ट की सारी ताकते महिलाओं के साथ है. पुलिस अधिकारी ममता कुमारी ने कहा की छेड़छाड़ तो दूर, अधिक देर तक घूरना भी अब गंभीर अपराध के दायरे में आता है इधर सेमिनार में प्रमोद कुमार, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष अरविंद कुमार समेत कई पुलिस अधिकारी और सिविल सोसाइटी के सदस्यों ने हिस्सा लिया।

## माफियाओं पर विभाग शिकंजा नहीं कस पा रहा है

### अवैध बालू लोड जब्त ट्रैक्टर



टास्क फोर्स के सघन अभियान के बाद भी जारी है अवैध खनन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद कोयलांचल में अवैध खनन रोकने के लिए जिला खनन टास्क फोर्स की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है. खनन विभाग की टीम लगातार छापेमारी भी कर रही है. इसके बावजूद माफियाओं पर विभाग शिकंजा नहीं कस पा रहा है. जिले में कोयला, बालू व पत्थर का अवैध उत्खनन धड़ल्ले से जारी है. खनन विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2023 में जिले में अवैध उत्खनन करने वालों पर कार्रवाई के दौरान 208 लोगों पर एफआईआर दर्ज कर 23 लाख 35 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया है. वहीं, 295 वाहन जब्त किए गए हैं. खनन विभाग के इंस्पेक्टर विनोद प्रमाणिक ने बताया कि इस वर्ष एक अप्रैल से 30 नवंबर तक विभाग ने अवैध खनन करने वालों से 23 लाख 35 हजार जुर्माना वसूला है. उन्होंने दावा किया कि पूरे राज्य में अवैध खनन के विरुद्ध जुर्माना वसूली में धनबाद सबसे आगे है. विभाग पिछले वर्ष मिले टारगेट इस बार काफी आगे है।

## झामुमो जिला कार्यालय में मनाया गया स्व सालखन सोरेन की 7वीं पुण्यतिथि




**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को झामुमो ज़िला कार्यालय गिरिडीह में पूर्व विधायक सह झारखंड आंदोलनकारी स्व सालखन सोरेन की 7वीं पुण्यतिथी मनाई गई। सर्वप्रथम झामुमो जिलाध्यक्ष ने स्व0 सालखन सोरेन जी के चित्र पर माल्यार्पण किए तत्पश्चात् सभी कार्यकर्ताओं ने भी स्व0 सालखन दा को पुष्प अर्पण किए। श्री सिंह ने कहा कि साल्खन दा झामुमो के संस्थापक सदस्यों में से एक एवं झारखंड आंदोलनकारी नेता थे वो चार बार विधायक रह चुके थे अपने क्षेत्र में वो सदैव लोगो के बीच बने रहते थे उनके ना रहने की कमी हमेशा झामुमो ज़िला समिति गिरिडीह को खलती है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक ज्योतिन्द्र प्रसाद, अभय सिंह, दिलीप रजक, मो ज़ाकिर, योगेन्द्र सिंह, फ़रदीन इम्तियाज अहमद, मो0 हारून, राकेश सिंह टुन्ना, राहुल कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## उत्पाद विभाग की छापेमारी में बीच शहर में मिनी अवैध शराब फैक्ट्री का उद्भेदन, विभिन्न अंग्रेजी शराब के नकली ब्रांड बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद उत्पाद विभाग की टीम को मिली बड़ी सफलता मिली है.. सहायक उत्पाद आयुक्त संजय कुमार मेहता को मिले गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने मिनी अवैध शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया है..धनबाद के सदर थाना क्षेत्र के हीरापुर प्रेम नगर में मंगलवार की सुबह उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर अवैध मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है.. जहां से भारी मात्रा में नकली अवैध शराब बरामद करने के साथ ही 70 लीटर कच्चा स्प्रिट और 60 लीटर तैयार माल बरामद किया है। बताया जाता है कि विभिन्न अंग्रेजी शराब के नकली ब्रांडों के माल यहां पर खाली बोतल में रिफिल किए जाते थे और फिर उसे ब्लैक मार्केट में खपाए जाते थे ..यहां 8= पीएम ,ब्लेंडर मैकडॉनल्ड और B7 सहित विभिन्न अंग्रेजी ब्रांडों के शराब तैयार किया जा रहे थे ..अंग्रेजी शराब के विभिन्न ब्रांडों के लगभग 8000 पीस ढक्कन, 1200 पीस खाली बोतल बरामद किया गया हैज वहीं झारखंड सरकार का फर्जी बार कोड इस्तेमाल किया जा रहा था मौके से करीब 5000नकली स्टीकर भी बरामद किए गए है।

छापेमारी के दौरान घर में एक एक्टिवा स्कूटी भी जप्त की गई है जिसका नंबर JH 10CS 7365.. हैं। जिस जगह पर यह अवैध शराब का धंधा किया



जा रहा था उस घर का मालिक टिंकू कुमार महतो है लेकिन जानकारी के मुताबिक बिना एग्रीमेंट के सागर कुमार वर्णवाल को किराए पर दे रखा था यानी मुख्य रूप से मुख्य धंधेबाज सागर वर्णवाल है हालांकि के छापेमारी के दौरान धंधेबाज फरार बताए जा रहे हैं,शराब तस्करों पर प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई चल रही है.. उत्पाद विभाग की छापेमारी टीम के नेतृत्व कर स्ढ्ढ जितेंद्र कुमार सिंह के अनुसार करीब 1.50 लाख रुपया का नकली शराब बरामद किया गया..वही नकली अंग्रेजी शराब के कारोबार का उद्भेदन किया गया है.. टीम में उत्पाद विभाग के स्ढ्ढ जितेंद्र कुमार SI अमित कुमार ,स्ढ्ढ श्वेता कुमारी और उत्पाद विभाग के आरक्षी और होमगार्ड जवान शामिल रहें।

### कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 18वीं बैठक संपन्न

## नवीनतम उत्तम बीजों एवं स्थानीय बीजों का तुलनात्मक विश्लेषण जरूरी : डॉ. पंकज




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** कृषि विज्ञान केंद्र गिरिडीह की वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 18वीं बैठक संबंधित वैज्ञानिकों एवं कृषकों की उपस्थिति में कृषि विज्ञान केंद्र बेंगाबाद टोपैया में सोमवार को डॉ पंकज सेठ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत डॉ नवीन कुमार प्रशिक्षण सहायक मनोज कुमार प्रक्षेत्र प्रबंधक डॉक्टर मधुकर शुभंकर कुमार युगल भारती द्वारा वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया तथा केंद्र की वित्तीय वर्ष 2023 की प्रगति रिपोर्ट को विस्तार से क्रमवार पटल पर रखा तथा आगामी वर्ष 2024 हेतु कार्य योजना प्रस्तुत की गई। वैज्ञानिक डॉक्टर पंकज सेठ द्वारा बीते वर्ष 2023 में विभिन्न कृषि, पशुपालन, उद्यान, सस्य विज्ञान, मत्स्य एवं गृह विज्ञान के क्षेत्र में किए गए कार्यों का विवरण एवं आगामी वित्तीय वर्ष 2024 में किए जाने वाले कार्ययोजनाओं को प्रस्तुत किया गया।

## महाप्रबंधक की पहल से लंबित समस्या का हुआ समाधान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** रेलकर्मी के आश्रित रीमा कुमारी ने परिवाद निवारण के लिए निर्धारित तिथि 12 दिसंबर को महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल से मुलाकात कर पिछले कई महीनों से लंबित अपनी समस्या से महाप्रबंधक को अवगत कराया था। महाप्रबंधक द्वारा रेलकर्मी के आश्रित की समस्या को काफी गंभीरता से लेते हुए रेलवे बोर्ड से समन्वय स्थापित कर सभी अड़चनों को दूर करते हुए कई महीनों से लंबित जटिल समस्या का महज एक सप्ताह के भीतर निराकरण किया गया। महाप्रबंधक के इस पहल से रेलकर्मियों में काफी हर्ष है । कर्मचारी कल्याण के प्रति महाप्रबंधक की यह पहल रेलकर्मियों को और अधिक निष्ठा के साथ कार्य निष्पादन हेतु प्रेरक का काम करेगा । विदित हो कि रेल से जुड़े स्टेक होल्डर की समस्याओं के निष्पादन के उद्देष्य से उनकी समस्याओं के समाधान के लिए महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार को निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम



पूर्व में कार्मिक विभाग में रजिस्टर्ड करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं। इसी क्रम में आज 04 रेलकर्मी/उनके आश्रित से महाप्रबंधक ने मुख्यालय, हाजीपुर में अपने कक्ष में मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं से अवगत हुए। महाप्रबंधक ने विस्तारपूर्वक उनकी समयाओं को सुना तथा प्राप्त षिकायतों पर त्वरित कार्यवाही की गयी। इस अवसर पर प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे ।

# धनबाद के मैंथन डैम पर 25 दिसंबर से 12 दिन तक वाहन ले जाने पर रोक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** क्रिसमस और नए साल पर मैथन डैम पर जश्न मनाने आने वाले सैलानियों की सुरक्षा को लेकर डीवीसी प्रबंधन ने तैयारी कर ली है. डीवीसी मैथन प्रबंधन ने जिला पुलिस, पश्चिम बंगाल पुलिस-प्रशासन और नाविकों के साथ सोमवार को बैठक कर सुरक्षा व सैलानियों की सुविधा को लेकर रणनीति तैयार की है. बैठक में तय किया गया कि 25 दिसंबर, 31 दिसंबर, 1 से लेकर 7 जनवरी, 14, 21 व 28 जनवरी को कुल 12 दिन तक डैम



पर वाहन ले जाने पर रोक रहेगी. सैलानी डैम के नीचे फूल बागान के पास बनी पार्किंग, काली पहाड़ी मंदिर व डैम के छठ घाट के समीप अपने वाहन खड़े कर सकते हैं. डैम पर आने वाले सैलानियों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए झारखंड की तरफ से डीवीसी व जिला पुलिस के जवान, जबकि पश्चिम बंगाल की तरफ से डीवीसी व बंगाल पुलिस के जवान मुस्तैद रहेंगे.

**नौकायन के दौरान सेल्फी लेने पर प्रतिबंध :-** मैथन डैम में सैलानियों के नौकायन को लेकर नाविकों को दिशा-निर्देश दिए गए. कहा गया कि नौकायन के दौरान सैलानियों के सेल्फी लेने पर रोक रहेगी. नाव पर सीट से ज्यादा लोग नहीं बैठेंगे. नोकायन के दौरान सभी को लाइफ जैकेट पहनना जरूरी होगा और शाम 4:30 बजे तक ही नौकायन कर सकते हैं।

## गुड़िया व मुख्तार के बीच हुई औपचारिक भेंट



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** इंटक ददई गूट धनबाद की महिला जिला अध्यक्ष गुड़िया खान ने ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार खान से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त की। वहीं मुख्तार खान ने गुड़िया खान का ज़ोरदार स्वागत किया और उन्हें शुभ कामनाएं दी। इस दौरान कई समाजिक और राजनीतिक विषयों पर चर्चा हुई। विशेष कर आगामी 2024 के सभी चुनावों पर भी मंथन हुआ। मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

# शहीद संदीप सिंह का बलिदान कभी बेकार नहीं जाएगा : माना पाठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के चरक कला गांव निवासी शहीद संदीप सिंह के द्वितीय शहादत दिवस के मौके पर आज सोमवार को उनके चित्र पर जनहित मोर्चा के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं एक भेंट वार्ता में कहा कि वीर सपूत शहीद संदीप सिंह की बलिदान कभी बेकार नहीं जाएगा ऐसे वीरों की बलिदान को देश हमेशा याद रखेगा एवं उनके द्वारा किए गए कार्य को देशवासी हमेशा याद रखेंगे। वहीं दूसरी ओर टुंडी प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र अंतर्गत सर्रा गांव में एक सादे समारोह आयोजित कर टुंडी जैसे पिछड़े प्रखंड में भीषण ठंड का प्रकोप को देखते हुए बुजुर्गों, असहाय,वृद्धो के बीच सैकड़ो कंबलों का वितरण किया एवं आने वाले समय में बुजुर्गों के लिए जनहित मोर्चा कई तरह की उपहार लेकर आएगी ।

## एनएसयूआई विश्वविद्यालय कमेटी का किया गया गठन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को 19 दिसंबर को एनएसयूआई विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय कमेटी बनाई गई।एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी और झारखंड प्रदेश के प्रभारी प्रशांत तिवारी के द्वारा विश्वविद्यालय कमेटी का गठन किया गया। विश्वविद्यालय कमेटी में उत्तम कुमार को अध्यक्ष का दायित्व दिया गया तथा अंकित कुमार को कार्यकारी अध्यक्ष का, उपाध्यक्ष में नवाजिश अफजल को जिम्मेदारी दी गई। महासचिव के पद पर महताब आलम और मोहित कुमार और मनीष झा को जिम्मेदारी दी गई। सचिव के पद पर जयप्रकाश यादव को जिम्मेदारी दी गई। कार्यकारिणी सदस्य के तौर पर साक्षी कुमारी,शिवांगी कुमारी को जिम्मेदारी दी गई । नवनियुक्त पदाधिकारी को विश्वविद्यालय परिसर में संगठन के द्वारा पुष्पगुछ देकर तथा माला पहनाकर सम्मानित किया गया तथा विश्वविद्यालय के कुलपति पवन पोद्दार, रजिस्टर कौशल कुमार, परीक्षा नियंत्रक सुमन बरनवाल, केमिस्ट्री के प्रोफेसर धर्मेंद्र कुमार सिंह समेत अन्य वरीय पदाधिकारी द्वारा मिठाई खिलाकर नई कमेटी का स्वागत किया गया ।

## खुशखबरी : धनबाद और एर्नाकुलम के बीच अनारक्षित स्पेशल ट्रेन 21 दिसंबर से, साधारण श्रेणी के होंगे 22 कोच

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रेलवे ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उनके सुगम आवागमन के मद्देनजर काटपाडी, विजयवाड़ा, राजामुंदरी, रायगड, सम्बलपुर, राउरकेला, हटिया के रास्ते धनबाद और एरणाकुलम के बीच एक अनारक्षित स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है. इस ट्रेन के परिचालन से इस रूट के यात्रियों को काफी सहूलियत होगी. रेलवे ने धनबाद और एर्नाकुलम के बीच गाड़ी संख्या 06077/06078 एर्नाकुलम-धनबाद-एर्नाकुलम के परिचालन का निर्णय लिया है. गाड़ी सं. 06078 धनबाद-एरणाकुलम अनारक्षित स्पेशल धनबाद से दिनांक 21 एवं 28 दिसंबर (गुरुवार) को 23.55 बजे खुलकर रविवार को 02.30 बजे एरणाकुलम पहुंचेगी. वहीं, वापसी में गाड़ी सं. 06077 एर्नाकुलम-धनबाद अनारक्षित स्पेशल एर्नाकुलम से दिनांक 25 दिसंबर(सोमवार) को 07.15



बजे खुलकर बुधवार को 07.30 बजे धनबाद पहुंचेगी. इस स्पेशल ट्रेन में साधारण श्रेणी के 22 कोच होंगे. इससे गरीब तबके के लोगों का सफर करना आसान हो जाएगा।

**संक्षिप्त खबरें**

### केंद्र की योजना घर घर पहुंचाएं : रामप्रसाद राम

**सिमडेगा :** मंडल शक्ति करण अभियान विकसित भारत अभियान कार्यक्रम किया गया प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा कोनपला मण्डल में प्रवासी अलोक श्रीवास्तव एवं द्वारा मण्डल सशक्ति करण अभियान, विकसित भारत अभियान कार्यक्रम किया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में आम ग्रामीणों को जानकारी दिया गया। नमो एप के बारे में आलोक श्रीवास्तव जानकारी दिया गया। प्रभारी विजय महतो विवेक श्रीवास्तव के अध्यक्ष द्वारा आज मंडल सशक्तिकरण के कार्यक्रम को लेकर कोणपला मंडल के कार्यकर्ताओं से मिले एवं पार्टी द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों का जायजा भी लिया। इस कार्यक्रम में वह मंडल प्रवासी प्रभारी के रूप में शिरकत किए। कार्यक्रम के दौरान वहां के मंडल निवासियों से हुए रूबरू हुए तथा उनसे झारखंड की वर्तमान राजनीतिक गलियारों की चर्चा भी की। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार केवल सनातन विरोधी मुद्दों ही पर कार्य करती है। भारतीय संस्कृति को धूमिल करने के लिए आए दिन इस सरकार द्वारा न जाने कितने तुगलकी फरमान सुना गए हैं। झारखंड सरकार की इस प्रकार की कार्य प्रणाली देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि वह लोकतंत्र, पंथनिरपेक्ष एवं समाजवाद की परिभाषा भूल चुकी है। कई बार बड़े-बड़े मंचों से खोखली लोकप्रियता हासिल करने की कोशिश की। इस सरकार में झारखंड, अराजकता एवं अव्यवस्थित प्रशासनिक व्यवस्था की गिरफ्त में आ चुका है। झारखंड राज्य में फिर से खुशहाली केवल मोदी की गारंटी ही ला सकती है।

# हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत देश को 2047 तक आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने को ले बीडीओ ने दिलाई शपथ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 19 दिसंबर मंगलवार को प्रखंड के गजनी एवं कैरो मे हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने उपस्थित लोगों को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम शपथ लेते हैं कि, भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकेंगे, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे। भारत की एकता को सुदृढ़ करेंगे, और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे व नागरिक होने का कर्तब्य निभायेंगे। उक्त कार्यक्रम मे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लाईव प्रसारण ओबी वैन के माध्यम से उपस्थित लोगों को सुनाया व दिखाया जा रहा था, वही कार्यक्रम मे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भण्डरा,[ जिला यक्षमा केंद्र लोहरदगा, पहलू गैस एजेन्सी के द्वारा ई-केवाईसी, एवं जेएसएलपीएस के दीदी के द्वारा स्टाल लगाये गये थे। उक्त कार्यक्रम मे गजनी ग्राम निवासी ने अपने हार्ट बीमारी का ईलाज आयुष्मान कार्ड से कराने पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट किया, स्वच्छ बनाने को लेकर स्वच्छता दिदियो ने गीत गा कर स्वच्छ भारत बनाने हेतू लोगो को प्रेरित किया। कार्यक्रम मे जैविक खाद से खेती करने के फायदे के विषय मे भी कृषि विभाग की तरफ से बताया गया वही मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत स्वयं सहायता समूह के दिदियो ने अपने अपने ग्रुप के आमदनी व विकास की कहानी व सरकार से मिलने वाली सहायता के बिषय मे बताई। कार्यक्रम मे गजनी मुखिया सुमन उराँव की कार्य मे 90त्नउपलब्धि पर प्रविपदा0 के द्वारा सम्मानित भी किया गया। मौके पर हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम मे प्रविपदा0 पवन कुमार महतो, चिकित्सा पदाधिकारी सुनामी होरो, डा0 राकेश कुमार, अंचल निरीक्षक अनंत शयनम विश्वकर्मा, जेएसएलपीएस बीटीएम बिनिता तिर्की, पंचायत सचिव दुर्गा प्रसाद, गुहा भगत, मुखिया सुमन उराँव, वीरेंद्र महली, श्रवण मुंडा, रोजगार सेवक हिफ्फ्जुर रहमान, नन्दा भगत, संजीव कुमार, अमित कुमार, खालिक अंसारी, भाजपा के सुरज मोहन साहू, नजीर आलम खान, विशेश्वर प्रसाद दीन, कैलाश महतो, बिपिन सिंह, मनोज साहू, इत्यादि गजनी एवं कैरो मे प्रखंड एवं अंचल के कर्मी उपस्थित थे।



## सभी 10+2 स्कूलों में हो खड़िया भाषा की पढ़ाई : विधायक भूषण बाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने शीतकालीन सत्र में जिले के प्लस टू स्कूलों में खड़िया भाषा की पढ़ाई शुरू कराने की मांग की है। विधायक ने कहा कि जिले में 13 प्लस टू स्कूल है। जहां खड़िया जनजातीय समुदाय के बच्चों की संख्या भी बहुत है। पर अब तक एक भी प्लस टू स्कूल में खड़िया भाषा की पढ़ाई शुरू नहीं हुई। साथ ही स्कूलों में खड़िया भाषा के शिक्षकों का पद का भी सृजन नहीं किया गया। इससे खड़िया समुदाय के बच्चे अपने ही भाषा से वंचित हो रहे हैं। विधायक ने कहा कि जल्द प्लस टू स्कूलों में खड़िया भाषा के लिए शिक्षकों का पद सृजित कर शिक्षक बहाली करे। साथ ही खड़िया भाषा की पढ़ाई जिले के सभी 10+2 स्कूलों में शुरू कराया जाय। *खड़िया समुदाय के सदस्यों ने विधायक से की थी खड़िया भाषा की पढ़ाई शुरू करवाने की मांग* विधायक भूषण बाड़ा ने बताया कि इस सम्बंध में खड़िया समुदाय के लोगों ने उसे एक ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन में 10+2 स्कूलों में क्षेत्रीय भाषा एवं जनजातीय भाषा खड़िया शिक्षकों का पद सृजन कराने की मांग की थी। खड़िया समाज के सदस्यों ने बताया था कि जिले के प्लस टू स्कूलों में खड़िया भाषा की पढ़ाई शुरू नहीं हो पाई है। जिससे खड़िया भाषा का अस्तित्व पर संकट उतपन्न हो गया। इसके बाद उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए खड़िया भाषा की पढ़ाई शुरू कराने की मांग की है। विधायक ने कहा कि जनजातीय भाषा की रक्षा करना जरूरी है।

## भाजपा द्वारा विधानसभा में प्रदर्शन कर कार्यबाधित करना न्याय संगत नहीं : आलोक साहू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य सह खिजरी विधानसभा एलडीएम कोऑर्डिनेटर आलोक कुमार साहू ने कहा कि राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने उनके परिजनों के कंपनी से मिले राशि के संदर्भ में अपनी प्रतिक्रिया में कहा था कि यह पैसा व्यक्तिगत रूप से मेरा नहीं है यह पैसा परिवार से संबंधित व्यवसाय का है और इस राशि का कांग्रेस पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है उनके बयान देने के बावजूद भी विगत दो दिनों से झारखंड विधानसभा में भाजपा के द्वारा धीरज साहू के मामले को लेकर प्रदर्शन कर विधानसभा बाधित करने का जो कार्य किया जा रहा है यह न्याय संगत नहीं है तथा भाजपा का यह कार्य निम्न स्तरीय है। भाजपा के इस कार्य का कांग्रेस पार्टी कड़े शब्दों में निंदा करती है। श्री साहू ने कहा कि भाजपा आयकर विभाग के छापेमारी को राजनीतिक रंग देकर धीरज साहू को व्यक्तिगत रूप से बदनाम करने की जो साजिश कर रही है वह कभी सफल नहीं होगा जबकि अभी तक आयकर विभाग ने यह नहीं बतलाया है कि छापामारी में कितनी राशि मिली है। भाजपा के इस कृत्य कार्यसे इस क्षेत्र की जनता भाजपा से काफी नाराज है क्योंकि इस क्षेत्र की जनता जानती है कि विगत 100 वर्षों से साहू परिवार का शराब का कारोबार है जो कैश में होता है। धीरज साहू के पिता स्वर्गीय बलदेव साहू स्वतंत्रता सेनानी थे। महादानवीर और समाजसेवी परिवार के रूप में इस परिवार की गिनती होती है। देश के आजादी के वक्त यह परिवार उस समय लाखों रुपया का दान दिए थे। 1966 के अकाल के समय भी भारत सरकार को इस परिवार ने सहयोग किया था।



## खान सुरक्षा निदेशालय चाईबासा के गठित दल करेंगे निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** 61 वां खान सुरक्षा सप्ताह को लेकर बगडू हिल बॉक्साइट माइन्स खनन क्षेत्र में तैयारियां जोरों पर है। खान सुरक्षा सप्ताह को लेकर खान प्रबंधक राजकुमार सिन्हा की अगुवाई में एक कमेटी का भी गठन किया गया है। झंडोत्तोलन उपरांत खान प्रबंधक राजकुमार सिन्हा ने कहा है की एक्सठवा सुरक्षा सप्ताह की तैयारी पूर्ण हो चुकी है सुरक्षा सप्ताह के लिए जन जागरूकता अभियान चलाई जा रही है। ताकि खनन कर्मियों में जागरूकता बढ़े। साथ ही साथ खान कर्मियों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर तथा सुरक्षा के प्रति लोगों को प्रेरित कर माइंस सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। मौके पर सर्वसम्मति से अध्यक्ष राजकुमार सिन्हा, गौरीशंकर प्रसाद, सुनील चौधरी को सचिव, गिरिराज चित्तौड़ा व बुधुवा उरांव को संयुक्त सचिव, अभिनव ठाकुर को परिवहन व्यवस्था, प्रचार प्रसार के लिए भास्कर सिन्हा एवं रानी कुमारी, पूरे कार्यक्रम के लिए कॉर्डिनेटर के प्रभार के रूप में राज कुमार सिन्हा व सुनील चौधरी होंगे। कार्यकारिणी में अनिल सिंह ओम प्रकाश वर्मा, अरविंद सिंह, प्रयत्न बड़ा पंडा, अबीर चक्रवर्ती, अजय कुमार ठाकुर, विकाश गुप्ता, अभिनित कुमार, करमा उरांव, आशीष कुमार, मनोज द्विवेदी, निताई डंडापात, डॉ. आलोक मिश्रा, श्याम सुंदर, अनामिका दास, अंबर सिंह, फिरोज अंसारी, रूपक दूबे आदि शामिल हैं। खान सुरक्षा सप्ताह के दौरान खान सुरक्षा निदेशालय- चाईबासा के गठित निरीक्षक दल के द्वारा बगडू खनन क्षेत्र में किया जा रहे कार्यों का एवं खान सुरक्षा संबंधी बारीकियों से अवगत होंगे।



## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन आज मंगलवार को सदर प्रखंड के जुरिया पंचायत, कुडू प्रखंड मुख्यालय और पेशरार प्रखंड के रोरद पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों द्वारा आमजनों को अबुआ आवास योजना, गुरूजी स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, जाति/ आय/ आवासीय/ दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, राजस्व के जुड़े मामले जैसे म्युटेशन, लगान रसीद तथा ऑनलाईन रिकॉर्ड में सुधार करने से संबंधित मामले, आयुष्मान कार्ड, 15 वें वित्त, जनजातीय कल्याण, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी गयी। साथ ही लोगों से सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गयी। कार्यक्रम में सरकार की सभी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये गये। अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, आधार सेवा केंद्र, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, बिजली विभाग, नागरिक सहायता केंद्र, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कल्याण विभाग, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के स्टॉल में ग्रामीणों द्वारा योजनाओं की जानकारी ली गई एवं अहर्ताधारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन समर्पित किया गया।

## विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रांतीय कला संगम में सम्मिलित हुए प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में प्रांतीय कला संगम में सम्मिलित हुए प्रतिभागियों को समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। प्रांतीय कला संगम उत्सव सरस्वती विद्या मंदिर राजकमल धनबाद में आयोजित हुआ था। किशोर वर्ग बहनों में मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता में आकांक्षा पांडे ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में अनिमा कुमारी और अंजली कुमारी ने भाग लिया था, इनकी सहभागिता भी काफी सराहनीय रही। सभी विजेता प्रतिभागियों और संरक्षक आचार्या कविता कुमारी को प्राचार्य उत्तम मुखर्जी के द्वारा प्रमाण पत्र और पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा कि हमें अगर जीवन में लक्ष्य प्राप्त करना है तो परिश्रम की निरंतर बनाए रखकर सुधार का सबक सीखना होगा और आगे बढ़ना होगा। कार्यक्रम में शिक्षक- शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## छात्र संघ का चुनाव शीघ्र हो : अखिल भारतीय छात्र संघ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अखिल भारतीय छात्र संघ (आजसू) के अध्यक्ष आयुष कुमार मेहता ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति को मांग पत्र सौंप कर छात्र संघ के चुनाव जल्द कराने की मांग की है। लोहरदगा बीएस कॉलेज पहुंचे कुलपति जी का स्वागत करने के पश्चात ज्ञापन सौंपते हुए आजसू छात्र संघ ने मांग की है कि पिछले लगभग 5 वर्षों से छात्र संघ का चुनाव नहीं हुआ है, इसलिए इस शैक्षणिक सत्र में छात्र संघ का चुनाव कराया जाए। इसके अलावा लोहरदगा बलदेव साहू महाविद्यालय में चाहरदीवारी का निर्माण कार्य शुरू कराया जाए एवं बलदेव साहू महाविद्यालय से महिला कॉलेज बरही तक बस सेवा की व्यवस्था की जाए। इस मौके पर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत सिंह एवं विद्यालय के प्राचार्य शिवप्रसाद गुप्ता, प्रोफेसर शशि गुप्ता के अलावा लोहरदगा आजसू छात्र संघ के अध्यक्ष आयुष मेहत, सचिव आकाश मेहता, छात्र संघ मीडिया प्रवक्ता सोनू राज, नगर सचिव राजन मेहता, विनय कुमार, अंकित कुमार आदि उपस्थित थे।



## विधिक जागरूकता शिविर सह कम्बल वितरण का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झालसा रांची के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल के मार्गदर्शन में एवं जिला प्रशासन लोहरदगा के समन्वय से आज हरमू हादरा टोली में विधिक जागरूकता शिविर सह कम्बल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डालासा सचिव राजेश कुमार, पीएलवी अजहर एवं रोहित तमेड़ा उपस्थित रहे। हरमू हादरा टोली स्थित आदिवासी जनजातीय वृद्ध, दिव्यांग जनों एवं महिलाओं के बीच कंबल वितरण के पश्चात विधि जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जनजातिय कानून एवं अधिकारों की चर्चा की गई। साथ ही साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यो से लोगों को अवगत कराया गया। आज परती उरांव, मंगरो उरांव, गांदो उरांव, पुसंगी उरांव, लखन उरांव, दिव्यांग मुनिया उरांव, सीता उरांव, मसेमर ओराइन, झरियो उरांव, चमरा उरांव, बुधनी उरांव, मोनिका उरांव,बुधु टाना भगत सहित 25 से ज्यादा लागों के बीच कंबल वितरण किया गया और लोगों को जागरूक किया गया।

## एक बार फिर दिखा हाथियों का तांडव, गरीबो के उजड़े आशियाने

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ठेठईटांगर प्रखंड के जोराम पंचायत अंतर्गत पतराटोली गांव में बीती रात्रि 18-19 की संख्या में हाथियों का झुंड कृष्ण कुमार राय के घर तक पहुंचा एवं घर को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त करते हुए घर में रखे गेहूं, चावल, दाल को खो गए साथ ही दीवार गिरने से घर के अंदर रखे सामान जैसे कुर्सी, टेबल, बर्तन इत्यादि सब दब गए इससे उनका भारी नुकसान हुआ, गनीमत हुई कि परिवार के सभी सदस्य समय रहते घर से बाहर निकल गए, जिससे किसी प्रकार का बड़ा हादसा होने से बचगया, सुबह जानकारी मिलते ही प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज घटनास्थल पर पहुंचे एवं पीड़ित परिवार से मिलकर उनको हर संभव मदद देने का बात कही, सरकार के द्वारा मिलने वाली मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया, तत्काल उन्हें जोराम मुखिया प्रितम कंडुलना के द्वारा सुख राशन प्रदान किया गया जिससे कि उनका कुछ दिन खाने-पीने में दिक्कत ना हो, साथ ही प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने वन क्षेत्र पदाधिकारी को फोन के माध्यम से इसकी सूचना दी एवं हाथी भागने की आवश्यक सामग्री एवं फॉरेस्ट विभाग के कर्मी के देखरेख में ही हाथी को भगाने की बातें कही जिससे कि किसी को और ज्यादा नुकसान न पहुंच सके।



## शिरिंग डोलमा ने मठ मंदिर में दर्शन कर प्रवास कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा निर्धारित प्रवास कार्यक्रम के तहत अरुणाचल प्रदेश महिला मोर्चा के उपाध्यक्ष शिरिंग डोलमा का प्रवास लोहरदगा जिला में निर्धारित हुआ इसके तहत पहला कार्यक्रम के अनुसार जिले में प्रवेश करते हुए किसी मठ मंदिर में दर्शन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करना है इसके तहत बाबा भोलेनाथ अखिलेश्वर मंदिर का दर्शन कर लोहरदगा जिला के विभिन्न प्रखंड में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। आज के इस मंदिर दर्शनाम कार्यक्रम के बाद डोलमा जी ने कहा कि बाबा अखिलेश्वर नाथ का दर्शन कर मैं धन्य हो गई। बाबा भोलेनाथ का दरबार बहुत ही रमणीय स्थल है। मैं बाबा भोलेनाथ का भक्त हूं भगवान भोलेनाथ हमारे देशवासियों और हम सभी का मनोकामना पूर्ण करें। आने वाले समय में फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार केंद्र में सरकार बने और उसके प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी बने यही हम लोगों की बाबा भोलेनाथ से कामना है। मौके पर सिरिंग डोलमा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अरुणाचल प्रदेश,जय श्री देवी महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष झारखंड, कलावती देवी जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, सामेला भगत उपाध्यक्ष भाजपा, बालकृष्ण सिंह जिला महामंत्री भाजपा उपस्थित थे।



# केरसई के टेंसर पश्चिमी में हुआ आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** केरसई प्रखंड के टेंसेर पश्चिमी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज अंचल अधिकारी बलिराम माझी सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता मुखिया इमानुएल तिर्की उपमुखिया खुश्बू देवी मंडल अध्यक्ष मानकीलाल उपस्थित होकर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाया गया था जहां प्रशासन के द्वारा निर्धारित विभिन्न विभागों के माध्यम से परिसंपत्तियों का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया। जहां फरियादी अपनी समस्या एवं जरूरत से संबंधित आवेदन देकर समाधान कर रहे थे प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीणों की जो भी समस्याएं हैं आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत समस्याएं विभिन्न स्टॉल पर रख सकते हैं संबंधित विभाग के द्वारा समस्याओं का निराकरण शीघ्र किया जाएगा। अंचल अधिकारी बलिराम माझी ने संबोधित करते हुए कहा की क्षेत्र की जो भी समस्याएं हैं आप अपनी समस्याओं का निराकरण इस कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न विभागों के स्टॉल पर कर सकते हैं सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने केंद्र सरकार के विश्वकर्म योजना के बारे में बताते हुए कहा की बढ़ाई नाव निर्माता लोहार टूलकिट निर्माता सोनार ताला निर्माता कुम्हार मूर्तिकार नाई मालाकार दर्जी जाल बनाने वाला राजमिस्त्री सहित 18 प्रकार के पारंपरिक व्यापार करने वाले समुदाय विश्वकर्म योजना का लाभ ले सकते हैं इसके लिए 10 जनवरी तक प्रज्ञा केंद्र में जाकर पंजीयन कारण 15 दिन का प्रशिक्षण होगा जिसमें लोगों को प्रशिक्षण की अवधि में 500 प्रतिदिन मिलेंगे उसके बाद 15000 रुपए औजार खरीदने के लिए मिलेंगे और 100000 का ऋ ण प्रदान किया जाएगा इसका लाभ संबंधित जनता जरूर उठाएं मंडल अध्यक्ष मानकीलाल ने भी केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की अनेक योजनाओं का लाभ उठाने का आवाहन ग्रामीणों से किया मौके पर प्रखंड प्रखंड कर्मी पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे ।



## अभय सिंह की अध्यक्षता में गुमला ट्रक ओनर एसोसिएशन की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन की एक बैठक लोहरदगा पतरा टोली बिजली ऑफिस के समीप एसोसिएशन के सहसचिव अभय सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से बंद चल रही अमतीपानी माइंस के संबंध में बताया गया कि अमतीपानी इस माह अंतिम में शुरू हो जाएगी और कुजाम की स्थिति जो कि खराब चल रही है वह भी जनवरी माह से सुधर जाएगी एवं विमरला का ट्रिप इसी सप्ताह से बढ़ाया जाएगा। इस संबंध में कंपनी से वार्ता हो चुकी है। दूसरी ओर एसोसिएशन के संरक्षक सह राज्यसभा सांसद माननीय धीरज प्रसाद साहू के खिलाफ जो उनको बदनाम करने की साजिश चल रही है, उसकी लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन कड़ी शब्दों में निंदा करती है और सभी ट्रक मालिकों ने एक स्वर से कहा कि जब माननीय सांसद ने स्वयं कह दिया कि यह रुपया मेरे और मेरे परिवार के लोगों की कंपनियों का है,तो फिर किसी पर उंगली उठाना कहीं से वाजिब नहीं है। दूसरी बात लोहरदगा की एक-एक जनता जानती है कि वह पुराने रईस खानदान से आते हैं और सैकड़ो वर्षो से उनका बडा व्यवसाय चल रहा है और जितनी राशि पकड़ने की बात की जा रही है,उससे ज्यादा राशि की जमीन ज्यादात व अन्य चीजों में यह दान दे चुके होगे और चाहे किसी भी राजनीतिक दल के लोग हो या आम जनता हो या व्यावसायिक संगठन हो उसके लिए हमेशा श्री धीरज प्रसाद साहू और उनके परिवार के द्वारा सहयोग किया गया है और बिना किसी भेदभाव के यह परिवार सहजता से उपलब्ध रहता है। आज की बैठक में मुख्य रूप से एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विनोद सिंह, सह सचिव अभय सिंह, मोहम्मद रहमत अंसारी, आफताब आलम गुड्डू, मोहम्मद बबलू, मो.गुड्डू, फिरोज राही, मनोज गुप्ता, जतरू मुंडा, मो.अमानुल्लाह, राजेश शर्मा, बरज सिंह, संजीव शर्मा, एन कुजूर, इनामुल अंसारी, शकील अंसारी, महबूब अंसारी, मोहम्मद राजू, तारकेश्वर महतो, खुर्शीद अंसारी, मोकिम खान, नफीर अंसारी, असीम अंसारी, जसीम अंसारी, नईम अँसारी एवं झारखंड ट्रक ओनर एसोसिएशन विमरला के अध्यक्ष विनोद राम बिन्नू सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकारणी सदस्य उपस्थित थे। बैठक शुरू होने से पूर्व पिछले दिनों ट्रक मालिक वासुदेव महतो के आकस्मिक निधन एवं ट्रक मालिक भुनेश्वर नायक की पत्नी इंदु देवी के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



## चलते चलते एक नजर

### ध्वनिमत से 8111.77 करोड़ का द्वितीय अनुपूरक बजट पारित

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन पक्ष- विपक्ष दोनों ओर से विधायकों ने आरोप-प्रत्यारोप लगाया। हंगामा करते हुए विधायक वेल में चले गए और प्रश्नकाल को बाधित किया। इसके बाद सदन को स्थगित कर दिया गया। दोबारा शुरू हुए सत्र में ध्वनिमत से 8111.77 करोड़ का द्वितीय अनुपूरक बजट पारित हो गया। इस दौरान भाजपा विधायक सदन में अनुपस्थित थे। अनुपूरक बजट की जरूरतों को वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने सदन में रखा। बताया कि लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए इसकी अनिवार्यता है। अभी झारखंड उन राज्यों में है जिसने राजकोषीय घाटा कम करने में सफलता हासिल की है। सरकार हर बेघर को आवास देने को अबुआ आवास स्कीम लेकर आयी है। बच्चियों के लिए सावित्री बाई फुले योजना उपयोगी साबित हो रही है। महिलाओं, लड़कियों की सामाजिक स्थिति से भी किसी समाज की पहचान होती है।

### शरीर के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण एवं बच्चों में आत्मविश्वास विषय पर कार्यशाला आयोजित

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** राज्य शिक्षा परियोजना परिषद एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला का मंगलवार को समापन हो गया। डव समर्थित जीवन कौशल, अपने शरीर के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण एवं बच्चों में आत्मविश्वास विषय पर आधारित इस राज्यस्तरीय कार्यशाला के दूसरे दिन आज सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने प्रेजेंटेशन प्रस्तुत कर अनुभव साझा किये। इसके अलावा कस्तूरबा विद्यालयों की बच्चियों द्वारा लिंग भेद, जीवन कौशल समेत अन्य विषयों पर नाटक पेश किया गया। बच्चियों ने अपने प्रस्तुतियों में बताया कि पितृ सत्तात्मक समाज में अपने आत्म-सम्मान के साथ-साथ एक सकारात्मक शारीरिक आत्मविश्वास का निर्माण कैसे किया जाए। कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने शारीरिक बनावट से संबंधित रूढ़िवादिता को चुनौती देने और किशोरों को सक्षम बनाने के लिए इस तरह की कार्यशाला के निरंतर आयोजन पर जोर दिया। साथ ही यूनिसेफ और राज्य शिक्षा परियोजना का आभार भी व्यक्त किया। कार्यशाला में राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, यूनिसेफ की राज्य पदाधिकारी कनीनिका मित्रा, यूनिसेफ की राज्य पदाधिकारी लक्ष्मी रंजन, यूनिसेफ की एजुकेशन स्पेशलिस्ट पारुल शर्मा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी अभिनव कुमार, यूनिसेफ के पदाधिकारी संजीव कुमार, पल्लवी आदि पदाधिकारियों ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया।

### उपायुक्त ने की जिला शिक्षा स्थापना की बैठक

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** उपायुक्त और जिला शिक्षक स्थापना समिति अध्यक्ष राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को समाहरणालय में जिला शिक्षा स्थापना (माध्यमिक प्रक्षेत्र) की बैठक की। बैठक के दौरान कई निर्णय लिये गये। इनमें संस्कृत विषय से सम्बंधित अभ्यर्थी की नियुक्ति के सम्बन्ध में कुल एक अभ्यर्थी को नियुक्त करने की सहमति प्रदान की गई। साथ ही उपायुक्त ने जो शिक्षक अहर्ता पूर्ण करते है, वैसे शिक्षकों को प्रवरण वेतनमान देने का निर्देश दिया । इसके अलावा शिक्षक स्थानान्तरण पोर्टल के माध्यम से प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों पर भी विचार विर्मश किया गया। पति-पत्नी के मामले में अंतर जिला स्थानान्तरण करने का निर्णय समिति के जरिये लिया गया।

# भाजपा विधायकों ने राज्यपाल से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा सत्र के दौरान भाजपा के तीन विधायकों जय प्रकाश पटेल,भानू प्रताप शाही और विरंची नारायण को सदन में बेल में जाने पर विधानसभा अध्यक्ष ने निलंबित कर दिया । इसके बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में राज्यपाल से मिले और वस्तुस्थिति से अवगत कराया। भाजपा विधायकों ने कहा कि हेमंत सरकार की 4 वर्षो की नाकामियों,वादा खिलाफी ने आम जनता,युवा,महिला,किसान, दलित,आदिवासी सभी वर्गों को आंदोलन केलिए मजबूर किया है। राज्य की जनता न सिर्फ सड़क ,बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का संकट झेल रही बल्कि भय और आतंक में भी जी रही है। दिन, हत्या , लूट, अपहरण, बलात्कार, चोरी,डकैती की घटनाएं अखबारों की सुर्खियां बनी हुई हैं। अपराधियों का मनोबल इस कदर बढ़ा है कि वे जेल में भी हत्या करने में सफल हो रहे हैं। सरकार व्यापारियों को मांगने पर भी सुरक्षा उपलब्ध नहीं करा रही,उनकी हत्या हो जा रही। पुलिसकर्मी भी सुरक्षित नहीं हैं।

सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार ने रिकॉर्ड बनाया है। खान , खनिज, बालू, पत्थर ,जमीन की लूट के साथ अब तो आजाद भारत के सबसे बड़े कैश कांड का गवाह झारखंड बन गया। सत्ताधारी गठबंधन के कारनामों ने राज्य को कलंकित और शर्मशार किया है।ध्वस्त विधि व्यवस्था, आकंठ भ्रष्टाचार के कारनामों के बीच राज्य में संवैधानिक संकट की स्थिति बन गई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री पर भ्रष्टाचार के संरक्षण और संवर्धन के गंभीर आरोप लग रहे हैं। राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ ईडी की कार्रवाई में स्वयं मुख्यमंत्री घिरे हैं। राज्य के कई वरिष्ठ आईएएस अधिकारी जेल में बंद हैं। मौके पर बाबूलाल मरांडी,प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री, अमर कुमार बाउरी नेता विधायक दल,नेता प्रतिपक्ष सहित विधायक सीपी सिंह, बिरंची नारायण,जेपी पटेल,नवीन जायसवाल,अनंत कुमार ओझा,कोचे मुंडा,केदार हाजरा,भानु प्रताप शाही, , नीरा यादव, राज सिन्हा, नारायण दास , अमित मंडल, ढुल्लू महतो , आलोक चौरसिया, मनीष जायसवाल, समरी लाल, अपर्णा सेनगुप्ता, शशि भूषण मेहता, किशुन कुमार दास,पुष्पा देवी।

### श्रीराम जन्मभूमि पूजित अक्षत को लेकर बसंत बिहार में निकाला गया शोभा यात्रा

**रांची** : विश्व हिंदू परिषद अगाशे नगर में श्री अयोध्याधाम राम जन्मभूमि पूजित अक्षर को लेकर भ्रमण किया गया । महर्षी नगर मंदिर से बसंत विहार मंदिर में अक्षत लाया गया। इस मौके पर क्षेत्र के सभी श्रद्धालु इस शोभायात्रा अपने शीश में अक्षत कलश को लेकर मन्दिर पहुंचे। मन्दिर में आरती और प्रसाद वितरण किया गया।इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोगों के अलावा क्षेत्र के सभी लोग शामिल हुए। मन्दिर कमिटी से बी.एन सिंह, एन के पाठक, प्रभात रंजन सिंह, सत्य नारायण सिंह, एवं नगर के लोग मुख्य रुप से उपस्थित थे।

## झारखंड जनक्रांति मोर्चा जोरावर ने किया संविधान बचाओ मोर्चा का समर्थन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** नीलांबर-पीतांबर एवं राजा मेदीनी राय के अस्तित्व को बचाने के लिए संविधान बचाओ मोर्चा द्वारा लगातार धरना प्रदर्शन किया गया और किया जा रहा है। मोर्चा के द्वारा समाहरणालय परिसर में राजा मेदीनी राय एवं नीलांबर पीतांबर का प्रतिमा मोर्चा के द्वारा लगाया गया था। जिसमें लिखित रूप से परमिशन अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा दिया गया था। इसके बावजूद रातों-रात बुलडोजर लगाकर तीनों प्रतिभाओं को ध्वस्त कर समाहरणालय परिसर से हटा दिया गया। जिससे कई पार्टियों एवं मोर्चा को जबरदस्त आघात लगा। अनुमंडल पदाधिकारी के खिलाफ चल रहे संविधान बचाओ मोर्चा का नेतृत्व करने वाले नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को झारखंड जनक्रांति मोर्चा जोरावर के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने संविधान बचाओ मोर्चा को जन समर्थन देकर यह कहा कि झारखंड में आदिवासियों की सरकार चल रही है। जिसमें स्वयं मुख्यमंत्री एक आदिवासी हैं और आदिवासियों के विरासत को समाप्त मनुवादी अधिकारी कर रहे हैं। यह सरासर गलत है। मुख्यमंत्री को तवरीत कार्रवाई करते हुए जांच कर उक्त स्थल पर तीनों प्रतिमाओं को सरकारी स्तर पर लगाने की व्यवस्था सरकार की ओर से हो। यह मांग झारखंड जनक्रांति मोर्चा (ज) के नेताओं ने किया। जब तक प्रतिमाएं अपनी स्थल पर नहीं लगाई जाएगी तब तक पार्टी का कोई भी कार्यकर्ता चैन से नही बैठेगा। समर्थन करने वाले नेताओं में राकेश पासवान राष्ट्रीय अध्यक्ष,कृष्ण कुमार चौधरी महासचिव सह प्रवक्ता, ललन कुमार बर्मा प्रवक्ता, रंभा देवी महिला जिला अध्यक्ष पलामू, अश्विनी कुमार सिन्हा नगर अध्यक्ष मुख्य रूप से हैं।


## ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में संपन्न हुआ वार्षिक खेल दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज का वार्षिक खेल दिवस 15 दिसंबर 19 दिसंबर तक धूमधाम के साथ मनाया गया। छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता एवं खेल स्पर्धाएं सम्पन हुई। इस दौरान क्रिकेट, बैडमिंटन, कबड्डी, मैराथन दौड़, लम्बी कूद, कैरम जैसे खेलों का आयोजन किया गया। क्रिकेट में प्रथम स्थान बीएड सेकंड सैमेस्टर की छात्रा नेहा लवली की टीम ने प्राप्त किया। उपविजेता रही बीएड फर्स्ट सेमेस्टर की छात्रा अंजली कुमारी की टीम। इसी तरह 200 मीटर की दौड़ में फर्स्ट सुमित्रा, सेकंड सविता एंड थर्ड रंजीता रही। लम्बी कूद में फर्स्ट अंजिता, सेकंड मोहिनी व थर्ड रही श्वेता।बैडमिंटन में फर्स्ट साक्षी व सेकंड रही रंजनी कुमारी। कॉलेज में चार दिनों तक खेल स्पर्धा का आयोजन हुआ। इस दौरान यहां की छात्राओं ने जमकर खेल का लुत्फ उठाया। बता दें कि पलामू प्रमंडल में ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज महिलाओं के लिए एकमात्र कॉलेज है। इस कॉलेज में महिलाओं के लिए सभी आधारभूत संरचना प्राप्त है। कॉलेज प्रबंधन छात्राओं की सुरक्षा व शिक्षा का पूरा ख्याल रखता है। यही कारण है कि ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज महिलाओं की पहली पसंद है।

## भवनाथपुर में मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर स्थापित करने को लेकर केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री से मिले सांसद वीडी राम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित वाणिज्य भवन में केन्द्रीय राज्यमंत्री, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय सोम प्रकाश से मुलाकात की। इस अवसर पर पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गढ़वा जिला के भवनाथपुर में सेल के 1180 हेक्टेयर भूमि पर केन्द्र सरकार का राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कॉरपोरेशन के तहत अमृतसर कोलकाता इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट का झारखंड राज्य में मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर स्थापित करने संबंधी बिषयों पर विस्तृत चर्चा की।

श्री राम ने कहा कि उक्त संबंध में बिक के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी एवं प्रबंध निदेशक भारत सरकार के द्वारा उपायुक्त गढ़वा को पत्र लिखकर उक्त भूमि पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना के संबंध में 6 बिन्दुओं पर प्रतिवेदन मांगा था। विदित है कि उपायुक्त गढ़वा ने उक्त बिन्दुओं पर झारखंड सरकार को प्रतिवेदन समर्पित कर दिया है।

उक्त स्थान पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना से झारखण्ड राज्य के आर्थिक ढांचे में परिवर्तन संभावित है एवं राज्य का संतुलित विकास में इसका बहुत बड़ा योगदान होगा एवं उद्योग के साथ-साथ बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार उपलब्ध हो पाएगा जिससे गढ़वा जिला अकांक्षी जिलों की सूची से बाहर निकल सकेगा एवं राज्य के अन्य विकसित जिलों की श्रेणी में आ खड़ा होगा। सांसद ने कहा कि झारखंड सरकार से बातचीत कर उक्त स्थान पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना हेतु अग्रतर कार्यवाई कराने की कृपा की जाय। साथ ही साथ यह भी आग्रह है कि राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कॉरपोरेशन लि0 की टीम भेजकर उक्त जमीन एवं बोकारो स्थित सेल की जमीन का कंपारेटिवेव इवेल्यूएशन भी करा लिया जाय। ताकि राज्य सरकार का बोकारो के पक्ष में जो झुकाव है उसके औचित्य/अनौचित्य पर निष्पक्ष निर्णय लिया जा सके। विदित है कि उक्त संबंध में राज्य के माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन को भी पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि भवनाथपुर में ही इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना की जाय। उल्लेखनीय है कि सेल के द्वारा जो भवनाथपुर में जमीन ऑफर की गयी है (1180 हेक्टेयर) वह बोकारो स्थित जमीन (करीब 700 हेक्टेयर) से कहीं ज्यादा है जो भविष्य में यदि इस ढ्रष्ट का विस्तार आवश्यक हो तो उसके लिए जमीन की उपलब्धता हो। साथ ही यह कहना अप्रासंगिक नहीं होगा कि गढ़वा जिला देश के 112 आकांक्षी जिलों में से एक है और आदरणीय प्रधानमंत्री जी का विचार है कि आकांक्षी जिलों में विकास का कार्य तेज गति से चले ताकि कि वे आकांक्षी जिलों की सूची से निकलकर विकसित जिलों की श्रेणी में आ खड़े हो।

### राज्य सरकार के खिलाफ भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन 21 को




**रांची :** प्रदेश भाजपा ने राज्य में व्याप्त सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार, ध्वस्त विधि व्यवस्था और संवैधानिक संकट के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर 21 दिसंबर को पार्टी ने सभी जिलों में हेमंत सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन का निर्णय लिया है। प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि सभी जिलों में हजारों की संख्या में आम जनता एवं भाजपा कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल होंगे। राज्यपाल के नाम उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौंप कर राज्य सरकार की बर्खास्तगी की मांग की जाएगी।

## सुदेश महतो ने गूंज महोत्सव में 75 उत्कृष्ट किसानों को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** गूंज महोत्सव का दूसरा दिन मंगलवार किसानों को समर्पित रहा। महोत्सव में विधानसभा क्षेत्र के उत्कृष्ट किसानों को गूंज परिवार के संरक्षक सह विधायक सुदेश कुमार महतो ने सम्मानित किया। इनमें प्रखंड के 75 उत्कृष्ट किसान सम्मानित किए गए। साथ ही 22 किसानों के बीच 18 लाख 26 हजार रुपये का केसीसी वितरण भी किया गया। इस दौरान कृषि मेला का आयोजन किया गया। इसमें किसानों ने अपने कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई। कृषि के क्षेत्र में एक अहम कदम उठाते हुए सिल्ली प्रखंड के झाबरी गांव को उन्नत कृषि विकास के लिए विभाग ने गोद लिया है जबकि प्रखंड के 25 किसानों को राज्य के बाहर कृषि उन्नति की जानकारी लेने के लिए परिभ्रमण के लिए चयनित किया गया। महोत्सव में प्रखंड के 45 पशु सखियों और 55 कृषक सखियों को सम्मानित किया गया। इन पशु सखियों ने बकरी, मुर्गी पालन में तथा कृषि सखिया को जैविक खाद, सब्जी नर्सरी लगाने में सराहनीय योगदान दिया है। परिसर में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें अलग-अलग गांवों से आए सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। कृषि वैज्ञानिक प्रदीप सरकार ने किसानों को जैविक खेती से बेहतर उत्पादन करने के तरीके बताए। स्थानीय प्रगतिशील किसान उमेश कोइरी ने भी जैविक खेती पर अपने अनुभव से किसानों को उत्पादन बढ़ाने की जानकारी दी। मौके पर सुदेश कुमार महतो ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में क्रांति और बदलाव की आवश्यकता है। आत्मनिर्भर किसान और आत्मनिर्भर झारखंड बनाने के लिए किसानों को तकनीकी रूप से प्रेरित करना और जोड़ना होगा। इसके साथ उनके लिए बाजार भी उपलब्ध कराना होगा। राज्य में उचित सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने के चलते किसान चाह कर भी अपनी आमदनी नहीं बड़ा पा रहे हैं। किसान जिन्होंने अपनी खेत छोड़ दिया है उन्हें वापस खेती की ओर लाना होगा। कार्यक्रम के दौरान जिला और पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा कृषि विभाग के अधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

## पर्यावरणविद कौशल किशोर का कार्य प्रशंसनीय : प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर बाजार पार्क में विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार,अंचलाधिकारी नित्यानंद प्रसाद, जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल व सीडीपीओ शीला कुमारी,ने संयुक्त रूप से थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम और केरल के नारियल का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पर्यावरणविद ने सभी लोगों को पर्यावरण धर्म की शपथ दिलाते हुए इस धर्म से जुड़ने का आह्वान किया। मुखिया पूनम जायसवाल व जिला पार्षद अमित व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने सभी अतिथियों को पर्यावरण वृक्ष मित्र स्मृति चिन्ह पर्यावरण धर्म के तहत अतिथियों को स्वागत में पौधा दिए और शॉल प्रदान कर सम्मानित किया। आईएएस रवि कुमार ने विश्व का पहला पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर और पार्क में लगाए गए 22 देश के दुर्लभ प्रजाति के पौधों का अवलोकन किया।उन्होंने कहा कि पिछड़ा हुआ क्षेत्र होने के बावजूद इस क्षेत्र में पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और उनके पुत्र सह छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल एवं पर्यावरण धर्मगुरु के धर्मपत्नी सह डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने इस पुनीत कार्य के लिए शुभकामनाएं दी। आईएएस रवि कुमार ने कहा कि इस पार्क में बहुत से दुर्लभ प्रजाति के पौधे लगे हैं जिसे आने वाले पीढ़ी को दर्शन का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि बहुत कम लोग ऐसे हैं जो अपने निजी खर्चो से मानव कल्याण के लिए उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण की आग बुझाने के लिए पिछले पांच दशक से कौशल जी पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करते आ रहे हैं। इसके लिए ये सभी लोग बधाई के पात्र हैं। वनरखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा है कि विश्व का पहला पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर व पार्क के दुर्लभ प्रजाति के पौधों का अवलोकन अबतक जिले व प्रखंड के सभी आलाधिकारी एवं राजनेता कर चुके हैं। सभी ने अवलोकन के पश्चात पर्यावरणविद के इस कार्य की सराहना की। मौके पर सुचित कुमार जायसवाल, उप मुखिया नगीना खातून, विवेक कुमार, आकाश कुमार, महेजर यादव, अरविंद कुमार, चंदन सिंहसमेत कई लोग उपस्थित थे।

### झारखंड में शीतलहर के कारण बढ़ी ठिठुरन, कांके सबसे ठंडी जगह

**रांची :** राज्य में शीतलहर के कारण ठिठुरन बढ़ रही है। तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। राज्य में अधिकतम तापमान में गिरावट से सुबह भी ठंड महसूस हो रही है। मौसम विभाग ने शीतलहर को लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है। आने वाले दो दिनों में तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। रांची से सटे कांके क्षेत्र का न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। तापमान फिर 0.5 डिग्री सेल्सियस गिर गया है। यह 18 दिसंबर को 3.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। हवा 4.2 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से चली। राजधानी का न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेसि. रिकॉर्ड किया गया। जमशेदपुर का न्यूनतम तापमान 11.6 और डालटनगंज का 8.6 डिग्री सेसि. रहा। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 22 से 25 दिसंबर तक राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाए रहेंगे।

# अंतर स्कूल क्रिकेट में सीपी मेमोरियल और स्कूल ब्राइट फ्यूचर विजयी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** रवि पाल के नाबाद शतक की बदौलत सीपी मेमोरियल स्कूल ने टेंडर हार्ट स्कूल को गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे हैं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन 56 रनों से पराजित किया। वहीं एक अन्य मैच में ब्राइट फ्यूचर स्कूल ने सेंट्रल स्कूल को 23 रनो से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। पहले मैच में सीपी मेमोरियल स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रवि पाल के 126 रन और बिपुल के नाबाद 45 रनो के सहयोग से एक विकेट के खोकर 218 रनो का विशाल स्कोर खड़ा किया। टेंडर हार्ट की ओर से मुकेश ने एक विकेट प्राप्त किया। 219 रनो के लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी टेंडर हर्ट की टीम हिमांशु के 30 और रुद्र के 27 रनो के सहयोग से निधारित ओवर में आठ विकेट खोकर 162 रन ही बना पाई। सीपी मेमोरियल की और से सत्यम ने दो विकेट प्राप्त किया। दूसरे मैच में स्कूल ब्राइट फ्यूचर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते होए यूनिश अंसारी के 80 रन की बदौलत 126 रनो का स्कोर खड़ा किया। सेंट्रल पब्लिक स्कूल की और से जिशान ने चार विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी सेंट्रल पब्लिक स्कूल मदरसा रोड की टीम ने फेजान राजा के 29 और बादशाह के 16 रन के सहयोग से 103 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सीपी मेमोरियल स्कूल के रवि पाल को और स्कूल ब्राइट फ्यूचर के यूनिस अंसारी को संघ के उपाध्यक्ष सुशील केशरी, उमेश सिंह ने प्रदान किया। प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष सह पर्यवेक्षक सुशील केशरी ने कहा कि आप लोगो ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया है। आप सभी लोग नियम का पालन करे । आदित्य बिड़ला के शिक्षक उमेश सिंह ने कहा की जो खिलाड़ी अपने फिटनेस और स्वस्थ शरीर को स्वस्थ रखेगा वही खिलाड़ी बेहतर कर सकता है। खेल हमें जीवन में बहुत कुछ सीखना है और हम सभी को मेंटली और फिजिकली स्ट्रांग बनता है। इस मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, प्रवीण मिश्रा, नवनीत, प्रिंस खान, मनीष, विशाल कुमार, आलोक आदित्य, धीरज, अभिषेक द्विवेदी, अमित उपाध्याय, अभिषेक कुमार आदि उपस्थित थे।